# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 14 अगस्त, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-178 ■ पृष्ठ-15 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# ईमानदारी, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ लोगों की करें सेवा : सीएम

## 70वीं बीपीएससी परीक्षा में सफल 2027 अभ्यर्थियों को सीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरूवार को बापू सभागार में बीपीएससी द्वारा आयोजित 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सफल 2,027 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उनके जीवन का ऐतिहासिक अवसर है। बड़ी संख्या में एक साथ नियुक्ति पत्र का वितरण एक नया रिकॉर्ड है।



अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि लोक सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा और जनकल्याण का मार्ग है। नवनियुक्त पदाधिकारियों के माध्यम से समाज के किसी न किसी व्यक्ति की उन्नति का रास्ता खुलेगा। उन्होंने कहा कि आपलोग जितने ईमानदार, समर्पित और संवेदनशील होकर कार्य करेंगे, बिहार उतनी ही तेजी से आगे बढ़ेगा। सीएम ने कहा कि वर्ष 2020 से 2025 के बीच 12 लाख सरकारी नौकरियां एवं 50 लाख रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं। वर्ष 2025 से 2030 तक 1 करोड़ नौजवानों के लिए नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सरकार युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार का बजट बढ़कर 3.47 लाख करोड़ रुपए का हो गया है। राज्य में शहरी विकास को गति देने के लिए 12 नई टाउनशिप विकसित की जाएगी, जिनमें बड़े पैमाने पर निवेश आएगा। विभिन्न क्षेत्रों में पीपीपी मॉडल को अपनाकर बिहार के सर्वांगीण विकास को नई गति दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में औद्योगीकरण को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। बिहार को स्टील हब बनाने के साथ-साथ सेमीकंडक्टर, न्यूक्लियर एनर्जी और फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन क्षेत्रों में निवेश से बिहार में रोजगार के व्यापक अवसर पैदा होंगे और राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करें।

### पटना में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का होगा निर्माण : सीएम

**पटना में भूमि खंडों के पुनर्विकास एवं निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक**

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में पटना में विभिन्न भूमि खंडों के पुनर्विकास एवं निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान पटना के सुनियोजित विकास, सरकारी भूमि के बेहतर उपयोग तथा आधुनिक आधारभूत संरचनाओं के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री ने आवश्यक दिशानिर्देश दिये। बैठक में नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनबीसीसी) द्वारा पटना में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। साथ ही बिहार म्यूजियम नेहरू पथ के सामने स्थित भूमि खंड, गर्दनीबाग स्थित भूमि खंड, भूतनाथ सेक्टर 6 स्थित भूमि खंड, बोरिंग कैनाल रोड स्थित भूमि खंड के पुनर्विकास हेतु भी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। समीक्षा के दौरान सीएम ने कहा कि पटना को आधुनिक एवं वैश्विक स्तर के शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में ऐसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए।

### नीट पेपर लीक धांधली में EOU की बड़ी कार्रवाई

# दो डॉक्टर समेत 3 गिरफ्तार

## स्कॉलर बैठाने के नाम पर 12 से 30 लाख लेते थे, डॉक्टर के पास से मिले फर्जी जाति, आय प्रमाण पत्र

**पटना (एनएसबी)।** इस साल मई में आयोजित नीट-यूजी और जून में हुई री-नीट यूजी परीक्षा में धांधली करने वाले गिरोह के कथित मास्टरमाइंड डॉ. उज्ज्वल राज और डॉ. रविशंकर उर्फ सम्राट को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने पटना से गिरफ्तार किया है। दोनों की निशानदेही पर उसके भाई अश्विनी कुमार को रामकृष्णानगर के संध्या हाइट अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया है कि गिरोह असली अभ्यर्थी की जगह स्कालर बैठाने, बायोमीट्रिक सत्यापन में हेरफेर और फर्जी प्रमाणपत्र तैयार कराने के जरिए नीट समेत कई प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करता था।



डॉ. उज्ज्वल राज



डॉ. रविशंकर उर्फ सम्राट



अश्विनी कुमार

ईओयू के अनुसार, डॉ. उज्ज्वल राज को पटना स्थित आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में एमबीबीएस की पूरक परीक्षा केंद्र के बाहर से गिरफ्तार किया गया। दोनों नालंदा के पावापुरी स्थित महावीर इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के एमबीबीएस फाइनल ईयर के विद्यार्थी हैं। डॉ. उज्ज्वल के पास से एक स्कार्पियो और 2.95 लाख रुपये बरामद किए गए। जांच में उसका नाम सात फर्जी स्कालर बैठाने के मामले में भी सामने आया था। मामले में वह पटना हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत पर है। ईओयू के अनुसार, उसकी पत्नी भी री-नीट की अभ्यर्थी थी। गिरोह परीक्षा फार्म भरने के समय ही अभ्यर्थी और स्कालर के बीच सेटिंग कर लेता था। फोटो मिक्सिंग के जरिए बायोमीट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया को चकमा देने की कोशिश होती थी। जांच में प्रति अभ्यर्थी 12 से 30 लाख रुपये तक वसूले जाने की बात सामने आई है। गिरोह केवल परीक्षा में स्कालर बैठाने तक सीमित नहीं था, बल्कि नीट काउंसिलिंग में नामांकन के लिए फर्जी आय, जाति और दिव्यांगता प्रमाणपत्र भी तैयार कराता था। ईओयू अब गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और अभ्यर्थियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। जकरियापुल के पास सुनैना अपार्टमेंट स्थित उसके किराये के फ्लैट में छापेमारी में आर्यभट्ट ज्ञान विवि की एमबीबीएस परीक्षा के खाली बुकलेट, एईडीओ, नीट, बीपीएसएससी और सीबीएससी आयोग समेत विभिन्न परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड मिले। कई अभ्यर्थियों के स्कूल अंकपत्र, मूल प्रमाणपत्र, टीसी भी बरामद किए गए। इसके अलावा विभिन्न बैंकों के करीब दो दर्जन ब्लैंक चेक मिले, जिन पर हस्ताक्षर के साथ बड़ी रकम अंकित थी।

### EOU ने पटना में परीक्षा सेंटर के बाहर से पकड़ा

ईओयू के अनुसार, 11 अगस्त को नीट धांधली मामले के मुख्य आरोपी डॉ. उज्जवल राज को पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र में आर्यभट ज्ञान विश्वविद्यालय की परीक्षा केंद्र के बाहर से गिरफ्तार किया गया. वह महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पावापुरी में टइइर फाइनल ईयर का छात्र है और पूरक परीक्षा में शामिल होने पहुंचा था।

## कोचिंग संचालक रौशन आनंद की गिरफ्तारी पर एनएचआरसी सख्त

**एसएसपी से मांगी विस्तृत जांच रिपोर्ट, 3 सितंबर डेडलाइन**



**पटना (एनएसबी)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कोचिंग संचालक रौशन आनंद की गिरफ्तारी के मामले में पटना पुलिस की कार्रवाई पर कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा को मामले की विस्तृत जांच रिपोर्ट 3 सितंबर तक हर हाल में सौंपने का निर्देश दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि तय समय सीमा के भीतर रिपोर्ट नहीं मिलने पर जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा सकती है। मामला राजधानी के चर्चित कोचिंग संचालक रौशन आनंद की गिरफ्तारी से जुड़ा है। रौशन आनंद ज्ञान बिंदु जीएस एकेडमी के निदेशक हैं। बताते चलें जून माह की शुरूआत में मुसल्लापुर हाट स्थित खान ग्लोबल स्टडीज परिसर में तोड़फोड़, मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई थी। इस घटना के बाद कदमकुआं थाना पुलिस ने रौशन आनंद को गिरफ्तार किया था। रौशन आनंद की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए गए।

## बिहार को पुलिसिया स्टेट नहीं बनने देंगे



**पटना (एनएसबी)।** बिहार में छात्रों के आंदोलन को लेकर सियासत तेज हो गई है नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने छात्रों के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। तेजस्वी ने कहा है कि 19 अगस्त को राष्ट्रीय जनता दल की ओर से राजभवन मार्च निकाला जाएगा। छात्र आंदोलन के दौरान हुई गिरफ्तारियों और पुलिस कार्रवाई को लेकर आरजेडी सरकार को घेरने की तैयारी में है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि छात्रों के मुद्दे को अब आरजेडी सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं रखना चाहती। तेजस्वी यादव ने दिल्ली में पार्टी के सांसदों के साथ बैठक कर इस मुद्दे को संसद में उठाने की रणनीति पर भी चर्चा की है. पार्टी की चाहती है कि छात्रों की गिरफ्तारी, पुलिस कार्रवाई और उनकी मांगों को राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा बनाया जायगा। राजद नेता ने कहा कि साफ है कि इनकी चोरी पकड़ी गई है। सम्राट चौधरी से जानना चाहते हैं कि आपने अब तक थोड़ा सा भी समय नहीं निकाला कि मेंदाता में उन छात्रों से जाकर मिले।

## लोकसभा की कार्यवाही पहली बार वंदे मातरम् से शुरू हुई



**नई दिल्ली (एनएसबी)।** लोकसभा की मानसून सत्र की आखिरी बैठक गुरुवार को पहली बार वंदे मातरम से शुरू हुई। इस दौरान पीएम मोदी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत पूरा सदन मौजूद था। राष्ट्रगीत के छह अंतरे बजाए गए। इसके बाद लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया और मानसून सत्र खत्म हो गया। राज्यसभा भी राष्ट्रगीत के साथ अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई। लोकसभा की कार्यवाही के बाद स्पीकर ओम बिरला ने चाय पार्टी दी। इसका विपक्ष ने बहिष्कार किया।

**स्पीकर की चाय पार्टी का बहिष्कार :** लोकसभा की कार्यवाही के बाद स्पीकर ओम बिरला ने चाय पार्टी दी। इसमें कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सांसद शामिल नहीं हुए। DMK नेता कनिमोझी लोकसभा स्पीकर की पारंपरिक चाय पार्टी में शामिल हुईं।

### तिरंगा यात्रा के बाद बिगड़ी 100 छात्राओं की तबीयत

**सिवान (एनएसबी)।** सिवान में तिरंगा यात्रा निकाली गई लेकिन उसी दौरान कई छात्रों की तबीयत बिगड़ गई. यात्रा खत्म होने के बाद स्कूल लौटते ही कई छात्राएं एक-एक कर बेहोश होकर गिरने लगीं. घटना के बाद आनन-फानन में तिरंगा यात्रा समाप्त कर छात्राओं को अस्पताल पहुंचाया गया। भगवानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करीब 100 छात्राओं को इलाज के लिए भर्ती कराया गया. मरीजों की संख्या अचानक बढ़ने से अस्पताल में भी अफरातफरी का माहौल बन गया।

## वैशाली में ठेकेदार की गोली मारकर हत्या

**मार्निंग वाक के दौरान चार अपराधियों ने खदेड़कर की अंधाधुंध फायरिंग**

**हाजीपुर (एनएसबी)।** बिहार के वैशाली जिले में गुरुवार सुबह अपराधियों ने एक ठेकेदार की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के दिग्घी पश्चिम इलाके में हुई। मृतक की पहचान दिग्घी पश्चिम निवासी ठेकेदार रामनरेश राय के रूप में हुई है।



घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस के अनुसार, रामनरेश राय सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले थे। वह घर से कुछ दूरी पर पहुंचे ही थे कि दो बाइक पर सवार चार अपराधी वहां पहुंचे और उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से रामनरेश राय गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वैशाली के पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने बताया कि रामनरेश राय मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। (पेज- 15 भी देखें)

## परिवार को मिलेगी आर्थिक सहायता एक सदस्य को नौकरी : मुख्यमंत्री

**एनकाउंटर मामले में गठित न्यायिक जांच आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपी**

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के बहुचर्चित भरत भूषण तिवारी के कथित पुलिस मुठभेड़ से हुई मौत मामले में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरवार को बड़ा ऐलान किया। उन्होने दिवंगत भरत भूषण तिवारी के परिवार को आर्थिक सहायता और एक परिजन को नौकरी देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि न्यायिक जांच की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर बिहार सरकार दिवंगत भरत भूषण तिवारी के परिवार को आर्थिक सहायता देगी और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया मंच के जरिए साझा की। यह मामला 17 जून की सुबह भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में हुई पुलिस मुठभेड़ से जुड़ा है। बिलौटी निवासी काशीनाथ तिवारी के पुत्र भरत भूषण तिवारी को पुलिस कार्रवाई के दौरान पांच गोलियां लगने की बात सामने आई थी। गंभीर रूप से घायल भरत भूषण को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद भरत भूषण के परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए थे। परिजनों का आरोप था कि भरत भूषण ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था, इसके बावजूद उसे गोली मारी गई। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी और लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया था। मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### देश में लोगों को बोलने से रोका जा रहा: राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार लोगों को अपनी बात रखने से रोक रही है। सरकार व्यवस्था लागू करना चाहती है, जबकि कांग्रेस का काम भारत को अपनी बात कहने का मौका देना है।




दिल्ली में हो रहे कांग्रेस का ह्यरचनात्मक कांग्रेस प्रकोष्ठह्ण के अधिवेशन में राहुल ने कहा कि जंतर-मंतर पर छात्र अपनी बात रखना चाहते थे। छात्र परेशान थे और अपनी पीड़ा व्यक्त करना चाहते थे, लेकिन सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। सरकार को समझ आ गया है कि लोग अब चुप नहीं रहेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी कोशिशें सरकार को परेशान कर सकती हैं।

## मत्स्य उत्पादन को योजनाबद्ध तरीके से बढ़ाने के लिए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करें : सीएम

### विजन 2030-बिहार मत्स्य प्राथमिकता परियोजना की समीक्षा

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरूवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में विजन 2030-बिहार मत्स्य प्राथमिकता परियोजना की समीक्षा की। बैठक में बिहार को देश के अग्रणी अंतदेर्शीय मत्स्य पालन राज्यों में शामिल करने, मत्स्य उत्पादन में चरणबद्ध वृद्धि, रोजगार एवं आय के अवसर बढ़ाने तथा ब्लू इकॉनमी को गति देने पर विशेष जोर दिया गया।



बैठक में डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि इसके अंतर्गत 8 प्राथमिकता परियोजनाओं के माध्यम से सीवान, सारण, मुंगेर, मिथिला एवं मोतिहारी में विशेष मत्स्य क्लस्टरों का विकास होगा। समीक्षा के दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में मत्स्य उत्पादन को चरणबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से बढ़ाने के लिए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करें। उपलब्ध जल संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियों को बढ़ावा दें, ताकि मत्स्य उत्पादन के साथ मत्स्यजीवी परिवारों की आय में भी निरंतर वृद्धि हो। समितियों के कौशल विकास, तकनीकी क्षमता में वृद्धि, बेहतर प्रबंधन तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराये ताकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो और कुल राजस्व में वृद्धि हो। सीएम ने कहा कि विजन 2030 के माध्यम से मत्स्य पालन को किसानों और मत्स्यजीवियों की आय बढ़ाने, रोजगार के नए अवसर सृजित करने तथा बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बनाया जाएगा।

---

## संक्षिप्त खबरें

### पटना में 18 से आमरण अनशन पर बैठेंगे छात्र

**पटना।** पटना में TRE-4, लाइब्रेरियन, AEDO, BSSC, BPSC और बिहार पुलिस भर्ती समेत विभिन्न परीक्षाओं से जुड़े अभ्यर्थियों की महाबैठक गुरुवार को कृष्णा घाट पर हुई। छात्र नेता दिलीप कुमार के नेतृत्व में आयोजित बैठक में भर्ती प्रक्रिया और लंबित विज्ञापनों को लेकर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक खत्म होने के बाद छात्रों ने 18 अगस्त से पटना के गर्दनीबाग में आमरण अनशन शुरू करने का ऐलान किया।

### एअर इंडिया पायलट्स का अब रोज ड्रग टेस्ट होगा

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के सभी पायलटों की अब रोज जांच होगी कि उन्होंने प्रतिबंधित दवाओं या नशीले पदार्थों का नशा तो नहीं किया है। न्यूज एजेंसी PTI ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। यह टेस्ट आज से अनिवार्य कर दिया गया है। दोनों एयरलाइंस में 5 हजार से ज्यादा पायलट हैं। पिछले हफ्ते फुकेट-दिल्ली फ्लाइट के एक पायलट का ड्रग टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद यह फैसला लिया गया।

### सीजेआई बोले-संविधान देश की सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत बोले संविधान देश की सबसे बड़ी ताकत है। इसकी मूल संरचना की रक्षा करना और उसे मजबूत बनाए रखना न्यायपालिका की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से एक है। न्यायपालिका संविधान की संरक्षक है। यह किसी पक्ष या विपक्ष के लिए फैसला नहीं करती, बल्कि संवैधानिक मूल्यों के आधार पर निर्णय लेती है। उन्होंने आगे कहा कि देश में लंबित मामलों को लेकर न्यायपालिका ने कदम उठाने का फैसला किया है। इसके लिए केस मैनेजमेंट की एक आसान योजना बनाई गई है, जिसे अदालत में डॉकेट मैनेजमेंट कहा जाता है।

### पैकेज्ड फूड पर वॉर्निंग लेबल लगाओ : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सागर ब्यूरो सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पैकेज्ड फूड प्रोडक्ट्स के वॉर्निंग लेबल पर केंद्र सरकार और फूड सेफ्टी अथॉरिटी को आखिरी चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा कि नमकीन, बिस्किट और चिप्स के पैकेट पर ज्यादा चीनी-नमक और फैट की चेतावनी देने वाले वॉर्निंग लेबल लगाने पर अगर सरकार फैसला नहीं ले पा रही है तो हम आदेश जारी करेंगे। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा कि पहले भी आपको सख्त न्यूट्रिशन वॉर्निंग को लेकर निर्देश दिए थे फिर आनाकानी क्यों ।

### मोतिहारी में अतिक्रमण हटाने गई पुलिस टीम पर हमला

**मोतिहारी।** मोतिहारी जिले से इस वक्त एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां अतिक्रमण हटाने गई पुलिस और प्रशासनिक टीम पर उपद्रवियों ने जानलेवा हमला कर दिया है। घटना जिले के फेनहारा थाना क्षेत्र के खान पिपरा गांव की है। इस हिंसक हमले में पुलिस की दो गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं, वहीं कई पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं।

### सुखबीर सिंह बादल पर जानलेवा हमला

**पंजाब।** पंजाब के पूर्व उप-मुख्यमंत्री और अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पर गुरुवार को जानलेवा हमला हुआ, जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. हमले को लेकर एक शख्स को हिरासत में लिया गया है. यह हमला नांदेड़ में स्थित माता साहिब गुरुद्वारा इलाके में हुआ. बताया जा रहा है कि सुखबीर बादल पर एक निहंग ने धारदार हथियार से हमला किया।

# 15 अगस्त के राजकीय समारोह की सभी तैयारियाँ पूरी

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक गांधी मैदान, पटना में आयोजित होने वाले मुख्य राजकीय समारोह की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। समारोह को पूरी भव्यता, गरिमा एवं सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जाएगा। उक्त बातें प्रमंडलीय आयुक्त मयंक वरवड़े ने गुरुवार को गांधी मैदान में आयोजित दंडाधिकारीयों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग के अवसर पर कही।

प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित होने वाला मुख्य राजकीय समारोह पूरे उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा। 'समारोह की तैयारियों का अंतिम रूप से निरीक्षण एवं पूर्वाभ्यास किया गया है, ताकि स्वतंत्रता दिवस के दिन सभी कार्यक्रम निर्धारित समयानुसार एवं सुचारू रूप से संपन्न हों।'

### समारोह में आने वाले हर दर्शक की सुविधा का रखा जाएगा ख्याल : डीएम

अधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग में जिलाधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने कहा कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियाँ की गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था, दर्शक दीर्घा प्रबंधन तथा विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट अतिथियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समारोह में आने वाले प्रत्येक दर्शक की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।


समारोह की तैयारियों का अंतिम रूप से निरीक्षण एवं पूर्वाभ्यास किया गया।

**गांधी मैदान में भव्य आयोजन, सुरक्षा, यातायात एवं दर्शक सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम**

### तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, 62 स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तैनात

पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि विधि-व्यवस्था संधारण की दृष्टि से पूरे गांधी मैदान को चार सेक्टरों तथा सब-सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर में अपर जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक को वरीय प्रभारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। गांधी मैदान एवं कारगिल स्मृति चौक में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए कुल 62 स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे 15 अगस्त को सुबह 6 बजे तक अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर अनिवार्य रूप से पहुंच जाएं तथा कार्यक्रम स्थल से सभी दर्शकों के सुरक्षित रूप से चले जाने तक अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहें।

### ड्रोन एवं इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर से होगी निगरानी

सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए संपूर्ण गांधी मैदान एवं आसपास के क्षेत्रों की कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत स्थापित कैमरों से भी चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जाएगी। गांधी मैदान में ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जाएगी। साथ ही पुलिस कार्यालय परिसर स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से पूरे आयोजन की गतिविधियों पर सतत नजर रखी जाएगी। जिला नियंत्रण कक्ष तीन पालियों में कार्यरत रहेगा तथा इसके लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### लगभग 80 हजार वर्गफीट में दर्शकों के लिए शेड

जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने बताया कि मौसम को ध्यान में रखते हुए लगभग 80,000 वर्गफीट क्षेत्र में दर्शक दीर्घा के ऊपर शेड का निर्माण कराया गया है। इससे बदलते मौसम एवं बारिश की स्थिति में भी दर्शकों को समारोह में भाग लेने में सुविधा होगी।

## खबरें खास-खास

# महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी को बढ़ावा देने को लेकर 17 को पटना में आयोजित होगा रोड शो और कार्यशाला

### केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों की उपस्थिति में निवेशकों को उपलब्ध अवसरों की दी जाएगी जानकारी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** खान एवं भूतत्व विभाग के तत्वावधान में आगामी 17 अगस्त को पटना के एक निजी होटल में 8 वें चरण की महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) ब्लकों की नीलामी को लेकर एक भव्य रोड शो और 'राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण एवं विकास न्यास (एनएमईडीटी) कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।


खान एवं भूतत्व मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे करेंगे। जबकि इसमें बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी सहित केंद्र और बिहार सरकार के वरीय अधिकारी, खनन क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और संभावित निवेशक उपस्थित रहेंगे। इस रोड शो एवं एनएमईडीटी कार्यशाला में बिहार राज्य में स्थित महत्वपूर्ण खनिज संपदा, नीलामी प्रक्रिया, बोली प्रणाली और निवेश की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसको लेकर विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

इस संबंध में खान एवं भूतत्व मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार खनिज संसाधनों की दृष्टि से अत्यंत संभावनाशील राज्य है और राज्य सरकार खनिज क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रभावी पहल कर रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा गया एवं रोहतास जिलों में स्थित मैगेटाइट, वैनेडियम तथा ग्लकोनाइट खनिज ब्लकों की नीलामी की जा रही है। इसी क्रम में आयोजित होने वाला यह रोड शो निवेशकों को उपलब्ध अवसरों, नीलामी प्रक्रिया तथा राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण मंच होगा।

उन्होंने कहा कि यह रोड शो बिहार में खनिज आधारित उद्योगों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। इससे देश-विदेश के निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा, राज्य में निवेश को नई गति मिलेगी तथा खनिज संसाधनों के वैज्ञानिक एवं पारदर्शी दोहन को प्रोत्साहन मिलेगा।

मंत्री श्री चंद्रवंशी ने कहा कि राज्य सरकार पत्थर खनन क्षेत्र के विकास को भी प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में नवादा जिले के आठ पत्थर खनन पट्टों के लिए निविदा प्रकाशित की जा चुकी है तथा औरंगाबाद, गया, शेखपुरा एवं बांका जिलों के पत्थर खनन पट्टों के लिए भी 15 अगस्त तक निविदाएं जारी कर दी जाएंगी। इन खनन इकाइयों के संचालन से स्थानीय स्तर पर व्यापक रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि खनन पट्टों के आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर उन्हें पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रदान किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 17 अगस्त को आयोजित होने वाला रोड शो बिहार को खनिज क्षेत्र में निवेश का एक आकर्षक गंतव्य स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा तथा राज्य के औद्योगिक विकास और आर्थिक प्रगति को नई गति प्रदान करेगा।

# पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने सिवान के डीएम व एसपी को विधि - व्यवस्था नियंत्रण को लेकर दिया विशेष निर्देश

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के पर्यटन मंत्री सह सिवान जिले के प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने सिवान जिला परिषदन में जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय एवं पुलिस अधीक्षक पूरण कुमार झा के साथ बैठक किया। राज्य के पर्यटन मंत्री सह सिवान जिले के प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने डीएम व एसपी से सिवान जिले के विकास, जनहित और कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की एवं कई आवश्यक निर्देश दिया।इस दौरान उन्होंने सिवान के डीएम व एसपी को विधि - व्यवस्था नियंत्रण को लेकर विशेष निर्देश दिया। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि सिवान के सर्वांगीण विकास और जनसेवा को और गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वही,राज्य के पर्यटन मंत्री सह सिवान जिले के प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के सिवान जिला परिषदन आगमन पर जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दी गई। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि जनता जनार्दन के विश्वास, कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम एवं जनसेवा के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि यह गौरव मुझे जनकल्याण, सुशासन एवं विकास के संकल्प को और अधिक निष्ठा, समर्पण एवं जवाबदेही के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु निरंतर प्रयासरत रहूंगा। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि सिवान की पावन धरती पर जनता के स्नेह, आशीर्वाद एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग के साथ विकास की गति को और अधिक सशक्त बनाने का यह संकल्प निरंतर जारी रहेगा।


पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने सिवान के डीएम व एसपी को विधि - व्यवस्था नियंत्रण को लेकर दिया विशेष निर्देश।

# बिहार में सहकारिता के क्षेत्र में हो रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने संसद भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर बिहार के सहकारिता क्षेत्र की प्रगति, उपलब्धियों एवं महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान बिहार में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने और किसानों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इसमें सकरी, मधुबनी में सहकारी चीनी मिल की स्थापना, बिहार राज्य सहकारिता नीति-2026, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन, सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा देने, विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना तथा अंतरराज्यीय सहकारी समितियों की सदस्यता जैसी प्रमुख पहल शामिल हैं।


नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रामकृपाल यादव को दिया हरसंभव सहायता का आश्वासन।

मंत्री ने बिहार में सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण, पैक्स को बहुउद्देशीय सेवा केंद्र के रूप में विकसित करने, 'सहकारिता में सहकार' के तहत बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, पैक्स एवं सहकारी पदाधिकारियों के प्रशिक्षण तथा सहकारी उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की दिशा में किए जा रहे कार्यो से भी अवगत कराया। मंत्री ने बिहार में सहकारिता क्षेत्र को और गति देने के लिए पैक्स के कंप्यूटरीकरण, बहुउद्देशीय सेवा केंद्रों के विकास, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के भुगतान में तेजी तथा राज्य खाद्य निगम को समय पर राशि उपलब्ध कराने से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बिहार में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। बैठक में बिहार के विकास एवं समसामयिक राजनीतिक विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

## खबरें : एक नजर में

# चैम्बर का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक यातायात से उनके कार्यालय कक्ष में मिला


चैम्बर का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक यातायात से उनके कार्यालय कक्ष में मिला।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल सागर कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात किया एवं पटना के यातायात व्यवस्था को सदृढ़ बनाने का अनुरोध किया । प्रतिनिधिमंडल ने पटना के ट्रैफिक व्यवस्था पर विस्तृत विचार-विमर्श हेतु चैम्बर के सदस्यों के साथ चौम्बर प्रांगण में बैठक का अनुरोध किया जिसपर उन्होंने 15 अगस्त के बाद समय देने का आश्वासन दिया है ।
प्रतिनिधिमंडल में महामंत्री मुकेश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन, पूर्व महामंत्री पशुपति नाथ पाण्डेय, पूर्व उपाध्यक्ष आशीष शंकर, कार्यकारणी सदस्य अजय गुप्ता एवं पवन भगत थे ।

# गांधी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए पटना नगर निगम की व्यापक तैयारियां

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर गांधी मैदान में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पटना नगर निगम द्वारा समारोह के दौरान स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। स्वच्छता, जलनिकासी, विद्युत, पेयजल एवं शौचालय जैसी आवश्यक नागरिक सुविधाओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखते हुए गांधी मैदान में स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की गई है। साफ-सफाई के लिए पहली पाली में 32 और दूसरी पाली में 20 सफाईकर्मी तैनात किए गए हैं। सफाईकर्मियों द्वारा मैदान की डीप क्लीनिंग के साथ घास-झाड़ियों की सफाई तथा अन्य आवश्यक स्वच्छता कार्य किए जा रहे हैं। मैदान में स्थित सभी शौचालयों की भी नियमित एवं विशेष सफाई सुनिश्चित की जा रही है।


पेयजल की विशेष व्यवस्थाएं।

मच्छरों के प्रकोप की रोकथाम के लिए गांधी मैदान के अंदर और बाहरी परिसर में दो पालियों में फगिंग कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त सुबह की पाली में एंटी-लार्वा का छिड़काव भी किया जा रहा है।

बारिश की स्थिति में वर्षा जल की त्वरित और सुगम निकासी के लिए गांधी मैदान में दो 10 एचपी पंप और तीन सुपर सकर मशीनें तैनात की गई हैं। इसके अलावा, मौर्या होटल के पास एक अतिरिक्तसुपर सकर मशीन की व्यवस्था की गई है, ताकि जलजमाव की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके।

गांधी मैदान के बाहरी क्षेत्र में कुल 153 स्ट्रीट लाइट और 6 हाईमास्ट लाइट हैं। मैदान के अंदर 15 हाईमास्ट लाइट स्थापित हैं। विद्युत प्रमंडल द्वारा सभी लाइटों की जांच कर उन्हें क्रियाशील रखना सुनिश्चित किया जा रहा है। सुरक्षा के ष्टिकोण से मैदान के अंदर स्थित सभी हाईमास्ट लाइटों को लाल कपड़े से घेराबंदी की गई है।

समारोह में आने वाले लोगों के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। जलापूर्ति प्रमंडल द्वारा 3,600 लीटर के 6-6 वाटर टैंकर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त लोगों के लिए निगम नीर की भी व्यवस्था की जाएगी।

आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गांधी मैदान में एक-एक पिंक टयलेट और दो लू कैफे की व्यवस्था की जाएगी।

इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के माध्यम से गांधी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की लाइव निगरानी की जाएगी। साथ ही, शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अधिष्ठापित कुल 15 वीएमडी के माध्यम से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में आने वाले नागरिकों की सुविधा और समारोह के सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए पटना नगर निगम द्वारा सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है।

# ग्रामीण विकास को मिलेगी नई उड़ान, आधार स्तंभ की भूमिका निभाएंगे आरडीओ : मंत्री

**नव चयनित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद मंत्री ने जारी किया बयान**

### कहा ग्रामीण विकास में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता को अपना कार्य आधार बनाएंगे सभी पदाधिकारी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि ग्रामीण विकास को नई उड़ान मिलेगी। ग्रामीण विकास विभाग में तैनात ग्रामीण विकास पदाधिकारी (आरडीओ) ग्रामीण क्षेत्रों की आधाररभूत संरचना का निर्माण, कल्याणकारी योजनाओं को तैयार करने, आपदा प्रबंधन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने जैसी महती जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा एवं तन्मयता के साथ निभा रहे हैं। रोजगार और विकास की परिकल्पना साथ-साथ साकार हो रही है। विकसित बिहार और विकसित भारत में युवाओं की भूमिका बेहद अहम है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक कार्यो में तेजी आएगी।


ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार।

मंत्री श्री कुमार गुरुवार को बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त परीक्षा में उत्तीर्ण नव चयनित 359 ग्रामीण विकास पदाधिकारियों को नियुक्ति-पत्र वितरण के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि आज का दिन ग्रामीण विकास विभाग के लिए अत्यंत गौरव का है। बिहार में पूर्व में 960 ग्रामीण विकास पदाधिकारियों की नियुक्ति हो चुकी है। मंत्री ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण सेवा में आकर विकास की जिम्मेवारी संभालते हुए ये पदाधिकारी विकास की मिसाल कायम करेंगे।

मंत्री ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने 2025 के बिहार विधान सभा चुनाव में आगामी पांच वर्ष के दौरान बिहार के प्रतिभावान युवाओं को 1 करोड़ नौकरी एवं रोजगार देने का वादा किया था। उनके इसी वादों के अनुरूप ग्रामीण विकास विभाग में कुछ दिन पहले भी जीविका के विभिन्न पदों पर चयनित 2 हजार 446 सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया था।

उन्होंने कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की सरकार नीतीश कुमार के संकल्प को पूर्ण करने का काम कर रही है। मंत्री श्री कुमार ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग और अन्य विभागों की संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में प्रखंड कार्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्रामीण विकास विभाग ने प्रत्येक प्रखंडों में एक प्रखंड विकास पदाधिकारी का पद सृजित किया है। वैसे प्रखंड जहां 15 से अधिक पंचायत हैं वहां प्रखंड प्रशासन को मजबूती देने के लिए एक ग्रामीण विकास पदाधिकारी का पद भी सृजित किया गया है।

# शिक्षा मंत्री ने दी जनसेवा को लक्ष्य बनाने की नसीहत


बिहार शिक्षा सेवा के नवनियुक्त अधिकारियों के बीच शिक्षा मंत्री ने बांटे नियुक्ति पत्र।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार शिक्षा सेवा के 48 नवनियुक्त अधिकारियों को शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। गुरुवार को स्थानीय बापू सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में श्री तिवारी ने सभी नवनियुक्त अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अधिकारियों से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा जनसेवा को अपना लक्ष्य बनाने की नसीहत दी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षित और सक्षम समाज के निर्माण में शिक्षा विभाग की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने में योगदान देना चाहिए। सभी अधिकारी बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित हुए हैं।

# बांकीपुर के हर वार्ड में बनेगी 50 लोगों की समिति: प्रशांत किशोर

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जन सुराज के सूत्रधार व बांकीपुर के नवनिर्वाचित विधायक प्रशांत किशोर गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में गए व लोगों से मिले। इस दौरान लोगों से उनकी समस्याओं को जाना व अपनी बातें भी रखी। इस दौरान जनता रोड स्थित एक हाल में प्रशांत किशोर ने कहा कि आपने बीजेपी को बांकीपुर में हराया है, उसका असर देखिए सरकार वही है व्यवस्था वही लेकिन पिछले 12-15 दिन में किसी बच्चे की हत्या एनकाउंटर, हफ एनकाउंटर के नाम पर नहीं हुई है, जाति-गमछा देखकर मारने की बात बिहार में बंद हो गई। ये बांकीपुर में आपके वोट का असर है। यहां पर जिन गरीब लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा था बांकीपुर में चुनाव के बाद किसी भी व्यक्ति के घर पर बुलडोजर नहीं चला है। पूरे देश में बांकीपुर के लोगों की चर्चा हो रही है कि यहां के लोगों ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर दलों की बात न सुनकर पैसे, दारू, मुर्गा भात के लालच से ऊपर उठकर अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए वोट दिया है। पीके ने कहा कि आने वाले समय में निश्चित तौर पर सम्राट चौधरी को सीएम के पद से हटना पड़ेगा। कोई बेहतर आदमी मुख्यमंत्री बनेगा। लेकिन जितने दिन भी सम्राट चौधरी सीएम पद पर बने रहेंगे अब कोई बड़ी गलती नहीं कर पाएंगे। क्योंकि लोगों का दबाव है। लोगों ने देख लिया है कि अगर फेक एनकाउंटर करवाओगे, गरीब आदमी के झोपड़ी पर बुलडोजर चलाओगे, लोगों का राशन कार्ड से नाम काटोगे, तो जनता तुमको हरा भी सकती है।


बांकीपुर उपचुनाव जीतने के बाद जनता के बीच आभार व्यक्त करने पहुंचे प्रशांत किशोर।

पीके ने कहा कि आपने सामुदायिक और पेय जल की जो समस्या बताई हैं उसको नोट कर लिया गया है। अगस्त में हम हर वार्ड में जाएंगे। आपको हमारे यहां कम आना पड़े इसके लिए वार्ड के स्तर पर आपकी समस्या सुन लें कि कौन सी समस्या से आप सबसे ज्यादा परेशान हैं। अगस्त खत्म होते होते हर वार्ड में राजनैतिक रुप से सबसे सक्रिय 50 लोगों की एक समिति यहां बनाएंगे जो एक तरीके सलाहकार के तौर पर आपके वार्ड में हमारे साथ मिलकर काम करेगा।

# शिक्षा की गुणवत्ता के साथ नैतिकता, संस्कार और चरित्र निर्माण पर भी जोर जरूरी : अवधेश नारायण सिंह

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** वरिष्ठ शिक्षाविद् और बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग में उप निदेशक डा. दीपक कुमार सिंह द्वारा रचित पुस्तक 'बिफोर डेल्विंग इंटू एजुकेशन मैनेजमेंट' का लोकार्पण गुरुवार को बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने किया। समारोह बुद्ध मार्ग स्थित बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् के सभागार में आयोजित किया गया।


सभापति ने पुस्तक 'बिफोर डेल्विंग इंटू एजुकेशन मैनेजमेंट' का किया लोकार्पण।

इस अवसर पर सभापति ने कहा कि अच्छी पुस्तकें केवल शब्दों का संकलन नहीं होती हैं। यह लेखक के अनुभव, विचार और भावनाओं का संसार होती हैं। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिकता, संस्कार और चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने लेखक डा़ सिंह को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा प्रबंधन पर अनुभव आधारित यह पुस्तक शिक्षा व्यवस्था को समझने और उसे बेहतर बनाने में उपयोगी साबित हो सकती है।

उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि बिहार में प्रतिभा और मेधा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा व्यवस्था का बेहतर प्रबंधन कर इस प्रतिभा को सही दिशा दी जाए।

लेखक डा़ सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग में लंबे समय तक कार्य करने के दौरान प्राप्त अनुभवों और शिक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं को पुस्तक में संजोने का प्रयास किया गया है। इसमें शिक्षा प्रबंधन, व्यवस्था की चुनौतियों और बेहतर प्रबंधन के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार जैसे विषयों पर विचार प्रस्तुत किए गए हैं।

समारोह में बिहार म्यूजियम के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, बिहार रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, निदेशक डा. एनके अग्रवाल, विशेष सचिव पवन कुमार सिन्हा, प्रभात प्रकाशन के पीयूष कुमार सहित शिक्षा जगत से जुड़े अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पुस्तक का प्रकाशन प्रभात प्रकाशन द्वारा किया गया है।

### किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि उपादान उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : विजय कुमार सिन्हा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों के साथ उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था, होलसेलर एवं रिटेलर स्तर पर उर्वरक की आपूर्ति, कंपनियों द्वारा निर्धारित दर एवं व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन सहित किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि उपादान उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर अमानक उर्वरक, बीज या कीटनाशी की बिक्री, अधिक मूल्य पर बिक्री,अनियमित वितरण, टैगिंग अथवा अन्य किसी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित थोक एवं खुदरा प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए सुसंगत धाराओं मे प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। कृषि मंत्री ने सख्त शब्दों में कहा कि बिहार को कंपनियों की चारागाह नहीं बनने दिया जाएगा। किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की मनमानी, अनुचित व्यापारिक व्यवहार अथवा वितरण व्यवस्था में अनियमितता को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पेड़ लगाओ, केक भगाओ अभियान में साक्षी ने पौधा लगाकर मनाया जन्मदिन

**अलीनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के पकड़ी चौंक स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्यपेड़ लगाओ, केक भगाओह्न अभियान के तहत कक्षा आठवीं की छात्रा साक्षी कुमारी ने अपना जन्मदिन पौधारोपण कर मनाया। विद्यालय परिसर में पौधा लगाकर उसने ह्यएक जन्मदिन-एक पौधाह्न का संदेश दिया।



इस अवसर पर विद्यालय परिवार और सहपाठियों ने साक्षी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। साक्षी ने सभी को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। उसके पिता कन्हैया झा ने विद्यालय की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जन्मदिन पर केक और दिखावे के बजाय पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम है। विद्यालय के प्राचार्य विकास कुमार सिंह ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। जन्मदिन पर पौधारोपण की परंपरा बच्चों को प्रकृति से जोड़ने के साथ उनमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करेगी। उन्होंने पौधे की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में कॉर्डिनेटर प्रमोद साहू, वरिष्ठ शिक्षक नवीन झा, अमित महतो समेत साक्षी के सहपाठी मौजूद रहे। सभी ने पौधे के संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ह्यपेड़ लगाओ, केक भगाओह्न केवल अभियान नहीं, बल्कि जन्मदिन मनाने की सोच में सकारात्मक बदलाव की पहल है। विद्यालय का संकल्प है—ह्यहर जन्मदिन एक पौधा, हर पौधा एक जिम्मेदारी और हर जिम्मेदारी से सुरक्षित भविष्य।

### बेनीपुर में तिरंगा प्रभात फेरी से गूंजा देशभक्ति का स्वर

**बेनीपुर (एनएसबी)।** हर घर तिरंगा अभियान 2026 के आलोक में देशभक्ति, एकता और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को प्रखंड बेनीपुर में भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे प्रखंड मुख्यालय से शुरू होकर यह प्रभात फेरी आशापुर चौक तक पहुंची। हाथों में तिरंगा और देशभक्ति के नारों के साथ निकली इस रैली में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मियों और आम लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।



कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ प्रखंड प्रमुख, 20 सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, प्रखंड के सभी कर्मी और अधिकारी भी शामिल हुए। प्रभात फेरी को सफल बनाने में स्कूलों के बच्चों और जीविका दीदियों की भूमिका अहम रही। बच्चों ने तिरंगा लेकर और देशभक्ति गीत गाते हुए पूरे माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। जीविका दीदियों ने भी रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हर घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। प्रखंड प्रशासन ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने को प्रोत्साहित करना और नागरिकों में राष्ट्रीय गौरव की भावना को जागृत करना है। 15 अगस्त तक प्रखंड के सभी पंचायतों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा फहराया जाएगा। रैली के समापन पर आशापुर चौक पर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय उत्सव को पूरे उत्साह एवं गौरव के साथ मनाएं: डॉ. रामचन्द्र प्रसाद

**दरभंगा (एनएसबी)।** हर घर तिरंगा अभियान 2026 के तहत हायाघाट विधानसभा क्षेत्र में प्रखंड मुख्यालय हायाघाट से नगर पंचायत कार्यालय हायाघाट तक एवं बहेड़ी प्रखंड के सुसारी से बिठौली राम जानकी मंदिर तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री सह हायाघाट विधायक डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने कार्यकताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



इस अवसर पर मंत्री डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, गौरव और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। ह्यहर घर तिरंगा अभियानह्न देश के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति अपने सम्मान और गौरव को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है।
उन्होंने समस्त देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि ह्यहर घर तिरंगा अभियानह्न के तहत अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय उत्सव को पूरे उत्साह एवं गौरव के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि जन-जन की सहभागिता से यह अभियान राष्ट्रभक्ति के व्यापक जनआंदोलन का रूप ले रहा है।इस अवसर पर हायाघाट प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार, अंचल अधिकारी आनंद मंडल, हायाघाट दक्षिणी भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलजारी लाल साह, बहेड़ी उत्तरी मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार मंडल,गौतम राय,मुन्ना झा,मिथिलेश कुमार,प्रशांत झा, आनंद सिंह, विकास सिंह, अरुण सहनी, आलोक शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुखिया संघ के अध्यक्ष श्यामनंदन यादव के नेतृत्व मे निकली तिरंगा यात्रा

### टीकापट्टी देकुली पंचायत में हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई तिरंगा पदयात्रा

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के टीकापट्टी देकुली पंचायत में गुरुवार को सरकार के निदेर्शानुसार हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा पद निकाली गई।तिरंगा पदयात्रा स्थानीय मुखिया सह प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष श्यामनंदन यादव के द्वारा नेतृत्व किया गया।जिसमें पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक के साथ साथ सभी स्वच्छता कर्मी,वार्ड सदस्य,आंगनबाड़ी सेविका,आशा एवं दर्जनों ग्रामीण में भाग लिया। पदयात्रा के दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष श्यामनंदन यादव ने बताया कि बिहार सरकार के निदेर्शानुसार हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रखंड से तिरंगे झंडा मिला था।जिसके तहत तिरंगा पदयात्रा को सफल बनाने एवं सहयोग देने वाले पंचायत के पंचायत समिति सदस्य एवं सभी वार्ड सदस्य,स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता कर्मी एवं दर्जनों ग्रामीणों का पूर्ण सहयोग रहा।



### विषैले सर्प के काटने से महिला की मौत

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के भरवाड़ा नगर पंचायत वार्ड संख्या नौ मे सोते हुए एक महिला को विषैले सर्प के काट लिया। आनन-फानन मे उसे इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एक अस्पताल मे ले जाने के दौरान रास्ते मे उसकी मौत हो गई। मृतक महिला अनिल झा की 56 वर्षीय पत्नी मुन्नी झा बताई गई है। परिजनो ने बताया की 12 अगस्त की दोपहर मुन्नी झा अपने घर मे अकेले सोई हुई थी। उसी दौरान पांव मे एक विषैले सर्प ने काट लिया। उसने हल्ला किया की मुझे सांप ने काट लिया। आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे उसके पुत्र ने सांप को देखते ही उसे मारने के लिए दौरा। लेकिन उसके मां ने यह कहते हुए उसे मारने से मना कर दिया की बौऊआ रे सावन छई सांप के नई मारू । उसके बाद घर मे

# हर प्रखंड में डा एपीजे अब्दुल कलाम आवासीय विद्यालय खोलने की हो रही पहल : डा. गोपाल जी ठाकुर

**केंद्रीय मंत्री किरण रिजूजू से मिले सांसद, दरभंगा जिले की विकास योजनाओं पर की चर्चा**

**दरभंगा (एनएसबी)।** आजादी के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ऐसे राजनेता हैं जिनके नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र के हर प्रखंड में डा अब्दुल कलाम आवासीय विद्यालय खोलने तथा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक वित्त निगम के माध्यम से जिले में चल रही अल्पसंख्यक हितैषी योजनाओं में तेजी लाने के लिए केंद्रीय मंत्री को पत्र सौंपकर आग्रह किया गया है। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा. गोपाल जी ठाकुर ने गुरुवार को केंद्रीय संसदीय सह अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरण रीजीजू से उनके मंत्रालय कक्ष में भेंट करने के बाद उपरोक्त बातें कही।



केंद्रीय मंत्री किरण रीजीजू से मिलते डा. गोपाल जी ठाकुर

**राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की योजनाओं में तेजी लाने का किया आग्रह**

इस अवसर पर सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री का मिथिला की संस्कृति और परंपरा के अनुसार पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए मानसून सत्र में संसदीय परम्पराओं के बेहतर समन्वय के लिए आभार भी प्रकट किया।सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री से चर्चा करते हुए दरभंगा जिले में अल्पसंख्यक कल्याण के लिए प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के लिए आवंटित 76 करोड़ रुपए के साथ साथ दो सौ पचास बेड के अल्पसंख्यक छात्रावास के बेहतर रखरखाव तथा जिले में प्रस्तावित दो सौ बेड के आवासीय छात्रावास के मुद्दे पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी जी के सरकार में समाज के सभी वर्गों के साथ अल्पसंख्यक समाज का भी सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री से जिले के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्कूलों, होस्टल, स्वास्थ्य केंद्र, कम्युनिटी केंद्रो तथा अन्य विकासपरक कार्यों के लिए आग्रह करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक रोजगार ऋण मोचन योजना को पारदर्शिता के साथ इस समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचाने की आवश्यकता है।सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री के द्वारा मॉनसून सत्र में सदन के बेहतर संचालन तथा समन्वय के लिए उन्हें बधाई देते हुए आभार प्रकट किया। नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में देश की संस्कृति और तकनीकी ज्ञान देने की आवश्यकता है ताकि देश की मुख्यधारा में उनका सदुपयोग हो सके।

### बेनीपुर नगर परिषद ने 6 वार्डों में बहाल की जलापूर्ति, शेष पर काम जारी

**विधायक विनय चौधरी और एस डी ओ के निर्देश पर युद्धस्तर पर हुई मरम्मत**

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बेनीपुर नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर 15 जुलाई 2026 को आयोजित समीक्षात्मक बैठक के बाद अब राहत की खबर है। बैठक में माननीय विधायक बेनीपुर श्री विनय कुमार चौधरी एवं अनुमंडल पदाधिकारी, बेनीपुर द्वारा दिए गए सख्त निदेर्शों के बाद नगर परिषद ने तत्काल कार्रवाई करते हुए समस्या वाले 6 वार्डों में जलापूर्ति बहाल कर दी है।नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या 08, 10, 11, 12, 13 और 29 में नल-जल योजना ठप पड़ी थी। इन वार्डों में मोटर खराबी, पाइप लीकेज और लघु मरम्मति का काम लंबित था।

## अलीनगर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, भारत माता की जय से गूंजा उठा पुरा क्षेत्र

**बीडीओ के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय से पकड़ी चौक तक निकला पैदल मार्च**

**अलीनगर (एनएसबी)।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को अलीनगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओ ललित कुमार मिश्रा के नेतृत्व में निकली यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं छात्र शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर लोग देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़े।तिरंगा यात्रा प्रखंड कार्यालय परिसर से शुरू होकर पकड़ी चौक तक पहुंची। इस दौरान पूरा मार्ग भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंजता रहा। तिरंगा हाथों में लिए लोगों में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।



तिरंगा यात्रा मे बीडीओ ललित कुमार मिश्रा व अन्य

यात्रा में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा, सीएचसी प्रभारी डॉ. विमलेश प्रकाश, पीओ गोपाल कृष्ण, अलीनगर मुखिया मनेसुर रहमान, लहटा-तूमौल-सुहथ मुखिया सतीशचंद्र झा उर्फ भोला झा, पंचायत समिति सदस्य संतोष ठाकुर, लड्डू सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक पदाधिकारी व कर्मी शामिल रहे। बीडीओ ललित कुमार मिश्रा ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने लोगों से 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की।

## राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करता हैं तिरंगा यात्रा : हरि सहनी

**प्रखंड मुख्यालय से लहेरियासराय टावर तक निकली भव्य तिरंगा पदयात्रा, हर हाथ में दिखा राष्ट्रध्वज**

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय से लहेरियासराय टावर तक गुरुवार की सुबह हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा बीडीओ विभूति कुमार आनंद के नेतृत्व में आयोजित इस पदयात्रा में प्रखंड क्षेत्र की सभी 23 पंचायतों के मुखिया,जनप्रतिनिधि,पंचायत समिति सदस्य,विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी, स्वास्थ्यकर्मी,आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका ,आशा कार्यकर्ता,पुलिसकर्मी,जीविका दीदियां,स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में आम लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।पदयात्रा के दौरान लोगों के हाथों में तिरंगा झंडा,सिर पर राष्ट्रध्वज तथा गले में तिरंगे के रंगों वाली पट्टियां दिखाई दे रही थीं।जीविका दीदियों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक तिरंगे भी लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।लहेरियासराय टावर पहुंचने के बाद महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इसके बाद पदयात्रा पुनः चट्टी चौक होते हुए बहादुरपुर प्रखंड मुख्यालय के लिए रवाना हुई,जहां पहुंचकर कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम में भाजपा के एमएलसी हरि साहनी भी उपस्थित हुए। उन्होंने पदयात्रा में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ाते हुए राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।इस अवसर पर बीडीओ विभूति कुमार आनंद ने तिरंगा पदयात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों, जनप्रतिनिधियों,जीविका दीदियों, आशा कार्यकताओं,स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।मौके पर बहादुरपुर थाना अध्यक्ष प्रसूनजय कुमार, सीओ निशांत कुमार,बीपीआरओ प्रमोद कुमार,शिक्षक राजेश सहनी,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राम नरेश भगत,बीजेपी नेता उज्ज्वल झा,मुखिया नागेश्वर पासवान,सुरेश कामती,मनोज कुमार राम,शंभू राम,आवास सहायक अभिनव मुस्कान सहित प्रखंड के विभिन्न विभागों के कर्मी मौजूद रहे।



तिरंगा यात्रा मे विधान पार्षद हरि सहनी एवं अन्य

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेरि में पुस्तकालय एवं शुद्ध पेयजल हेतु आरओ प्लांट का भव्य उद्घाटन


**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेरि में पुस्तकालय एवं शुद्ध पेयजल हेतु आरओ सिस्टम का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रौशन कुमार प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार तेजस्वी, दिनेश नारायण चौधरी,जय कृष्ण पाठक,जीबछ चौधरी ने सामुहिक रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दी। हारमोनियम पर दुर्गा कुमारी, और तबला पर भार्गव पाठक,की प्रस्तुति सराहनीय रही। वहीं कार्यक्रम का संचालन साक्षी कुमारी ने की। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रौशन कुमार ने कहा कि पुस्तकालय से बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ेगी। और ज्ञान का दायरा विस्तृत होगा। वहीं आरओ लगने से छात्र-छात्राओं को अब शुद्ध और शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। पुस्तकालय में कक्षा नवमी से 12वीं तक के लिए विभिन्न विषयों की पाठ्य पुस्तक कहानी निबंध, सामान्य ज्ञान, एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तक उपलब्ध कराई गई है। वहीं शिक्षाविद जय कृष्ण पाठक ने कहा कि पुस्तकालय खुलने से छात्रों में पढ़ने की रुचि बढ़ेगी। और उन्हें अपनी पढ़ाई के लिए जरूरी किताबें कहानी मिल सकेगी। वहीं आरओ प्लांट लगने से अब बच्चों को स्कूल में ही शुद्ध और सुरक्षित पीने का पानी मिलेगा जिससे वह मौसमी बीमारियों से बच सकेगी। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिक्षाविद् अवकाश प्राप्त शिक्षक दिनेश नारायण चौधरी ने कहा कि आज हमारे विद्यालय के लिए बहुत बड़ा और खुशी का दिन है हमारे स्कूल में आज पुस्तकालय और आरओ प्लांट की शुरूआत हो रही है, ज्ञान के बिना जीवन अधूरा है और पुस्तक ज्ञान का सबसे बड़ा स्रोत है इस पुस्तकालय से हमें बहुत कुछ नया सीखने को मिलेगा। इसके साथ ही जल ही जीवन है, और शुद्ध जल अच्छे स्वास्थ्य की पहली शर्त है आरओ प्लांट की मदद से अब हम सभी को साफ पानी मिलेगा इस शानदार व्यवस्था के लिए हम अपने विद्यालय प्रशासन और अतिथियों का दिल से आभार व्यक्त करते हैं।इस समारोह में अखिलेश कुमार झा,जीबछ चौधरी,राजेश कुमार,अमरेश कुमार चौधरी,नेसार आलम, रवि प्रकाश चौपाल, चंदन मुखिया श्रुति कुमारी,,प्रबंधन समिति सदस्य विद्यालय के सभी शिक्षक,छात्र और कई गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।



आरओ सिस्टम का उद्घाटन करते प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रौशन कुमार एवं अन्य

### नगर पंचायत भरवाड़ा में निकाली गई तिरंगा रैली

**तिरंगा यात्रा के दौरान लगते रहे भारत माता के जयकारे**



**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** हर घर तिरंगा यात्रा के दौरान गुरुवार को अतरवेल भरवाड़ा भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। इस दौरान भारत माता के जयकारे से पुरा नगर पंचायत भरवाड़ा गूंजयमान हो रहा था। रैली में भाग लेने के लिए शिक्षक,छात्र एवं ग्रामीण सुबह से ही हाथो मे तिरंगा लेकर उत्साहित थे। नगर पंचायत भरवाड़ा के मुख्य पार्षद सूनील कुमार भारती, कार्यपालक पदाधिकारी दिनेश दयाल लाल के नेतृत्व मे रेजा चौक से भगवती चौक, नरेंद्र मोदी चौक होते हुए पंचायत कार्यालय पहुंच कर विराम दिया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए लोग जगह-जगह ठंडा पानी एवं शरबत लिए खड़े थे। रैली के दौरान लोगों में राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया। नगर पंचायत द्वारा आम नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की गई। साथ ही राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं गौरव को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एचएम मोना कुमारी, मनोज कुमार निधी,पार्षद प्रतिनिधी सूरज कुमार गुप्ता, स्वच्छता पदाधिकारी अभिषेक कुमार आनंद, लेखापाल लोकेश कुमार,सफाई निरोक्षक संजय झा, शिवम कुमार सहित नगर पंचायत भरवाड़ा के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक,छात्र छात्रा तथा बडी संख्या मे ग्रामीण व गणमान्य लोगो ने भाग लिया।

## 25 से 31 तक आयोजित होगा संस्कृत सप्ताह समारोह

**शास्त्र चर्चा के साथ निकलेगी सांस्कृतिक शोभा यात्रा**

**दरभंगा (एनएसबी)।** संस्कृत विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय की अध्यक्षता में संस्कृत सप्ताह समारोह- 2026 आयोजित करने के लिए एक विशेष बैठक आहूत की गयी। बैठक में वैसे तो कई अहम निर्णय लिए गए लेकिन उनमें 25 से 31 तक समारोह आयोजित करने पर आम सहमति रही। साथ ही , समारोह की सफलता के लिए दो अलग समितियों का भी गठन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि 25.08.2026 को दरबार हॉल में उद्घाटन होगा एवं 26.08.को शास्त्र चर्चा होगी। इसी क्रम में 27 को सांस्कृतिक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। वहीं, 29.08.2026 को संगोष्ठी एवं 30.08. को सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी और 31 अगस्त को समारोह का समापन होगा। निर्णय हुआ कि महाविद्यालयों से प्राप्त प्रतिवेदन एवं फोटो आदि के संकलन के लिए सूचना वैज्ञानिक डॉ॰ नरोत्तम मिश्र को अधिकृत किया गया। साथ ही तय हुआ कि उत्सवी माहौल में 25 से 31 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह आयोजित करने हेतु अध्यक्ष, छात्र कल्याण प्रो. वारीक सभी अंगीभूत, सम्बद्ध महाविद्यालयों को सूचित करेंगे। कुलपति प्रो. लक्ष्मीनिवास पाण्डेय संस्कृत सप्ताह समाहरोह समिति के संरक्षक होंगे। वहीं, अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो॰ पुरेन्द्र वारिक को समिति का अध्यक्ष, समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजनाडॉ॰ सुधीर कुमार को संयोजक जबकि कुलसचिव डॉ॰ दिनेश झा को निवेदक नामित किया गया है। इसी तरह गठित आयोजन समिति में डॉ॰ एल सविता आर्या, डॉ. श्याम सुन्दर ठाकुर, डॉ. रामसेवक झा, डॉ. वरुण कुमार झा, डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र शामिल किए गए हैं। कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पाण्डेय,कुलसचिव डॉ दिनेश झा,अध्यक्ष, छात्रकल्याण प्रो. पुरेन्द्र वारिक, सी.सी.डी.सी डॉ शिवलोचन झा, कुलानुशासक झ डॉ. कुणाल कुमार झा,शोधप्रभारी -प्रो॰ दिलीप कुमार झा,व्याकरण-साहित्य संकायाध्यक्ष प्रो. दयानाथ झा,वित्त पदाधिकारी डॉ. पवन कुमार झा, उपकुलसचिव प्रथम डॉ. नवीन कुमार झा, उपकुलसचिव द्वितीय डॉ॰ सुनील कुमार झा, परीक्षा नियंत्रक डॉ॰ निहार रंजन सिन्हा,भू-सम्पदा पदाधिकारी डॉ. उमेश झा, वेद विभागाध्यक्ष डॉ॰ ध्रुव मिश्र, साहित्य विभागाध्यक्ष डॉ॰ सन्तोष पासवान,व्याकरण विभागाध्यक्ष डॉ॰ सीताचरण झा,ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ॰ राम निहोरा राय, आदि शामिल रहे।



बैठक मे कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय एवं अन्य

## संक्षिप्त खबरें

### पत्तीलाल सहनी के परिवार की मदद को आगे आए राजू सहनी, जरूरतमंदों को दी खाद्य सामग्री

**समस्तीपुर कार्यालय, एनएसबी।** उजियारपुर प्रखंड के रामचंद्रपुर अंधैल पंचायत के वार्ड संख्या-9 में सामाजिक सरोकार से जुड़ा मानवीय उदाहरण सामने आया है। यहां गरीब परिवार से आने वाले पत्तीलाल सहनी का लंबी बीमारी के बाद 3 अगस्त को निधन हो गया था। उनके निधन के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट और गहरा गया।बताया गया कि पत्तीलाल सहनी का कोई पुत्र नहीं था। ऐसे में अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी उनकी बेटी रुक्मिणी कुमारी और दामाद उमेश सहनी ने संभाली। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।स्थानीय निवासी महेश सहनी ने परिवार की स्थिति की जानकारी समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय राजू सहनी को दी। सूचना मिलते ही राजू सहनी ने शोकाकुल परिवार की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। उन्होंने परिवार को आवश्यक घरेलू एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई।मदद मिलने पर परिजनों ने राजू सहनी के प्रति आभार जताया। स्थानीय लोगों ने भी उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद परिवार की विपरीत परिस्थितियों में सहायता करना मानवता की मिसाल है।मौके पर पूर्व मुखिया उमेश प्रसाद सहनी, महेश सहनी, विजय सहनी, देवेंद्र सहनी, मुकेश कुमार सहनी, दीपक सहनी, शंकल सहनी, बांबी कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### बागमती के जलस्तर में लगातार वृद्धि, निचले इलाकों के खेतों में फैला पानी

**कल्याणपुर एनएसबी।** कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र से होकर गुजरने वाली बागमती नदी के जलस्तर में पिछले एक सप्ताह से लगातार वृद्धि हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार बुधवार को भी नदी के जलस्तर में करीब छह इंच की बढ़ोतरी दर्ज की गई। लगातार बढ़ रहे जलस्तर से नदी किनारे बसे गांवों के निचले इलाकों में पानी फैलने लगा है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। बागमती नदी का पानी बढ़ने के कारण रमजान नगर, तीरा, रामदीरी और नामापुर समेत नदी किनारे बसे गांवों के निचले हिस्सों के खेत-खलिहानों में पानी फैल रहा है। कई जगहों पर खेतों में लगी फसलें पानी से प्रभावित होने लगी हैं। किसानों का कहना है कि यदि जलस्तर में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो निचले इलाके की अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंच सकता है।इधर, बागमती नदी के जलस्तर में वृद्धि के साथ उसकी उपधारा शांति नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। शांति नदी के किनारे स्थित चौर क्षेत्रों में पानी फैलने से खेतों में लगी ढैंचा, जनेरा और सब्जियों की फसल प्रभावित हो रही है। विशेष रूप से बैंगन समेत अन्य सब्जियों के खेतों में पानी जमा होने लगा है।नदी और चौर क्षेत्र में पानी फैलने से पशुपालकों की परेशानी भी बढ़ गई है। पशुओं के लिए चारा लाने में किसानों को पानी हेलकर जाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जलस्तर पर लगातार नजर रखने तथा जरूरत पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए नदी किनारे रहने वाले ग्रामीणों में संभावित बाढ़ को लेकर चिंता का माहौल है। ग्रामीण बागमती और शांति नदी के जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

### कल्याणपुर अंचल मुख्यालय पर सत्याग्रह शुरू, भूमिहीनों को जमीन देने समेत कई मांगें उठीं

**कल्याणपुर एनएसबी।** मजदूर संगठन खेग्रामस एवं भाकपा माले की ओर से राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कल्याणपुर अंचल-प्रखंड मुख्यालय पर सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया गया। आंदोलन की शुरूआत रंजीत राम एवं बौएलाल साह द्वारा अनशन की घोषणा के साथ हुई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। सभा की शुरूआत ह्लजिस जमीन पर हम बसे हैं, वो जमीन हमारी हैह्व के नारे के साथ हुई। सभा को संबोधित करते हुए माले प्रखंड सचिव दिनेश कुमार ने मनरेगा को पुनर्बहाल करने तथा भूमिहीन परिवारों को पांच डिसमिल जमीन देने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि सोरमार, बघला, रामपारण, श्रीनाथपारण, यदूपारण, जगदीशपारण, भर्जा और रसलपुर समेत कई गांवों में बघला मठ की सैकड़ों एकड़ जमीन के संबंध में करीब चार दशक पूर्व सैकड़ों लोगों को पर्चा दिया गया था। इसके बावजूद अब तक कई पचार्धारियों को जमीन पर कब्जा नहीं मिल सका है। उन्होंने उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में पचार्धारियों को दखल-दिहानी कराने की मांग की।वक्ताओं ने चकहैदर, बेलसंडी, मनियारपुर और मोड़वारा समेत विभिन्न गांवों में कई पीढ़ियों से सरकारी जमीन पर बसे हजारों परिवारों को बासगीत पर्चा देने की मांग भी उठाई। इसके अलावा तीरा जटमलपुर और मलिकौली में बागमती नदी के कटाव से विस्थापित परिवारों को पुनर्वासित करने की मांग की गई।सभा में आंगनबाड़ी केंद्रों से संबंधित शिकायतों को लेकर भी वक्ताओं ने विभागीय कार्रवाई की मांग की। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पर प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र से पांच हजार रुपये लिए जाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराने की मांग की गई। दलित बस्तियों में पहुंच पथ निर्माण कराने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक गरीबों, मजदूरों और भूमिहीन परिवारों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन को आगे जारी रखा जाएगा। सत्याग्रह में सुखलाल यादव, मो. दुलारे, राजू पासवान, चंद्रवीर कुमार, अवधेश राय, अर्जुन राम, विकास राम, शिवनाथ पासवान, मुरली झा, जशविंदर कुमार, सुनीता देवी, लालो सदा, विजय पासवान, बिंदा सदा, मंजु देवी, मीना देवी, रामदुलारी देवी, महोखिया देवी, जानकी देवी, ननकी सदा, ललित सदा और शिवचंद्र सदा सहित सैकड़ों गरीब-मजदूर शामिल हुए।

### राशन कटौती के खिलाफ ताजपुर में भाकपा माले का प्रदर्शन, पांच किलो अनाज देने की मांग

समस्तीपुर कार्यालय, एनएसबी। प्रति यूनिट साढ़े चार किलो राशन वितरण के खिलाफ और पांच किलो राशन देने समेत विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा माले कार्यकताओं ने गुरुवार को ताजपुर प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। प्रदर्शनकारियों ने राशन में कटौती बंद करने, राशन कार्ड से गरीबों के नाम हटाने पर रोक लगाने, छूटे हुए नामों को राशन कार्ड में जोड़ने तथा सभी गरीब परिवारों को राशन उपलब्ध कराने की मांग की।कार्यकताओं ने कहा कि कोटे के नाम पर प्रति यूनिट राशन में कटौती बंद होनी चाहिए। उन्होंने राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और प्रशासन से पूरे मामले में जवाब देने की मांग की।प्रदर्शन के बाद आयोजित सभा को ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, राजदेव प्रसाद सिंह, नीलम देवी, मनोज कुमार सिंह एवं दीपनारायण सिंह ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार को गरीबों के खाद्य सुरक्षा अधिकार की रक्षा करनी चाहिए।उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों की अनदेखी किए जाने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए।

### 70वीं बीपीएससी में चयनित गौरव को मिला राज्य कर सहायक आयुक्त का नियुक्ति पत्र, परिवार में खुशी

**समस्तीपुर कार्यालय, एनएसबी।** मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के पुत्र गौरव कुमार का 70वीं बीपीएससी परीक्षा में चयन होने के बाद उन्हें राज्य कर सहायक आयुक्त पद का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। पटना स्थित बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह नियुक्ति पत्र मिला। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने चयनित अभ्यर्थियों एवं उनके माता-पिता को बधाई दी। उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अधिकारियों से विकसित बिहार के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की अपील की।समारोह में चयनित अभ्यर्थियों के साथ उनके माता-पिता भी मौजूद रहे। बीआईपीएआरडी पटना एवं गया में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षु पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।उप मुख्यमंत्री बिजेंद्र यादव सहित बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के मंत्रियों ने भी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मौके पर बिहार सरकार के कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।गौरव के चयन की जानकारी मिलने के बाद उनके पैतृक क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# आजादी के रण में 20 साल की उम्र में उतरे थे वशिष्ठ नारायण सिंह, जेल से भागने की कहानी भी है रोमांचक

**समस्तीपुर कार्यालय, एनएसबी।** आजादी की लड़ाई में अविस्मरणीय योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी बाबू वशिष्ठ नारायण सिंह समाज और राष्ट्र के सच्चे वाहक थे। 21 जून 1917 को जन्मे वशिष्ठ बाबू महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर महज 20 वर्ष की उम्र में स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे। वर्ष 1937 से 1947 तक उन्होंने गांव-गांव घूमकर युवाओं में देशभक्ति और राष्ट्रीय चेतना की भावना जगाई। सुभाष चंद्र बोस के आजाद दस्ते के गठन के आह्वान के बाद जिले के युवाओं में आंदोलन को लेकर नई ऊर्जा का संचार हुआ। वशिष्ठ बाबू की सक्रियता से अंग्रेजी हुकूमत परेशान हो गई थी। अक्टूबर 1943 में उन्हें गिरफ्तार कर दरभंगा जेल में बंद कर दिया गया।जेल से निकलने की बनाई गई योजना भी बेहद साहसिक थी। आजाद दस्ते की योजना के तहत दरभंगा जेल में बंद वशिष्ठ बाबू को अस्पताल पहुंचाया गया। इसके लिए उन्होंने सब्जी काटने वाले चाकू से अपनी जांघ पर चोट तक कर ली थी। एक अन्य क्रांतिकारी देव नारायण गुरमैता ने भी बीमारी का बहाना बनाकर अस्पताल में भर्ती होने की योजना बनाई।रात करीब 12 बजे जेल से बाहर निकलने की योजना बनाई गई। बाहर से कृष्ण चंद्र सिंह उर्फ राधे बाबू के बांसुरी बजाने और भीतर से वशिष्ठ बाबू के खांसकर संकेत देने की योजना थी। संकेत मिलने पर रस्सा फेंका जाना था, जिसके सहारे दोनों बाहर निकलने वाले थे। योजना के अनुसार दोनों दीवार तक पहुंच गए, लेकिन एक सिपाही की नजर पड़ गई और उसने सीटी बजा दी। इसके बावजूद दोनों कठिन परिस्थितियों में बचते हुए समस्तीपुर पहुंचने में सफल रहे।इसके बाद जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया और बैद्यनाथ झा समेत अन्य क्रांतिकारियों को जेल से मुक्त कराने की योजना बनी। वशिष्ठ बाबू और शारदानंद झा के नेतृत्व में आजाद दस्ते के करीब 25 साथियों ने हनुमान जेल पर हमला कर बंद क्रांतिकारियों को मुक्त कराया। बताया जाता है कि भागने के दौरान जयप्रकाश नारायण पीछे रह रहे थे तो वशिष्ठ बाबू ने उन्हें कंधे पर बैठाकर खेतों के रास्ते सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया।

आजादी के बाद भी वशिष्ठ नारायण सिंह सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहे। वे वारिसनगर एवं कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक भी निर्वाचित हुए। सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए 26 सितंबर 1990 को उन्होंने अंतिम सांस ली। स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान आज भी जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



स्वतंत्रता सेनानी बाबू वशिष्ठ नारायण सिंह

## विभिन्न गांवों में मारपीट, पांच लोग घायल; एक सदर अस्पताल रेफर

**कल्याणपुर एनएसबी।** कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को परिजनों की मदद से सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने सभी का उपचार किया। इनमें एक घायल की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।घायलों की पहचान कल्याणपुर गांव निवासी 29 वर्षीय शहजाद हुसैन, अकबरपुर निवासी 27 वर्षीय दिवाकर कुमार, 32 वर्षीय नीतीश कुमार तथा लदौरा गांव निवासी 35 वर्षीय रंजीत कुमार और 46 वर्षीय रामनरेश झा के रूप में हुई है। चिकित्सकों के अनुसार रंजीत कुमार की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया।घटना की जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने दी। अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं के कारणों को लेकर स्थानीय स्तर पर आपसी विवाद की बात सामने आ रही है।

# 15 अगस्त समारोह को लेकर पटेल मैदान में परेड का रिहर्सल, डीएम-एसपी ने परखी तैयारियां

**समस्तीपुर कार्यालय, एनएसबी।** आगामी 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य राजकीय समारोह की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं आरक्षी अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने पटेल मैदान में आयोजित तैयारी परेड का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परेड में शामिल प्रत्येक प्लाटून का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने प्लाटून की अनुशासनबद्धता, कदमताल, वर्दी, मार्चिंग तथा समग्र प्रस्तुति की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस जिले का महत्वपूर्ण राजकीय समारोह है। समारोह के दौरान प्रोटोकॉल, अनुशासन और निर्धारित कार्यक्रमों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां निर्धारित मानकों के अनुरूप समय से पूरी कर लें।उन्होंने परेड संचालन, सलामी, मार्चिंग और अन्य निर्धारित गतिविधियों में बेहतर समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही समारोह स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं को भी समय रहते पूरा करने को कहा।आरक्षी अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने भी तैयारी परेड का निरीक्षण किया तथा पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को अनुशासन, तालमेल और निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के.के. दिवाकर सहित जिला स्तरीय एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।



अभ्यास परेड का निरीक्षण करते डीएम एवं एसपी।

## ताजपुर में तिरंगे के रंग में रंगा शहर, हर घर तिरंगा यात्रा में उमड़ा देशभक्ति का उत्साह

**समस्तीपुर कार्यालय, एनएसबी।** हर घर तिरंगा अभियान 2026 के तहत गुरुवार को नगर परिषद ताजपुर की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा हाई स्कूल ताजपुर से शुरू होकर डॉ. एल.के.वी.डी. कॉलेज तक पहुंची। हाथों में तिरंगा लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक यात्रा में शामिल हुए।यात्रा के दौरान पूरा मार्ग तिरंगे से पट गया। ह्यभारत माता की जयह्व, ह्यवंदे मातरम्ह्व और ह्यजय हिंदह्व के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा।यात्रा में जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई वरीय अधिकारी शामिल हुए।ताजपुर के बीडीओ, सीओ, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, नगर प्रबंधक सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मियों ने भी भाग लिया। नगर परिषद की मुख्य पार्षद, सभी वार्ड पार्षद एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि यात्रा में शामिल रहे।हाई स्कूल ताजपुर के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना था।



### एसबेस्टस काटकर घर में घुसे चोर, 40 हजार कैश समेत 50 हजार के सामान ले गए

**दलसिंहसराय नगर , एनएसबी।** थाना क्षेत्र के अजनौल गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर एल्बेस्टेस काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घर में घुसकर (आलमारी) तोड़कर करीब 40 हजार रुपए नकद सहित लगभग 50 हजार रुपए मूल्य के सामान और महंगे कपड़े चोरी कर लिए। घटना के बाद चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर फरार हो गए। घटना के सम्बन्ध में मिथिलेश झा के पुत्र शांतनु झा ने बताया है कि हम लोग करीब एक सप्ताह से घर से बाहर थे, जब घर आए तो घर में सब बिखड़ा पड़ा था। चोरों ने घर की छत पर लगे एल्बेस्टेस को काटकर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद कमरे में रखी अमलीरा को तोड़कर उसमें रखे नकदी और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घर में रखे महंगे कपड़े भी साथ ले गए। चोरी की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया।घटना की सूचना दलसिंहसराय थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। हालांकि चोरों ने सीसीटीवी को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे घटना से जुड़े फुटेज को नुकसान पहुंचा है।पीड़ित परिवार के अनुसार चोरी में करीब 40 हजार रुपए नकद सहित लगभग 50 हजार रुपए मूल्य के सामान और कपड़े चोरी हुए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास के इलाके में संदिग्धों की गतिविधियों और घटना से जुड़े सुरागों की तलाश की जा रही है। थानाध्यक्ष मो इरशाद आलम ने कहा है कि मामले में जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तिरंगा रैली से गूंजा समस्तीपुर कॉलेज परिसर, Gen Z की भूमिका पर हुई भाषण प्रतियोगिता

**समस्तीपुर कार्यालय, एनएसबी।** जितवारपुर स्थित समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-1 एवं इकाई-2 के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय स्वतंत्रता दिवस महोत्सव की शुरूआत गुरुवार को हुई। पहले दिन हर घर तिरंगा रैली और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।रैली में एनएसएस स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भाग लिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया।रैली का नेतृत्व महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शशि भूषण कुमार ह्यशशिह्व तथा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कविता रावत एवं डॉ. शालिनी कुमारी भावसिंका ने किया।इसके बाद भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय ह्यस्वतंत्र भारत में त्र्ल्ल` की भूमिका एवं जिम्मेदारियांह्व रखा गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि त्र्ल्ल` केवल तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने वाली पीढ़ी नहीं है, बल्कि आधुनिक भारत के विकास और भविष्य के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।उन्होंने कहा कि देश को मिली आजादी को याद रखना जरूरी है, निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जीत-हार जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि प्रतियोगिता के लिए कितनी मेहनत की गई और उससे क्या सीख मिली। कार्यक्रम का संचालन निखिल कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन वर्षा कुमारी ने किया। मौके पर डॉ. महेश कुमार चौधरी, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. रितेश चौरसिया, डॉ. गायत्री, डॉ. शिवानंद पटेल, डॉ. रीता चौहान, डॉ. खुर्शीद अहमद खान, डॉ. प्रिया दुबे, योगेंद्र राय सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्य एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




# खेग्रामस का सामूहिक अनशन-सत्याग्रह शुरू, 15 सूत्री मांगों को लेकर सैकड़ों भूमिहीन मजदूरों ने किया आंदोलन का आगाज

**पूसा (एनएसबी)।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) के राज्यव्यापी आह्वान पर गरीबों, भूमिहीनों, खेत-मजदूरों, किसानों, प्रवासी श्रमिकों एवं सामाजिक रूप से वंचित लोगों की विभिन्न समस्याओं के समाधान तथा 15 सूत्री मांगों को लेकर 13 अगस्त को दोपहर 12 बजे से प्रखंड-अंचल कार्यालय, पूसा के पंचायत समिति भवन के समक्ष सामूहिक अनशन-सत्याग्रह शुरू हुआ, जो 14 अगस्त को अपराह्न 4 बजे तक जारी रहेगा। सत्याग्रह की अध्यक्षता खेग्रामस नेता राजेश शर्मा ने तथा संचालन खेग्रामस नेता दीपक कुमार चौधरी ने किया।आंदोलन को संबोधित करते हुए भाकपा-माले के प्रखंड सचिव अमित कुमार ने कहा कि अंचल कार्यालय में दाखिल-खारिज, परिमार्जन, एलपीसी, भूमि मापी एवं विभिन्न प्रमाण-पत्रों से संबंधित कार्यों में अनावश्यक विलंब एवं कथित मनमानी पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने सभी भूमिहीन परिवारों को 5 डिसमिल आवासीय भूमि एवं आवास उपलब्ध कराने, सरकारी भूमि पर वर्षों से बसे गरीब परिवारों को बासगीत पर्चा देने तथा पंचायतों में गरीबों के लिए आवासीय कॉलोनी विकसित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गरीबों, भूमिहीनों और खेत-मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई को और तेज किया जाएगा। खेग्रामस की 15 सूत्री मांगों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने सरकार एवं प्रशासन से सभी मांगों पर अविलंब ठोस एवं समयबद्ध कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि गरीबों, भूमिहीनों एवं मजदूरों की जायज मांगों पर सरकार एवं प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को आगे और व्यापक किया जाएगा।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने, जी राम जी को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा अकुशल मजदूरों के लिए 700 रुपये दैनिक न्यूनतम मजदूरी निर्धारित करने की मांग की। साथ ही प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा एवं रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई। साथ ही गरीबों को पानी, सफाई एवं होल्डिंग टैक्स में राहत दी जाए तथा वृद्ध, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन 3,000 रुपये प्रतिमाह करने, शिक्षा के निजीकरण पर रोक लगाने, अंचल कार्यालय एवं भू-माफिया-बिचौलियों के कथित गठजोड़ की जांच कराने सहित खेग्रामस की 15 सूत्री मांगों को पूरा करने की मांग की। सत्याग्रह को भाकपा-माले प्रखंड कमिटी सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, विवेक कुमार, राजीव कुमार, दिनेश राम, मो. टुनटुन, अनिल पासवान, सोनू कुमार, बिंदेश्वरी मंडल, रघुनाथ राय, सहित दर्जनों लोगों ने संबोधित किया।




अनशन में शामिल नेता।

# हर घर तिरंगा अभियान नागरिकों में देशभक्ति ,राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र गौरव की भावना को मजबूत करने का माध्यम: एमएलसी घनश्याम ठाकुर

**मधुबनी (एनएसबी)।** गुरुवार को राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम हर घर तिरंगा 2026 अभियान के तहत भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा जी के नेतृत्व में टाउन क्लब मैदान से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गो रेलवे स्टेशन, गंगासागर चौक ,महिला कॉलेज रोड, बाटा चौक, नीलम चौक स्थित शहीद गणेशी साह ,अकलू महतो प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं नमन और थाना चौक पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का समापन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में देशभक्ति गीत के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा और सभी देश प्रेमी तिरंगा हाथ में लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम ,तिरंगा हमारी आन बान शान है के नारों से पूरा देश भक्ति का माहौल रहा । मुख्य अतिथि पटना साहिब के विधायक सत्ता रूढ़ दल के मुख्य सचेतक माननीय रत्नेश कुशवाहा ने तिरंगा यात्रा में कहा कि तिरंगा देश की आन बान का प्रतीक है तथा इनका सम्मान और राष्ट्र प्रेम प्रत्येक नागरिकों की जिम्मेदारी है । विधान परिषद घनश्याम ठाकुर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान नागरिकों में देशभक्ति ,राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र गौरव की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। तिरंगा यात्रा में आम लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। तिरंगा यात्रा में पूर्व विधान परिषद जिला प्रभारी अर्जुन सहनी ,पूर्व जिला अध्यक्ष भागेंद्र ठाकुर, देवेंद्र कुमार यादव, प्रमोद सिंह सुबोध चौधरी रंजीत यादव, मनोज कुमार मुन्ना, संतोष भगत ,राधा देवी, प्रशांत ठाकुर ,सतीश ठाकुर, शिव शंकर पांडे संजय पांडे ,अमरनाथ प्रसाद, रणधीर खन्ना ,पवन शाह , लोजपा जिला अध्यक्ष अनुपम राजा, विनोद प्रसाद ,आदित्य झा, कन्हैया साह,रणधीर खन्ना दीपक यादव ,प्रशांत राय, संजय महतो ,राजीव झा, शेखर सुमन गिरधारी झा माला देवी ,मीन देवी, प्रतिमा रंजन, चंद्रवीर यादव ,चंदन पासवान, वागीशकांत झा, रीना सर्राफ, प्रभात रंजन, आयुष सिंह ,नागेंद्र राउत, जगरनाथ राय, पंकज राठौर, बिनो राम,नवल झा ,वरुण लाल दास, अशोक राम, रविरंजन, रवि महतो मनीष करण सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।


भाजपा ने निकाला तिरंगा यात्रा

## बिजली संकट की संभावनाओं से पहले प्रशासन अलर्ट, शहरी क्षेत्र में बढ़ाई जा रही विद्युत क्षमता

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा ने जिले में बढ़ती विद्युत मांग एवं शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर विद्युत कार्यपालक अभियंता के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विद्युत लोड की वर्तमान स्थिति, आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किए जा रहे कार्यों तथा नए पावर सब-स्टेशनों के निर्माण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि जिले में हो रहे विकास कार्यों के कारण विद्युत की मांग लगातार बढ़ रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष शहरी क्षेत्र में लगभग 4 मेगावाट अधिक विद्युत का उपभोग हो रहा है। मधुबनी विद्युत आपूर्ति प्रमंडल में विद्युत इनपुट भी लगातार बढ़ा है। अप्रैल 2026 में 4.02 करोड़ यूनिट, मई में 4.48 करोड़ यूनिट, जून में 5.51 करोड़ यूनिट तथा जुलाई 2026 में 6.13 करोड़ यूनिट विद्युत इनपुट दर्ज किया गया। शहरी क्षेत्र में विद्युत लोड जुलाई 2025 में 17 मेगावाट था, जो जुलाई 2026 में बढ़कर 21 मेगावाट तथा अगस्त 2026 में 21.6 मेगावाट हो गया है। वर्तमान में ढरर की क्षमता 27 मेगावाट है तथा उस पर लगभग 80 प्रतिशत लोड है। बढ़ते लोड को देखते हुए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक 10 एम भी ए क्षमता का पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित किया जा चुका है, जिसे एक सप्ताह के भीतर चालू करने का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त शहरी क्षेत्र के पीएस एस को एक अतिरिक्त 33 केभी लाइन से जोड़ा गया है, जिससे मधुबनी जीएसएस एवं पंडौल जीएसएस से दो रूट के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी। विद्युत कार्यपालक अभियंता, मधुबनी मो. अरमान ने कहा कि जिला पदाधिकारी महोदय के प्रयास से मधुबनी शहरी क्षेत्र में चार नए विद्युत शक्ति उपकेंद्र के निर्माण के लिए चार स्थानों पर निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराई गई है। इन उपकेंद्रों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि बसुआड़ा, मेडिकल कॉलेज, लहेरियागंज एवं अहमद में प्रस्तावित नए से क्रमशः लगभग 8 हजार, 9 हजार, 8 हजार एवं 7 हजार उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिलने की संभावना है। संबंधित एजेंसियों द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है तथा निर्धारित समय में कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा ने विद्युत कार्यपालक अभियंता को सभी निमार्णाधीन एवं प्रस्तावित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराने तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती विद्युत मांग के अनुरूप विद्युत आधारभूत संरचना का विस्तार आवश्यक है। नए , अतिरिक्त 33 लाइन एवं 10 ट्रांसफॉर्मर के माध्यम से शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की क्षमता और विश्वसनीयता बढ़ेगी।उन्होंने कहा कि नए को शहरी क्षेत्र की चारों दिशाओं में विकसित किए जाने से अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर विद्युत संबंधी छोटी-छोटी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सकेगा। बैठक में विद्युत विभाग के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।


विद्युत स्टेशन

## देश के गांवों और शहरों को खुले में शौच से मुक्त करना

**लदनियां(एनएसबी)।** स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की जंयती पर शुरू किया गया था।इसे सरकार ने एक राष्ट्रीय जन आन्दोलन बताते हुए राष्ट्रीय जनता को समर्पित किया था। इसका मुख्य उद्देश्य देश के गांवों और शहरों को खुले में शौच से मुक्त करना और वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन कर समग्र स्वच्छता हासिल करना है। इस अभियान का प्रस्तावना और महत्व है कि स्वक्षता केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि एक विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए भी आवश्यक है, परंतु आवश्यकता है वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन कर समग्र स्वक्षता हासिल करना । ज्ञात हो कि महात्मा गांधी ने अपने जीवन में स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के इसी सपने को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली से इस अभियान की शुरूआत की थी।उक्त कार्यक्रम को लागू करने के पिछे सरकार का बहुत बड़ा महत्वाकांक्षी पहल है जो जनहित में है।कुमरखत पूर्वी ग्रामपंचायत स्वक्षता अभियान के पर्यवेक्षक गणेश कुमार यादव ने बताया कि इस योजना के तहत ग्रामीण व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालय का निर्माण भी कराया जाना है। ताकि लोग खुले में शौच की कुप्रथा को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। घरों से उठाया गया कचरा को पंचायत द्वारा चिह्नित कचरा घर में लोगों के घरों से उठा कर जमा करना है जहां कचरा प्रबंधन के तहत ठोस और तरल कचरें को वैज्ञानिक और उचित निपटान करना है। इतना ही नहीं जन जागरूकता अभियान के माध्यम से नागरिकों में साफ सफाई के प्रति आदत और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि गंदे वातावरण के कारण फैलने वाली कई खतरनाक बीमारियों में कमी देखा जा रहा है।आम लोगों और बच्चों में व्यक्तिगत स्वच्छता की आदतें मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मी घर घर जाकर सबको कर्तव्य का बोध कराते रहते हैं।


कचरा भंडार

## पंडौल स्वास्थ्य केंद्र को मिलेगा विशिष्ट चिकित्सा केंद्र का स्वरूप : मधाव आनंद

**विधानसभा में लगातार उठाई गई आवाज का सकारात्मक परिणाम, 30 शय्या वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में हुआ उत्क्रमण**

मधुबनी (एनएसबी)। मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के पंडौल एवं आसपास के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। पंडौल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 30 शय्या वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उत्क्रमित कर नया भवन तैयार किया गया है। वहीं, सात निश्चय-3 (2025-2030) के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को ह्लविशिष्ट चिकित्सा केंद्रह्व के रूप में विकसित करने की कार्रवाई भी जारी है। मधुबनी के विधायक, बिहार विधानसभा की शून्यकाल समिति के सभापति, नेता विधायक दल एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मधाव आनंद ने कहा कि पंडौल एवं आसपास के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में रहा है। उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाने के साथ सरकार एवं संबंधित विभाग के समक्ष लगातार अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि पंडौल में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार केवल अस्पताल भवन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि लोगों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, पंडौल स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी, आईपीडी, आकस्मिक सेवा, अल्ट्रासाउंड, ईसीजी, एक्स-रे एवं पैथोलॉजिकल जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मधाव आनंद ने कहा कि सात निश्चय-3 के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को ह्लविशिष्ट चिकित्सा केंद्रह्व के रूप में विकसित करने की कार्रवाई से भविष्य में पंडौल और आसपास के लोगों को स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा और मजबूत होगी।उन्होंने कहा, ह्लमैंने पंडौल की स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़ी जनता की अपेक्षाओं और समस्याओं को विधानसभा में उठाया। मेरा प्रयास केवल प्रश्न पूछने तक सीमित नहीं है, बल्कि जनहित के विषय को उसके परिणाम तक ले जाना मेरी प्राथमिकता है। आज इस दिशा में ठोस प्रगति दिखाई दे रही है, जिससे संतोष है।ह्वविधायक ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के ऐसे प्रयासों से ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार होगा।उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास को विकास के ठोस कार्यों में बदलना उनकी राजनीति और जनसेवा का मूल उद्देश्य है। मधुबनी विधानसभा क्षेत्र से जुड़े स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, रेलवे, उद्योग सहित अन्य जनहित के मुद्दों को वे आगे भी विधानसभा और सरकार के स्तर पर लगातार उठाते रहेंगे।


विधायक माधव आनंद

## बेनीपट्टी में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बुधवार को बेनीपट्टी में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में विधायक धीरज नारायण ठाकुर, बीडीओ महेश्वर पंडित सहित बड़ी संख्या में कर्मियों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर लोगों ने भारत माता की जय के उद्घोष से क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया।

कड़ी धूप के बावजूद तिरंगा यात्रा प्रखंड कार्यालय से निकलकर बाइपास रोड तक पहुंची। यात्रा के दौरान लोगों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया।

आयोजकों ने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना तथा स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करना है। यात्रा में शामिल लोगों ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता दिवस के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी. कल होगा झंडोत्तोलन.

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के परिसर में स्वतंत्रता दिवस 2026 समारोह की सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है. प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख रीता कुमारी, बीडीओ बसंत कुमार सिंह झंडोत्तोलन करेंगे. प्रखंड के सभी सरकारी कार्यालय और संस्थानों में ध्वजारोहण का समय भी निर्धारित कर दिया गया है. यह जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी बसंत कुमार सिंह ने दी. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सबसे पहले प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सुबह 8:30 बजे राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया जाएगा. इसके बाद सुबह 8: 55 मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 9:00 बजे प्रखंड पशुपालन कार्यालय 9:05 में बीआरसी भवन कार्यालय, 9 :10 में कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय, 9:20 में बाल विकास परियोजना कार्यालय, 9:40 में बिस्फी थाना परिसर, 10:10 में औसी थाना परिसर, जबकि 1040 में पतौना थाना परिसर में झंडोत्तोलन का कार्यक्रम तय की गई है. बीडीओ में बताया कि स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जाएगा. सभी विभाग के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मी सक्रिय रूप से शामिल होंगे. साथ ही आम लोगों को भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी. ताकि राष्ट्रीय पर्व को सामूहिक रूप से मनाया जा सके.



### मखाना खेती को मिलेगा कारोबार का रंग, किसानों को उद्यमिता का प्रशिक्षण

**मधुबनी(एनएसबी)।** मखाना उत्पादन को प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं विपणन से जोड़कर किसान इसे लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के अंतर्गत क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, झंझारपुर द्वारा लखनौर ग्राम में ह्लमखाना उत्पादन एवं उद्यमिता विकासह्व विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण श्रृंखला का पांचवां चरण था। अब तक विभिन्न गांवों के 250 से अधिक किसानों को मखाना की वैज्ञानिक खेती, आधुनिक उत्पादन तकनीक एवं उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।




प्रशिक्षण के दौरान डॉ. संजय कुमार, डॉ. सुनील कुमार मंडल, श्री आशीष राय एवं श्री धीरेंद्र कुमार ने किसानों को खेत एवं जलाशय की तैयारी, पौध स्थापना, पोषक तत्व एवं जल प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण तथा कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी दी।विशेषज्ञों ने किसानों को प्रसंस्करण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं मूल्य संवर्धन अपनाने के लिए प्रेरित किया, ताकि मखाना का बेहतर मूल्य प्राप्त हो और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी विकसित हों। किसानों की समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक समाधान भी दिया गया।कार्यक्रम धीरेंद्र कुमार, तकनीकी पदाधिकारी की देखरेख में संपन्न हुआ। संचालन डॉ. संजय कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन श्री आशीष राय ने किया। समापन पर वैज्ञानिकों ने किसानों से आधुनिक तकनीक एवं उद्यमिता को अपनाकर मखाना को खेती से व्यवसाय और व्यवसाय से समृद्धि का माध्यम बनाने का आह्वान किया।

### विद्यालयों में मनाया गया हर घर तिरंगा अभियान.

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बजरहा, मध्य विद्यालय परसौनी उत्तर, प्राथमिक विद्यालय यदुपट्टी,रघेपुरा, मध्य विद्यालय दूल्हा, मध्य विद्यालय हीरोपट्टी, मध्य विद्यालय दुर्जोलिया, उच्च विद्यालय बलहा, माध्यमिक विद्यालय सिगिया, प्राथमिक विद्यालय उर्दू नूरचक सहित कई विद्यालयों में गुरुवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीत, भाषण, निबंध लेखन, चित्रकला, रंगोली, पेंटिंग शामिल थे. वही क्विज प्रतियोगिता के तहत तिरंगा, स्वतंत्रता संग्राम, संविधान, भारत से जुड़े प्रश्नों पर क्विज आयोजित की गई. मौके पर विद्यालय प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद साह, राजेश कुमार झा, हरिशंकर प्रसाद दास, डॉ विनोद कुमार झा, अशोक सफी, हेमंत कुमार मिश्रा उर्फ मुन्ना, मीनाक्षी कुमारी, कौशलेंद्र कुमार सिंह, मो शमीम ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत बच्चों से कहा कि हम संकल्प ले कि तिरंगे के सम्मान हमारी एकता और देशभक्ति की भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाऐंगे. वही बीपीआरओ सह बीईओ शेखर कुमार ने सभी बच्चों को अपने घर पर तिरंगा फहराने, समाज में तिरंगे के सम्मान और स्वच्छता का संदेश देने एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने, समाज व परिवार को स्वस्थ और सुंदर बनाने का संकल्प दिलाया. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रतिभागी को पुरस्कृत भी किया.



### बेनीपट्टी में निकली तिरंगा बाइक रैली, हर घर तिरंगा लगाने के लिए किया प्रेरित

**बेनीपट्टी(एनएसबी)।** स्वतंत्रता दिवस 2026 के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे ह्यहर घर तिरंगा अभियानह्न के तहत नगर पंचायत बेनीपट्टी द्वारा गुरुवार, 13 अगस्त को तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लोगों को अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने तथा तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अभियान में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। तिरंगा बाइक रैली में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लेकर और अपनी बाइक पर तिरंगा लगाकर नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से गुजरे। इस दौरान लोगों के बीच देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। रैली के माध्यम से आम नागरिकों से अपील की गई कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराकर ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान को सफल बनाएं।




रैली के दौरान लोगों को तिरंगे के सम्मान, उसके महत्व तथा राष्ट्र के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों के बारे में भी जागरूक किया गया। बेनीपट्टी नगर क्षेत्र के लोगों से कहा गया कि वे अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने परिवार, पड़ोसियों एवं आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।नगर पंचायत बेनीपट्टी की ओर से लोगों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। रैली के दौरान देशभक्ति का माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने अभियान के प्रति उत्साह व्यक्त किया।नगर पंचायत प्रशासन का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर क्षेत्र में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है। तिरंगा बाइक रैली के माध्यम से नगर पंचायत ने लोगों को संदेश दिया कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को निभाने का भी अवसर है। नगर पंचायत बेनीपट्टी क्षेत्र में आयोजित इस अभियान से आगामी 15 अगस्त को लेकर लोगों में उत्साह बढ़ा है। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे पूरे सम्मान और गरिमा के साथ अपने घरों पर तिरंगा लगाएं और ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान को जनभागीदारी का रूप देकर सफल बनाएं। तिरंगा यात्रा में मुख्य पार्षद के प्रतिनिधि रूपम शाह, पार्षद योगेंद्र यादव, सहित अधिकांश पार्षद ने भाग लिया!

**भाजपा द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा से दूसरे दिन भी राष्ट्रीय एकता अखंडता और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा मुजफ्फरपुर**

# भारत माता के जयकारे से गूँजता रहा नगर, तिरंगा रैली पर पुष्पवर्षा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिला भाजपा पूर्वी के द्वारा गुरुवार को नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। 9अगस्त से शुरू होकर 17अगस्त तक चलने वाले राज्यव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार के नेतृत्व में निकली इस तिरंगा यात्रा की शुरूआत स्थानीय लंगट सिंह महाविद्यालय परिसर से की गईं।

लंगट सिंह महाविद्यालय से शुरू होकर यह तिरंगा यात्रा नगर के कलमबाग चौक, मोतीझील फ्लाईओवर, कल्याणी चौक, जवाहर लाल रोड और टावर चौक होते हुए कंपनी बाग स्थित शहीद खुदीराम बोस स्मारक पहुंचकर संपन्न हुआ। इससे पूर्व नगर भ्रमण के दौरान तिरंगा जुलुस में शामिल लोगों द्वारा लगाए जा रहे


नगर की सड़क पर निकली तिरंगा यात्रा में शामिल लोग।

गगनभेदी नारे "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" से नगर गूँजता रहा। इस आयोजन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ साथ नगरवासियो में भी गजब का उत्साह दिखा। तिरंगा रैली देखने सड़क के दोनों किनारे खडे लोग जगह जगह तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों पर


तिरंगा यात्रा के समापन पर खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि देते भाजपा के नेता व कार्यकर्ता गण।

पुष्प वर्षा कर स्वयं तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हो रहे थे। समापन स्थल तक पहुंचने तक तिरंगा यात्रा बड़ा रूप लेकर लोगों के लिए आकर्षक का केंद्र बन गया। इस तिरंगा यात्रा में चार पहिया वाहनों के साथ बड़ी संख्या में बाईक और साईकिल सवार लोग भी कंधे पर तिरंगा लिए समापन स्थल की ओर बढ़ रहे थे।

पूर्व मेयर सुरेश कुमार के संयोजकत्व में आयोजित इस तिरंगा यात्रा में मंत्री रमा निषाद, विधायक रंजन कुमार, पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, पूर्व सांसद अजय निषाद, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, जिला महामंत्री मनोज तिवारी, अरविंद सिंह अधिवक्ता सहित भाजपा के अन्य नेतागण, जिला भाजपा के पदाधिकारी, मंच मोर्चा के अध्यक्ष गण, मंडल के अध्यक्ष भी शामिल थे।



तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते वाहन पर सवार भाजपा के मंत्री, विधायक एवं नेतागण।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब माफिया के साथ डांस करना एएसआई को पड़ा भारी, एसएसपी ने विपिन सिंह को किया सस्पेंड

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद पुलिसकर्मी और शराब माफिया की कथित नजदीकी का मामला सामने आया है। मुजफ्फरपुर जिले के औराई थाना (डायल-112) में पदस्थापित एएसआई विपिन सिंह को एक चिन्हित शराब कारोबारी के साथ डांस करते हुए वायरल वीडियो के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बताया गया है कि वायरल वीडियो पर उठ रहे सवालों को देखते हुए मुजफ्फरपुर के एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने मामले की विभागीय जांच के आदेश दिए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी), पूर्वी-01 द्वारा कराई गई गहन जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि वीडियो में दारोगा के साथ पैर थिरका रहा व्यक्ति कोई आम नागरिक नहीं, बल्कि औराई थाने का चिन्हित और कुख्यात शराब माफिया दिलचंद राय है। पुलिस की आधिकारिक जांच में यह गंभीर तथ्य भी उजागर हुआ कि उक्त शराब कारोबारी दिलचंद राय के खिलाफ पूर्व में शराब बरामदगी से संबंधित तीन


निलंबित एएसआई विपिन सिंह की तस्वीर।

अलग-अलग मामलों में कोर्ट में आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल हो चुका है। ऐसे दागदार और आपराधिक इतिहास वाले व्यक्ति से पुलिस अधिकारी का इस तरह महफिल जमाना और अनावश्यक मेलजोल रखना उनके कर्तव्य और आचरण को पूरी तरह संदिग्ध श्रेणी में खड़ा करता है। एसएसपी के अनुसार एक गंभीर अपराधी से नजदीकी बढ़ाना पुलिस सेवा की गरिमा और अनुशासन के पूरी तरह प्रतिकूल है। डीएसपी पूर्वी-01 की जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए एसएसपी ने एएसआई विपिन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि पुलिस बल की छवि धूमिल करने वाले किसी भी अधिकारी के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने विभागीय जांच रिपोर्ट के आधार पर की है।

### कल्याण वाटिका निर्माण का शुभारंभ, प्रकृति संरक्षण के सामूहिक संकल्प को मिली नई दिशा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** वसुधा कल्याण आश्रम परिवार की ओर से कल्याण वाटिका निर्माण के शुभारंभ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर आश्रम परिवार के स्वयंसेवकों एवं कार्यकताओं ने सेवा,



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व आयोजक गण।।

समर्पण और संघभाव के साथ प्रकृति संरक्षण के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के पुलिस उपमहानिरीक्षक राकेश कुमार रहे, जबकि अध्यक्षता रामदयालु सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ शशिभूषण कुमार ने की। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ महाविद्यालय परिवार के सदस्यों की भी सहभागिता रही। वसुधा कल्याण आश्रम के प्रतिष्ठाता आचार्य पावन महाराज ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आश्रम परिवार के सभी स्वयंसेवकों एवं कार्यकताओं को बधाई दी। उन्होंने मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष, सीआरपीएफ के अधिकारियों और महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रकृति के प्रति श्रद्धा, समर्पण और संरक्षण का सामूहिक संकल्प समाज को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नई प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि ह्यकल्याण वाटिकाह्व केवल पौधारोपण का प्रयास नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति मनुष्य के दायित्व और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य की दिशा में एक सार्थक पहल है। कार्यक्रम के दौरान प्रकृति को गुरु मानते हुए उसके संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया गया। आचार्य पावन महाराज ने कहा कि सेवा, समर्पण और संघभाव के साथ वसुधा कल्याण आश्रम परिवार का यह अभियान निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

### खुदीराम बोस पार्क में CRPF जवानों ने किया शानदार बैंड प्रदर्शन, देशभक्ति के रंग में रंगा माहौल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** खुदीराम बोस पार्क में सिआरपीएफ के वीर जवानों द्वारा शानदार बैंड प्रदर्शन किया गया। देशभक्ति से ओत-प्रोत धुनों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम और गौरव की भावना से भर दिया। बैंड की प्रस्तुति देखने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर सीआरपीएफ के कमांडेंट को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए समर्पित वीर जवानों के साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को नमन करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई। इसी क्रम में 14 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे लंगट सिंह महाविद्यालय में वीर जवानों द्वारा बैंड प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। नगरवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर जवानों का उत्साह बढ़ाने की अपील की गई है। आयोजकों ने शहरवासियों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर तालियों और उत्साह के माध्यम से देश की सुरक्षा में समर्पित वीर जवानों का मनोबल बढ़ाएं। कार्यक्रम का उद्देश्य वीर जवानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ-साथ लोगों में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है।


खुदीराम बोस खेल मैदान में बैंड का प्रदर्शन करते सीआरपीएफ के जबानो की टोली।

# मुजफ्फरपुर में दीदी की रसोई का विस्तार

**तीन नई रसोई का डीएम ने किया शुभारंभ, गुणवत्तापूर्ण भोजन किफायती दर पर आसानी से होगा उपलब्ध**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के राम जानकी मंदिर, कम्बाइंड बिल्डिंग और अप्पू घर समाहरणालय परिसर स्थित जीविका दीदी की तीन रसोई का शुभारंभ गुरुवार को जिलाधिकारी कुमार गौरव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त निशांत सिहारा, एसडीओ पूर्वी आनंद उत्सव और एमडीएम संजय सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रियव्रत रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी लोकेश कुमार उपस्थित थे।

मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि जीविका दीदी की रसोई के शुरू होने से समाहरणालय के पदाधिकारियों, कर्मियों एवं आम लोगों को स्वादिष्ट, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन किफायती दर पर आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। विदित हो की जिले में कुल 12 दीदी की रसोई का संचालन जीविका द्वारा किया जा रहा है. जिसके माध्यम से 300 से ज्यादा दीदियों को रोजगार प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व सबसे पहले राम जानकी मंदिर के पास दीदी की रसोई कैफेटेरिया का शुभारंभ जिला पदाधिकारी ने किया। इस अवसर पर दीप माला संकुल स्तरीय संघ की दीदियों ने सभी अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया।

जिलाधिकारी ने सभी दीदियों के साथ दीदी की रसोई का केक भी काटा। दूसरी दीदी की रसोई की शुरूआत संयुक्त भवन में की गई, जहां पर लोगों के लिए खाना नाश्ता दोनों की व्यवस्था होगी। किफायती दर पर साफ स्वच्छ और घर जैसा स्वादिष्ट भोजन अब लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

संयुक्त भवन में प्रतिदिन सरकारी कार्य से आने वाले आम जनता के लिए भी सशुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी। वही समाहारणालय सभा कक्ष के निकट अप्पू पार्क में विधिवत बच्चों के खेलने के लिए झूला और अन्य तरह के जिमनास्टिक सुविधाओं का भी शुभारंभ


समाहरणालय स्थित अप्पू पार्क में दीदी की रसोई का उद्घाटन करते जिलाधिकारी कुमार गौरव।

आज जिलाधिकारी ने किया। इसी कैंपस में जीविका दीदी की रसोई का भी गुरुवार से संचालन शुरू किया गया। दीदी की रसोई सदर अस्पताल, मेडिकल कालेज और अन्य अनुसूचित जाति आवासीय स्कूलों में भी संचालित हो रही है, जिसकी सफलता के बाद और तीन नए दीदी की रसोई का शुभारंभ किया गया। जिसमें करीब एक दर्जन दीदियों को सीधा रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर जीविका डीपीएम अनीशा ने कहा कि हमेशा दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कड़ी में आज जिलास्तरीय पदाधिकारियों द्वारा तीन नए दीदी की रसोई का संचालन शुरू किया जा रहा है। अप्पू पार्क में शाम में बच्चों के खेलने के लिए भी एक अच्छा माहौल रहेगा। भारत माता पार्क के बगल से भी जल्द ही इसमें रास्ता खोला जाएगा। जिलाधिकारी के नेतृत्व में जीविका से जुड़ी दीदियों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा जीविका टीम तत्परता से काम कर रही है।

इस अवसर पर जीविका के संचार प्रबंधक राजीव रंजन, रितेश कुमार, विकास कुमार, नूरी जमाल, मसरूर अहमद, सोनू कुमार, विवेक कुमार, कुणाल मिश्रा, पूजा कुमारी, रोशन कुमार, बीपीएम संजीव रंजन, बबली कुमारी, बबीता कुमारी सहित कई दिदिया और जीविका कर्मी उपस्थित थे।

## युवा डॉक्टर की असामयिक मौत से आहत रोटेरियन कमांडर शशांक शेखर ने पेश की समाज सेवा की मिसाल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** चक्कर चौक से चक्कर मैदान की ओर जाने वाली जर्जर सड़क पर बुधवार को डॉक्टर शशांक की गिट्टी-बालू पर फिसलने से हुई दुखद मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। इस हृदयविदारक घटना से आहत होकर रोटरी क्लब ऑफ तिरहुत के सदस्य कमांडर रोटेरियन शशांक शेखर ने सड़क की बदहाल स्थिति को देखते हुए उसके निर्माण एवं मरम्मत का बीड़ा उठाया।

कई वर्षों से जर्जर इस कंक्रीट सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए थे। सड़क की स्थिति इतनी खराब थी कि पैदल राहगीरों के साथ-साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी दुर्घटना का भय बना रहता था। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, स्थानीय नागरिक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी आवागमन करते हैं। इस सड़क पर हुई दुर्घटना में युवा चिकित्सक डॉ शशांक की मौत के बाद कमांडर रोटेरियन शशांक शेखर ने इस समस्या को केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी मानकर छोड़ने के बजाय स्वयं आगे बढ़कर समाधान का प्रयास किया। उन्होंने रोटरी क्लब ऑफ तिरहुत के सदस्यों के सहयोग से रात में ही सड़क के जर्जर हिस्से की मरम्मत और निर्माण का कार्य संपन्न करा दिया। इस पहल को स्थानीय लोगों ने सराहनीय और


जर्जर सड़क की बदली सूरत।

अनुकरणीय बताया। स्थानीय निवासी पंकज कुमार ने कहा कि जो कार्य प्रशासन की प्राथमिकता में होना चाहिए था, उसे कमांडर शशांक शेखर जी ने मानवता के नाते आगे बढ़कर पूरा किया। यह समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता का परिचायक है। कमांडर रोटेरियन शशांक शेखर की यह पहल केवल सड़क मरम्मत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानवता, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की एक प्रेरणादायक मिसाल है। एक सच्चे रोटेरियन का मूल उद्देश्य समाज की जरूरत को समझकर बिना किसी स्वार्थ के लोगों की सेवा करना है और शशांक शेखर ने अपने कार्य से इसी भावना को चरितार्थ किया है। इस सेवा कार्य को रोटरी क्लब ऑफ तिरहुत के अध्यक्ष रोटेरियन ऋतेश अनुपम और सचिव रोटेरियन आशीष शंकर सहित क्लब के सदस्यों का सक्रिय सहयोग मिला। मौके पर संजीव चौधरी, उदय भानु और प्रेम कुमार चौधरी सहित अन्य रोटेरियन उपस्थित थे।

## दुस्साहस : पुलिस पर फायरिंग कर भागा कुख्यात

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में अपराधियों का दुस्साहस लगातार बढ़ता जा रहा है। इंटर की परीक्षा देकर घर लौट रही 17 वर्षीय छात्रा के अपहरण मामले में नामजद मुख्य आरोपी और कुख्यात अपराधी उत्तम राय ने गुरुवार की दोपहर पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए पुलिस की घेराबंदी के बीच से अपने एक साथी के साथ भाग निकला। फरार होने के दौरान पिस्टल के बल पर एक राहगीर से बाइक लूटकर दोनों अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।घटना की जानकारी मिलते ही सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों को फरार अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं।

**छात्रा अपहरण कांड का मुख्य आरोपी है उतम राय**

**रास्ते में राहगीर की बाइक लूटकर फरार, जजुआड़ में मचा हड़कंप**

मामला पिछले दिनों हुए 17 वर्षीय छात्रा के अपहरण से जुड़ा है। प्राथमिकी के अनुसार, सीतामढ़ी जिले के बोखड़ा थाना क्षेत्र के बठौल निवासी छात्रा मुजफ्फरपुर में इंटर की परीक्षा देकर कार से घर लौट रही थी। शाम करीब सात बजे चैनपुर गाछी के पास दो अपाचे बाइक पर सवार नकाबपोश अपराधियों ने कार को घेर लिया। कार रुकते ही उजले रंग की अपाचे से उतरे उत्तम राय ने कथित तौर पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद उसने अपने सहयोगियों नंद कुमार राय, अनिल राय, बिद्धू राय और शोभित राय के साथ मिलकर हथियार के बल पर छात्रा का अपहरण कर लिया और लोहिया चौक की ओर फरार हो गया।

पुलिस ने घटनास्थल से जिंदा कारतूस और खोखा भी बरामद किया था। इसी अपहरण मामले की जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मुख्य आरोपी उत्तम राय चैनपुर गाछी स्थित राम बाबू राय की झोपड़ी में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर जाजुआड़ थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस की विशेष


फरार कुख्यात अपराधी की खोज में जुटी पुलिस टीम।

टीम ने दोपहर करीब 12:30 बजे झोपड़ी की घेराबंदी कर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही आरोपी और उसके साथी ने कथित तौर पर पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं। अचानक हुई फायरिंग के बाद पुलिस जवानों ने बचाव में हवाई फायरिंग की। इसी दौरान आरोपी और उसका साथी इलाके की भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर वहां से भाग निकले। फरार होने के दौरान दोनों ने रास्ते में एक राहगीर को पिस्टल दिखाकर उसकी बाइक छीन ली और उसी बाइक से फरार हो गए।

सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि उत्तम राय को पुलिस एक पेशेवर और शातिर अपराधी के रूप में चिन्हित कर रही है। पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफ मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और दरभंगा जिले के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, रंगदारी और अपहरण समेत 13 से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम पर फायरिंग और राहगीर से बाइक लूटने के मामले में जाजुआड़ थाने में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं। घटना के बाद इलाके में पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई है।

**शनिवार को सिकंदरपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगा मुख्य राजकीय समारोह**

# मुजफ्फरपुर में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी पूरी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** 15 अगस्त को जिले में जिलास्तर से लेकर प्रखंड, पंचायत और गांव स्तर तक 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले का मुख्य राजकीय समारोह नगर के सिकंदरपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। समारोह में प्रदेश के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल झंडा फहराएंगे, साथ हीं मौके पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करेंगे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कुमार गौरव एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को सिकंदरपुर स्टेडियम में आयोजित अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण किया। साथ हीं दोनों अधिकारियो ने परेड में शामिल सभी


स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी का निरिक्षण करते डीएम एवं एसएसपी।

टुकड़ियों की तैयारी का जायजा लिया तथा अधिकारियों एवं जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि समारोह की गरिमा, अनुशासन एवं प्रोटोकॉल का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान बताया गया कि परेड में विभिन्न विभागों की अनुशासित टुकड़ियाँ भाग लेंगी। इसमें बीएसएपी, डीएपी, होमगार्ड (पुरुष), फायर ब्रिगेड, सैप, होमगार्ड बैंड, मद्य निषेध विभाग, एनसीसी तथा स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियाँ शामिल रहेंगी।

अधिकारियों ने इस दौरान सभी टुकड़ियों को मार्च पास्ट को समन्वय, अनुशासन एवं एकरूपता के साथ संपन्न करने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी ने डीएसपी ट्रैफिक को निर्देश दिया है कि यातायात की सुचारू एवं सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त विधि-व्यवस्था संधारण के लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती करने तथा उनके दायित्वों का स्पष्ट निर्धारण करने का सख्त निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को स्टेडियम परिसर में मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटा जा सके।

साथ ही मैदान की साफ सफाई, रंग-रोगन, मंच की सजावट, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को समय से पूर्ण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। साथ हीं जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से समारोह मे भाग लेकर राष्ट्रीय पर्व को उत्साह एवं गर्व के साथ मनाने की अपील की है।

# सौर ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग से पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम होगी : डीएम

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सिमरा विद्युत भवन परिसर में सोलर मेला आयोजित



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते जिलाधिकारी रिची पांडेय, उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जन-जन तक पहुंचाने एवं अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से गुरुवार को सिमरा स्थित विद्युत भवन परिसर में सोलर मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी श्री रिची पांडेय, उप विकास आयुक्त श्वेता भारती एवं विद्युत अधीक्षण अभियंता, मुजफ्फरपुर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में लाभुक एवं विद्युत उपभोक्ता उपस्थित रहे।

सोलर मेले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी आम लोगों को दी गई। सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना, योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं एवं अनुदान, आवेदन प्रक्रिया तथा इससे होने वाले आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों के बारे में विशेषज्ञों एवं संबंधित पदाधिकारियों द्वारा विस्तार से बताया गया। मेले में सोलर उपकरणों से संबंधित जानकारी एवं प्रदर्शन की भी व्यवस्था की गई थी, जिससे लोगों को योजना को समझने में सुविधा हुई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी रिची पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना केवल घरेलू बिजली की आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल नहीं है, बल्कि यह स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने वाला दूरगामी कदम भी है। सौर ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग से पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम होगी तथा पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आम उपभोक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए योजना के तहत महत्वपूर्ण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी प्राप्त कर अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि अपने घर की छत पर सोलर संयंत्र स्थापित कर लोग बिजली की जरूरत को काफी हद तक स्वयं पूरा कर सकते हैं। इससे बिजली खर्च में कमी आने के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने

**सौर ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग से पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम होगी**

संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के संबंध में आम लोगों के बीच व्यापक जागरूकता पैदा की जाए तथा इच्छुक लाभुकों को आवेदन से लेकर संयंत्र स्थापना तक आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ने से न केवल परिवारों के बिजली खर्च को कम करने में मदद मिलेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के साथ सतत विकास के लक्ष्य को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने लोगों से योजना की जानकारी अपने आसपास के अन्य परिवारों तक पहुंचाने तथा पात्र परिवारों को इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान योजना से लाभान्वित कुछ उपभोक्ताओं ने अपने अनुभव भी साझा किए। लाभुकों ने बताया कि घर पर सोलर संयंत्र लगने से उन्हें बिजली की उपलब्धता एवं खर्च के स्तर पर काफी सुविधा मिली है। उन्होंने योजना को आम परिवारों के लिए उपयोगी बताते हुए अन्य लोगों से भी इसका लाभ लेने की अपील की।

सोलर मेले में उपस्थित पदाधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा योजना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की पहुंच अधिक से अधिक परिवारों तक सुनिश्चित करना रहा। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग के द्वारा जानकारी दी गई कि पीएम सूर्य योजना के तहत जिले में कुल 627 घरों में अधिष्ठापन किया गया। प्राप्त आवेदनों के विरुद्ध अग्रेतर कार्य किया जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन में सीतामढ़ी का स्थान पूरे राज्य में 9 वाँ है।

## संक्षिप्त खबरें

### अभिषेक झा के जनसंपर्क अभियान में उमड़ा समर्थन, कार्यकर्ताओं ने जीत का लिया संकल्प

**मुजफ्फरपुर/वैशाली (एनएसबी)।** एनडीए समर्थित तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी ई. अभिषेक झा का जनसंपर्क अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। बुधवार को उन्होंने वैशाली जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर हजारों



मतदाताओं, शिक्षकों एवं एनडीए कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान आयोजित चुनावी सभाओं और मतदाता मिलन कार्यक्रमों में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा समर्थकों ने उन्हें व्यापक समर्थन का भरोसा

**वैशाली के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाताओं, शिक्षकों एवं एनडीए कार्यकर्ताओं से किया संवाद**

दिलाया। जनसंपर्क अभियान की शुरूआत बेलसर प्रखंड स्थित प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, सौरहथा से हुई। यहां अभिषेक झा ने शिक्षकों से संवाद कर अपने विजन और चुनावी प्राथमिकताओं की जानकारी दी। शिक्षकों ने उनका स्वागत करते हुए समर्थन का भरोसा जताया। इसके बाद वे लालगंज स्थित कैलाश विवाह भवन में आयोजित मतदाता मिलन समारोह में पहुंचे। यहां मतदाताओं, नेताओं एवं कार्यकताओं ने नारेबाजी के बीच उन्हें चादर ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। जदयू प्रखंड अध्यक्ष अमिताभ कमलेश की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन हृदय जी ने किया। समारोह में लालगंज विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में मतदाता, एनडीए कार्यकर्ता एवं स्थानीय नेता शामिल हुए। लालगंज के विधायक संजय सिंह भी अभिषेक झा के समर्थन में कार्यक्रम में पहुंचे। उपस्थित लोगों ने चुनाव को लेकर अपने विचार एवं सुझाव प्रत्याशी के समक्ष रखे। अभिषेक झा ने लोगों को अपनी चुनावी रणनीति एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए अपने पक्ष में समर्थन की अपील की। विधायक संजय सिंह ने भी अभिषेक झा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि पिछले चुनाव में हुई भूल को इस बार दोहराना नहीं है। उन्होंने अभिषेक झा को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर अभिषेक झा को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान एनडीए कार्यकताओं एवं समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### रीगा किसान महापंचायत में गन्ना किसान और सेटेलाइट सीतापुरम परियोजना का मुद्दा रहेगा प्रमुख

**सीतामढ़ी/रीगा (एनएसबी)।** संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, रीगा एवं सुप्पी के तत्वावधान में 16 अगस्त को रीगा में किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। महापंचायत में गन्ना किसानों की समस्याओं के साथ प्रस्तावित सेटेलाइट सीतापुरम परियोजना को वापस लेने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर जिले को अकालग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग भी की जाएगी। महापंचायत में गन्ने का मूल्य 750 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने, रीगा चीनी मिल द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के ऋण में फंसे किसानों को राहत दिलाने,

**प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर जिले को अकालग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की भी उठेगी मांग**

गन्ने के बकाये का भुगतान ब्याज सहित करने तथा खेतों की सिंचाई की समुचित व्यवस्था सहित किसानों से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। महापंचायत के मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता किसान नेता, पूर्व कृषि मंत्री तथा सांसद सुधाकर सिंह होंगे। आयोजकों के अनुसार महापंचायत में किसानों के विभिन्न सवालों को लेकर संघर्ष के अगले चरण की घोषणा भी की जाएगी। पंचायत में पारित प्रस्ताव को आवश्यक कार्रवाई के लिए सरकार को भेजा जाएगा। संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा उत्तर बिहार के संयोजक प्रो. आनंद किशोर, जिलाध्यक्ष जालंधर यदुवंशी, उपाध्यक्ष शंकर मंडल, शशिधर शर्मा, अमरेन्द्र राय, महासचिव अवधेश यादव, तैयारी समिति के संयोजक सत्यम प्रकाश तथा रीगा अध्यक्ष पारसनाथ सिंह ने जिले के किसान-मजदूरों से अधिक से अधिक संख्या में रीगा पहुंचने की अपील की है। नेताओं ने कहा कि किसान महापंचायत में सांसद सुधाकर सिंह को सुनने के साथ-साथ किसानों के सवालों पर आगे की रणनीति भी तय की जाएगी।

## जिला स्तरीय तिरंगा रैली आज, तैयारियों की हुई समीक्षा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** हर घर तिरंगा अभियान-2026 के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। हर घर तिरंगा अभियानके तहत 14 अगस्त 2026 को जिला स्तरीय तिरंगा रैली का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त रैली 03 बजे से शुरू होगी जो समाहरणालय परिसर से कारगिल चौक तक जाएगी। इसमें जिले की प्रभारी मंत्री के साथ जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, वरीय पदाधिकारी, अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं एवं आमजन भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान तिरंगा थीम आधारित प्रकाश सज्जा, तिरंगा रंगोली, सामूहिक वंदे मातरम् गायन सहित विभिन्न देशभक्ति आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चित्रकला, निबंध लेखन एवं अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अभियान से जोड़ा जाएगा।

## नवनिर्मित भवन का विधायक पंकज मिश्रा व एसपी अमित रंजन ने किया शुभारंभ

# महिंदवारा थाने को मिला नया भवन

**सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)।** रुन्नीसैदपुर विधानसभा क्षेत्र के महिंदवारा थाना को गुरुवार को नया थाना भवन मिल गया। 13 अगस्त को रुन्नीसैदपुर के विधायक पंकज मिश्रा एवं सीतामढ़ी के पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नवनिर्मित थाना भवन का शुभारंभ किया। इसके बाद दोनों ने विधिवत रूप से नए भवन में प्रवेश किया।

शुभारंभ के बाद विधायक एवं पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित थाना भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर में उपलब्ध विभिन्न कक्षों, कार्यालयीन व्यवस्थाओं तथा पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भौतिक रूप से अवलोकन किया। इस दौरान भवन की व्यवस्था, कार्य संचालन तथा आम लोगों

**आधुनिक सुविधाओं से लैस नए भवन से पुलिस कार्यों में आएगी सुविधा, आम लोगों को मिलेंगी बेहतर सेवाएं**

को उपलब्ध कराई जाने वाली पुलिस सेवाओं से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर भी जानकारी ली गई।

नए थाना भवन के शुरू होने से महिंदवारा थाना में पुलिस कार्यों के निष्पादन में सुविधा होगी। बेहतर एवं सुव्यवस्थित वातावरण में पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को अपने दायित्वों के निर्वहन में सहूलियत मिलेगी। वहीं, थाना पहुंचने वाले आम नागरिकों को भी पहले की अपेक्षा अधिक व्यवस्थित तरीके से पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।



महिंदवारा थाना के नवनिर्मित भवन के शुभारंभ के दौरान विधायक पंकज मिश्रा, एसपी अमित रंजन व अन्य।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि थाना भवन का निर्माण पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बेहतर आधारभूत संरचना से क्षेत्र में विधि-व्यवस्था के संधारण, अपराध नियंत्रण, अनुसंधान एवं पुलिसिंग से जुड़े कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। साथ ही, पुलिस एवं आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में भी नए भवन की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। नए थाना भवन के शुभारंभ को लेकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह देखा गया।

# डीएम ने मेहसौल ओवरब्रिज निर्माण स्थल का किया औचक निरीक्षण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मेहसौल ओवरब्रिज परियोजना को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों और कार्य एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया कि शेष बचे हुए कार्यों को हर हाल में शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को सुगम यातायात सुविधा मिल सके।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, गति, अतिक्रमण, जल जमाव एवं सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद अभियंताओं एवं संवेदक को निर्देशित किया कि निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही



मेहसौल ओवरब्रिज निर्माण स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी रिची पाण्डेय।

**ओवरब्रिज के शेष बचे हुए कार्यों को हर हाल में शीघ्र पूर्ण किया जाए : जिलाधिकारी**

बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तय समयसीमा के भीतर कार्य पूरा कर जनता को समर्पित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा रेलवे के द्वारा बनाए जा रहे हिस्से का भी मुआयना किया। कहा कि इस बाबत रेलवे से लगातार लाइजनिंग की जा रही है। निरीक्षण के क्रम में जानकारी दी गई है कि रेलवे से जुड़े तीन स्पैन के अलावे जो भी कार्य करना है वह सभी सितंबर तक कर लिया जाना है। रेलवे द्वारा जब लॉन्चिंग कर दी जाएगी तब उसके बगल के तीनों स्पैन को तीन माह के अंदर पूरा कर देना है। संबंधित एजेंसी द्वारा जानकारी दी गई कि सुपर स्ट्रक्चर से संबंधित बेयरिंग कोट, एक्सपेंशन जॉइंट, क्रैश बैरियर एवं आर ई वॉल का कार्य चल रहा है। इस परियोजना की उच्चस्तरीय समीक्षा भी की जा रही है।

जिलाधिकारी ने कार्यरत एजेंसी को निर्देश दिया कि वे अपने मैनपॉवर एवं मशीनरी में वृद्धि करते हुए शेष कार्यों को हर हाल में निर्धारित समय तक पूर्ण करें। साथ ही एजेंसी के कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी तथा लगाए गए संसाधनों का नियमित अनुश्रवण किया जाएगा। मौके पर र्रो सदर, सीओ, डीपीआरओ कमल सिंह, एजेंसी के प्रतिनिधि एवं बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## चोरौत हत्याकांड का उद्भेदन, महिला गिरफ्तार



गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** चोरौत थाना क्षेत्र के सखुआ/बटोलतवा चौर स्थित धान के खेत से नौ अगस्त को बरामद अज्ञात व्यक्ति के शव के मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर दिया है। इस संबंध में चोरौत थाना कांड संख्या 150/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी के निर्देश पर पुपरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एक महिला को चिह्नित कर गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में गिरफ्तार महिला ने बताया कि झाड़-फूंक के बहाने यौन शोषण एवं धमकी से तंग आकर उसने हत्या की घटना को अंजाम दिया।

महिला की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कैंची, मृतक का मोबाइल फोन तथा घटना के समय उसके द्वारा पहना गया कपड़ा बरामद किया गया। पुलिस ने बरामद सामग्रियों को विधिवत जब्त करते हुए गिरफ्तार महिला रंजीता कुमारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## 16 अगस्त को सीतामढ़ी जिला अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा पर बनायी जायेगी 92.3 किलोमीटर लंबी मानव शृंखला

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत सीतामढ़ी जिले में राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति एवं जनभागीदारी की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत-नेपाल सीमा से सटे करीब 92.3 किलोमीटर लंबे बॉर्डर रोड पर तिरंगे के साथ मानव शृंखला बनाई जाएगी। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर इसकी व्यापक तैयारी शुरू कर दी गई है। यह मानव शृंखला बैरगनिया, मेजरगंज, सोनबरसा, परिहार एवं सुरसंड प्रखंड क्षेत्रों से होकर गुजरेगी।

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सीतामढ़ी से जारी आदेश के अनुसार 16 अगस्त 2026 को मानव शृंखला का आयोजन निर्धारित किया गया है। आदेश में कार्यक्रम के समय में हस्तलिखित संशोधन करते हुए सुबह 6 बजे के स्थान पर सुबह 7 बजे से 8 बजे तक का समय अंकित किया गया है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जीविका दीदियों, किसानों, श्रमिकों, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं वंचित बस्तियों के नागरिकों, सरकारी कर्मियों, छात्र-छात्राओं तथा निजी एवं सरकारी विद्यालयों के बच्चों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। मानव शृंखला को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए प्रत्येक करीब 250 मीटर को उप-सेक्टर, करीब एक किलोमीटर को सेक्टर तथा आवश्यकतानुसार कई सेक्टरों को जोन में बांटने का निर्देश है। प्रत्येक सेक्टर के लिए प्रभारी, उप-सेक्टर प्रभारी, चिकित्सा दल, सुरक्षा व्यवस्था, तिरंगे की उपलब्धता एवं फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।




**तिरंगे के साथ दिखेगी राष्ट्रीय एकता की तस्वीर**

जीविका के माध्यम से करीब 68 हजार तिरंगे तैयार कराए जाएंगे तथा निर्धारित सेक्टरों में उनका वितरण किया जाएगा। शिक्षा विभाग को विद्यालयों के बच्चों की सुरक्षित भागीदारी सुनिश्चित करने, जबकि स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा दल, एम्बुलेंस एवं आवश्यक दवाओं की व्यवस्था का निर्देश दिया गया है। पुलिस प्रशासन पूरे मार्ग पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभालेगा। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को कार्यक्रम की व्यापक प्रचार-प्रसार व्यवस्था तथा फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराने की जिम्मेदारी दी गई है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से सफल बनाने तथा अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर परेड का पूर्वाभ्यास

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को आयोजित परेड पूर्वाभ्यास का जिलाधिकारी रिची पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पूर्वाभ्यास के दौरान परेड में शामिल जवानों ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप कदमताल, सलामी एवं अन्य गतिविधियों का अभ्यास किया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड में शामिल टुकड़ियों की अनुशासन, वेशभूषा, बूट, कदमों की एकरूपता, मार्चिंग एवं आपसी तालमेल के स्तर पर बारीकी से समीक्षा की। अधिकारियों ने परेड को और अधिक



पूर्वाभ्यास के दौरान निरीक्षण डीएम-एसपी व परेड में शामिल जवान।

प्रभावी एवं गरिमापूर्ण बनाने के लिए आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए।

पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित पुलिस पदाधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने समारोह स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा संभावित भीड़ को

**डीएम-एसपी ने लिया जायजा, संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए तैयारियां पूरी रखने का निर्देश दिया**

ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियां पूरी रखने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व के इस महत्वपूर्ण आयोजन में किसी भी स्तर पर कमी नहीं रहनी चाहिए। समारोह से जुड़े सभी दायित्वों का निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप निर्वहन सुनिश्चित करने तथा सभी व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा करने का निर्देश उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने समारोह में आने वाले अतिथियों एवं आम लोगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर जोर दिया। वहीं, पुलिस प्रशासन को विधि-व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को लेकर पूरी तरह सतर्क रहने को कहा गया।

अधिकारियों ने निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को अनुशासित, सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। जिला प्रशासन द्वारा समारोह की तैयारियों की लगातार समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मौके पर उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती,अनुमंडल पदाधिकारी सदर, आनंद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# सरप्लस शिक्षकों का तबादला : जरूरत से ज्यादा उलझा है समाधान

सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता और आवश्यकता के बीच संतुलन स्थापित करना शिक्षा व्यवस्था की बुनियादी जरूरत है। किसी विद्यालय में शिक्षक आवश्यकता से अधिक हों और किसी दूसरे विद्यालय में विषयवार शिक्षकों की कमी बनी रहे, तो ऐसी स्थिति निश्चित रूप से विचार का विषय बनती है। लेकिन इस असंतुलन का समाधान केवल स्थानांतरण के आदेश से नहीं हो सकता। इसके पीछे स्वीकृत पद, नियुक्ति की प्रक्रिया, विद्यालयों की वर्तमान छात्र संख्या, विषयवार आवश्यकता, शिक्षक-छात्र अनुपात और समय-समय पर हुए पदों के पुनर्गठन जैसे अनेक प्रशासनिक पहलू जुड़े होते हैं।"

इसी कारण सरप्लस नियमित शिक्षकों के स्थानांतरण का मामला विभाग के लिए एक साधारण स्थानांतरण प्रक्रिया से कहीं अधिक जटिल विषय बन गया है। 31 जुलाई 2026 तक स्वीकृत पदों की स्थिति, पूर्व में विभिन्न कोटियों के तहत हुई नियुक्तियां और वर्तमान में विद्यालयों की वास्तविक आवश्यकता इन सभी को एक साथ देखकर ही कोई स्थायी और विवादरहित रास्ता निकाला जा सकता है।

यहां सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरप्लस शब्द को भी केवल आंकड़े के आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। किसी विद्यालय में कुल शिक्षकों की संख्या अधिक दिखाई दे सकती है, लेकिन यदि वहां अलग-अलग विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं तो कुल संख्या के आधार पर उस विद्यालय को शिक्षक-संपन्न मान लेना उचित नहीं होगा। इसी तरह किसी विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ने के बाद वहां शिक्षकों की वास्तविक जरूरत भी बदल सकती है।

शिक्षा व्यवस्था में स्वीकृत पद एक प्रशासनिक आधार है, जबकि विद्यालय की वास्तविक आवश्यकता जमीनी स्थिति से तय होती है। दोनों के बीच सामंजस्य जरूरी है। यदि स्वीकृत पदों और कार्यरत शिक्षकों की संख्या में अंतर है, तो सबसे पहले यह स्पष्ट होना चाहिए कि यह अंतर किन परिस्थितियों में उत्पन्न हुआ।

पूर्व में स्वीकृत पदों के आधार पर नियुक्तियां हुई हों, बाद में विद्यालयों की छात्र संख्या बदली हो या पदों के पुनर्गठन के कारण वर्तमान स्थिति अलग हो गई हो, तो उसके लिए केवल शिक्षक को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। इसी तरह यदि किसी विद्यालय में लंबे समय से आवश्यकता से अधिक शिक्षक हैं और दूसरे विद्यालय में शिक्षकों की कमी है, तो उस असमानता को दूर करना भी विभाग की जिम्मेदारी है। अर्थात समाधान का आधार न तो केवल शिक्षक की संख्या हो और न केवल स्वीकृत पद, बल्कि विद्यालय की वर्तमान और वास्तविक शैक्षणिक जरूरत होनी चाहिए।

विभिन्न बैचों तथा 34,540 कोटि सहित अलग-अलग प्रक्रियाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्तियां हुई हैं। इन नियुक्तियों का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करना और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना रहा है। इसलिए वर्तमान में यदि कहीं पदों और कार्यरत शिक्षकों के बीच असंतुलन दिखाई देता है, तो उसका समाधान इस तरह होना चाहिए जिससे पूर्व में विधिवत हुई नियुक्तियों की स्थिति भी सुरक्षित रहे और वर्तमान प्रशासनिक जरूरत भी पूरी हो।

यही वह बिंदु है जहां विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। किसी शिक्षक को केवल इसलिए स्थानांतरित करना कि उसके विद्यालय में संख्या अधिक है, पर्याप्त आधार नहीं हो सकता। उसके विषय, नियुक्ति की स्थिति, संबंधित विद्यालय की आवश्यकता और जिस विद्यालय में स्थानांतरण प्रस्तावित है वहां की वास्तविक जरूरत को भी देखा जाना चाहिए। सरप्लस शिक्षकों के स्थानांतरण के मामले में नियमों की स्पष्टता सबसे महत्वपूर्ण है। यदि मौजूदा नियमावली में ऐसी परिस्थितियों के लिए पर्याप्त और स्पष्ट प्रावधान नहीं हैं, तो किसी भी बड़े स्तर की स्थानांतरण प्रक्रिया से पहले नियमों की व्याख्या अथवा आवश्यक संशोधन पर विचार करना स्वाभाविक है।

स्पष्ट नियम इसलिए भी जरूरी हैं क्योंकि स्थानांतरण का निर्णय हजारों शिक्षकों के सेवा जीवन से जुड़ा हो सकता है। नियम स्पष्ट होंगे तो विभागीय अधिकारियों के लिए निर्णय लेना आसान होगा, शिक्षकों के बीच अनिश्चितता कम होगी और भविष्य में विवाद की संभावना भी घटेगी। नीति का मूल सिद्धांत होना चाहिए । एक समान परिस्थिति में एक समान नियम। इससे न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि शिक्षकों का विश्वास भी मजबूत होगा। आज शिक्षा विभाग के पास विद्यालयवार शिक्षक, छात्र संख्या और अन्य आवश्यक आंकड़ों का डिजिटल रिकार्ड उपलब्ध है। लेकिन केवल पोर्टल पर दर्ज आंकड़े के आधार पर अंतिम निर्णय लेना भी हमेशा पर्याप्त नहीं हो सकता।

# नशे में पायलट : यात्री सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी



रजनीश कपूर

हवाई यात्रा आज आम आदमी की जरूरत बन चुकी है। लाखों यात्री रोज आसमान में उड़ान भरते हैं, इस भरोसे के साथ कि उनके जीवन की बागडोर संभालने वाले पायलट पूरी तरह सचेत, स्वस्थ और नशे से मुक्त होंगे। लेकिन जब भी कोई पायलट नशे या नशीले पदार्थ के प्रभाव में ककपिट में बैठता है, तो यह भरोसा टूट जाता है। यह सिर्फ नियम उल्लंघन नहीं, बल्कि सैकड़ों जिंदगियों के साथ खिलवाड़ है। भारत और दुनिया के कई देशों में ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जो यात्री सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

भारत में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के नियम काफी सख्त माने जाते हैं। एयरक्राफ्ट रूल्स 1937 के नियम 24 और सिविल एविएशन रियरमेंट्स (सीएआर) सेक्शन 5, सीरीज एफ के तहत पायलट और क्रू को उड़ान शुरू होने से कम से कम 12 घंटे पहले किसी भी नशीले पदार्थ, सेडेटिव, नार्कोटिक या स्टिमुलेंट का सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इन सभी पर 'बटल-टू-थ्रटल' नियम लागू है। कानून के मुताबिक 'ब्लड अल्कोहल कंसन्ट्रेशन' (बीएसी) जीरो होना चाहिए। हर पायलट और क्रू का 'प्री-फ्लाइट ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट' अनिवार्य है, जिसे अब कई जगह वीडियो रिकार्डिंग के साथ किया जाता है। कुछ मामलों में 'पोस्ट-फ्लाइट टेस्ट' भी जरूरी है। इसके साथ ही साइकोएक्टिव पदार्थो (जैसे मारिजुआना) के लिए भी सख्त डोप टेस्ट के प्रावधान हैं।

डीजीसीए के नियमों के अनुसार, पहली बार 'प्री-फ्लाइट पॉजिटिव' आने पर आमतौर पर तीन महीने का लाइसेंस निलंबन, दूसरी बार तीन साल और तीसरी बार स्थायी रद्दीकरण का प्रावधान है। पोस्ट-फ्लाइट पॉजिटिव पर पहली बार भी एक साल तक निलंबन हो सकता है। गौरतलब है कि टेस्ट से इनकार को भी सकारात्मक माना जाता है। इसके बावजूद इनके आंकड़े चिंताजनक हैं। 2023 की पहली छमाही में ही 33 पायलट और 97 केबिन क्रू ड्यूटी पर नशे में पाए गए।

वहीं हाल के उदाहरण चौंकाने वाले हैं। दिसंबर 2025 में वैंकूवर एयरपोर्ट पर एयर इंडिया के एक पायलट को उड़ान से पहले हटाया गया क्योंकि 'ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट' में बहुत ज्यादा अल्कोहल पाया गया। नतीजतन फ्लाइट घंटों देरी से निकली।

ताजा मामला अगस्त 2026 में एयर इंडिया की फुकेत-दिल्ली फ्लाइट में अचानक 300 फीट ऊंचाई घटने और कई यात्रियों के घायल होने के बाद पायलट-इन-कमांड का डोप टेस्ट पॉजिटिव आया, जिसमें मारिजुआना की पुष्टि हुई। इतना ही नहीं, यात्रियों ने पायलट की अजीब चाल और व्यवहार की शिकायत भी की। जिस कारण डीजीसीए ने दोनों पायलट को ड्यूटी से हटाया।

ऐसा सिर्फ भारत में ही नहीं होता, दुनिया भर में भी ऐसे कई मामले हैं। अमेरिका में एफएए के नियम 8 घंटे की 'अब्स्टिनेंस' और 0.04 प्रतिशत बीएसी लिमिट के हैं, जबकि यूरोप में ईएएसए 0.02 प्रतिशत तक अनुमति देता है। परंतु भारत का 'जीरो टॉलरेंस' कहीं ज्यादा कठोर है। फिर भी उल्लंघन होते हैं क्योंकि इंसान गलती करता है और कभी-कभी सिस्टम में सेंध भी लग जाती है।

> **नशे में पायलट कोई छोटी गलती नहीं। यह यात्री सुरक्षा के मूल पर हमला है। पायलट को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए, नियामक को कोई नरमी नहीं दिखानी चाहिए। कुछ निजी चार्टर सेवाओं के नशेड़ी पायलटों जैसे मामलों में अगर हल्की सजा दी गई तो यह गलत मिसाल है। यात्री का भरोसा तभी बनेगा जब हर उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई हो।**

ऐसे में पायलट की जिम्मेदारी सबसे बड़ी होती है। उसे खुद घोषणा करनी चाहिए कि उसने कोई नशीला पदार्थ नहीं लिया। मेडिकल सर्टिफिकेट और फिटनेस के लिए ईमानदारी जरूरी है। अगर ऐसी कोई दवा ली है, जिसमें नशीले पदार्थ होते हैं तो कंपनी डक्टर से सलाह अनिवार्य है, क्योंकि कई दवाएं भी 'ब्रेथ टेस्ट पॉजिटिव' कर सकती हैं। नशे में उड़ान भरना न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है बल्कि आपराधिक लापरवाही भी हो सकती है। नशा निर्णय लेने की क्षमता, रिएक्शन टाइम, स्पेसियल ओरिएंटेशन और आपात स्थिति संभालने की शक्ति को बुरी तरह प्रभावित करता है। थकान के साथ मिलाकर यह घातक हो जाता है। छोटी सी गलती से प्लेन क्रैश हो सकता है, सैकड़ों मौतें हो सकती हैं।

डीजीसीए जैसे नियामक की जिम्मेदारी है कि वह नियमित और सरप्राइज चेक करे, टेस्टिंग की विश्वसनीयता सुनिश्चित करे और उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करे। नियमों को और कठोर बनाया गया है, वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य की गई है, रिपोर्टिंग 24 घंटे में जरूरी है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या हमेशा सख्ती बरती जाती है कई मामलों में पहली गलती पर तीन महीने का निलंबन और 'रिहैबिलिटेशन' का रास्ता खुला छोड़ दिया जाता है।

वहीं कुछ निजी चार्टर सेवाओं में कैप्टन एचएस विर्दी जैसे मामलों में डीजीसीए द्वारा कथित तौर पर हल्की सजा देने की शिकायतें भी सामने आई हैं, जहां गंभीर उल्लंघन के बावजूद मामूली सजा दी गई। ऐसे कई उदाहरण हैं जो नियामक की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े करते हैं। यात्री सुरक्षा में कोई समझौता नहीं होना चाहिए। अगर कोई पायलट बार-बार उल्लंघन करता है या स्पष्ट रूप से प्रभावित होकर उड़ान भरता है, तो लाइसेंस रद्द करने में देर नहीं लगानी चाहिए।

डीजीसीए ने कई मामलों में सख्ती भी दिखाई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने भी जीरो टॉलरेंस नीति को बरकरार रखा है। लेकिन प्राइवेट चार्टर और छोटे ऑपरेटर्स पर नजर रखना चुनौती है। एयरलाइंस को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। सिर्फ नियम बनाने से काम नहीं चलेगा, लागू करने और उदाहरण पेश करने की भी जरूरत है।

नशे में पायलट कोई छोटी गलती नहीं। यह यात्री सुरक्षा के मूल पर हमला है। पायलट को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए, नियामक को कोई नरमी नहीं दिखानी चाहिए। कुछ निजी चार्टर सेवाओं के नशेड़ी पायलटों जैसे मामलों में अगर हल्की सजा दी गई तो यह गलत मिसाल है। यात्री का भरोसा तभी बनेगा जब हर उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई हो। आसमान सुरक्षित तभी रहेगा जब कॉकपिट में पूरी तरह जागरूक और नशे से मुक्त हाथ होंगे। सरकार, डीजीसीए और एयरलाइंस को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पायलट यात्रियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ न कर सके। सुरक्षा कोई समझौता नहीं, बल्कि पूर्ण प्रतिबद्धता है।

*(लेखक वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)*
*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

## डिजिटल क्रांति ने लोगों को ताकतवर बनाया

**डिजिटल टेक्नोलॉजी** ने आदमी को कितना ताकतवर बना दिया है, इसका उदाहरण हम लोगों ने अभी जंतर-मंतर पर नई पीढ़ी के नौजवानों और नवयुवतियों के आंदोलन में देखा। अगर आप उसके कालक्रम को देखें तो 15 मई को हमारे मुख्य न्यायाधीश ने नौजवानों के अंदर, खासकर नौजवान वकीलों के अंदर जो बेचैनी है, उसको लेकर कहा कि ये लोग 'कॉकरोच' हैं। अगले ही दिन अमेरिका में बोस्टन यूनिवर्सिटी के एक नौजवान अभिजीत दीपके ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' बना दी। दो-तीन दिन के अंदर दो करोड़, ढाई करोड़ लोग उसके साथ जुड़ गए और चार-पाँच दिन बाद तो यह संख्या चार-पाँच करोड़ तक पहुँच गई। वहीं से जंतर-मंतर पर धरना देने की घोषणा हुई। उनकी मुख्य माँग शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की थी।. जहाँ राजनाथ सिंह कहते थे कि मोदी सरकार में इस्तीफा नहीं होता है । वहीं 36-37 दिनों के आंदोलन ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देने के लिए बाध्य कर दिया। इतना ही नहीं, यह आंदोलन देश के कई इलाकों में फैल गया । कई जगह स्कूल के बच्चों और बच्चियों ने धरना दिया, नारे लगाए और अपनी समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाई। पटना में भी हमने ऐसा देखा। यह जो बदलाव है, इसे आसानी से रोका नहीं जा सकता, हालाँकि इसे रोकने की कोशिश हो रही है।

मेरे कहने का मतलब यह है कि डिजिटल क्रांति ने लोगों को ताकतवर बनाया है । अब आप कल्पना कीजिए कि गांधी जी के जमाने में इस तरह की कोई तकनीक नहीं थी। 1931 में पहली दफा करांची कांग्रेस के सम्मेलन में गांधी जी ने लाउडस्पीकर पर भाषण दिया था। फिर सवाल उठता है कि बगैर तकनीक के गांधी जी ने पूरे देश को एकजुट कैसे किया यह अपने आप में आश्चर्य की बात है। उन्होंने किस तरह लोगों को जोड़ा, यह समझने की जरूरत है। टाइम मैगजीन ने भी एक समय उन्हें 'मैन ऑफ द ईयर' घोषित किया था। यानी बिना आज की डिजिटल टेक्नोलॉजी के भी उन्होंने लोगों को एकजुट किया। हालाँकि जिस समय गांधी जी ने अपना अभियान चलाया था, उस समय देश की आबादी बहुत कम थी। आज देश की आबादी बहुत अधिक है और देश का विस्तार भी बहुत बड़ा है। इसलिए गांधी जी वाला तरीका आज उसी रूप में चल सकता है या नहीं, इस पर हम दावे के साथ कुछ नहीं कह सकते। लेकिन उस जमाने में जब कोई आधुनिक टेक्नोलॉजी नहीं थी, यहाँ तक कि लाउडस्पीकर भी गांधी जी को अपने जीवन के अंतिम दौर में मिला। । उन्होंने टेलीग्राम का खूब इस्तेमाल किया।

*(शिवानन्द तिवारी के फेसबुक वॉल से )*

# देशभक्ति गीतों से गूंज उठा स्वाभिमान साहित्यिक मंच का 48वां राष्ट्रीय कवि दरबार




स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर स्वाभिमान साहित्यिक मंच द्वारा आजादी दिवस विशेष 48 वें राष्ट्रीय कवि दरबार का भव्य आयोजन किया गया। देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए रचनाकारों ने अपनी मधुर वाणी और ओजस्वी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

कार्यक्रम के संयोजक नरेश कुमार आष्टा रहे, जबकि इसकी अध्यक्षता संजय दर्दी चोपड़ा, पटियाला ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन जागृति गौड़, पटियाला ने किया, जिन्होंने अपनी वाक्पटुता और देशभक्ति शायरी से पूरे माहौल में जोश भर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जागृति गौड़ द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सरस्वती वंदना से हुआ। उन्होंने आजादी के विभिन्न पहलुओं, रहस्यों और ज्ञानवर्धक जानकारियों से सभी को अवगत कराया।

अमरोहा से हरमिंदर कौर ने अपनी रचना शहीदों की जब बात चली, देश की माटी भी महक उठी। सौ-सौ बार नमन उन वीर सपूतों को, जिनकी खातिर हमको आजादी मिली। सुनाकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संपत्ति चौरे स्वाति ने अपने प्यारे देश की महिमा का बखान करते हुए कहा, दिल में एकता की भावना जहां शांति का संदेश है। प्राणों से भी प्यारा हमको हमारा भारत देश है। उनकी इस रचना ने खूब वाहवाही बटोरी। आंदोलनकारी भूपेंद्र सिंह देव ताऊजी उत्तराखंड से ने देश के शहीदों को नमन करते हुए अपनी रचना भारत माता के शहीदों की यह शहादत एक अनमोल धरोहर है। हर रक्त की बूंद ने साकार किया स्वाधीनता का ये सफर है। सुनाई, जिससे सभी श्रोता आत्मिक रूप से विभोर हो गए।

श्रीनगर, उत्तराखंड से शंभु प्रसाद भट्ट स्नेहिल ने हिंदुस्तान की शान का बखान करते हुए कहा, हिंदुस्तान की यह शान है, अनेकता में एकता ही पहचान है। भेद नहीं है यहां कोई मन का, भरा भाव है यह सब जन का। नई दिल्ली से कालजयी घनश्याम ने अपनी देशभक्ति से भरपूर गजल वतन के लिए ही जतन जिंदगी है, वतन ही मेरा जानेमन जिंदगी है सुनाकर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। संतोष पुरी, नई दिल्ली ने बचपन की यादों के साथ देशभक्ति के गीत गाए और अपनी रचना चलो सब मिलकर आजादी का जश्न मनाएं, गर्व से सर ऊंचा कर भारतीय कहलाएं प्रस्तुत की।

पटना से सिद्धेश्वर ने अपनी आजाद गजल दिल में देशभक्ति, आंखों में चमक है, क्रांति की आग में गजब की दहक है। खूब सुनाई देगी दुश्मनों को हुंकार, हमारी इस आवाज में इतनी दमक है। सुनाकर माहौल को पूरी तरह बदल दिया।

उत्तराखंड से अखिलेश कुमार डोभाल और पटियाला, पंजाब से संजय दर्दी चोपड़ा और मध्यप्रदेश से संतोष मालवीय ने अपनी रचनाओं से सभी को रोमांचित कर दिया।

कार्यक्रम के अंत में, पटियाला से जागृति गौड़ ने देशभक्ति गीतों के साथ अपनी मार्मिक रचना सड़कों पर सोता है बचपन, भूख से लाचार है, तब पूछता है दिल मेरा क्या हम आजाद हैं सुनाकर सभी को आज के दौर के देश के हालात पर सोचने पर मजबूर कर दिया। सभी रचनाकारों ने मिलकर सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा गीत गाकर कार्यक्रम का समापन किया। यह कवि दरबार देशभक्ति की भावना और साहित्यिक अभिव्यक्ति का एक अद्भुत संगम रहा। *( प्रस्तुति सिद्धेश्वर )*

# होम क्रेडिट इंडिया का नया कैंपेन-खुद पर निर्भर रोजमर्रा की वित्तीय स्वतंत्रता को करता है उजागर

**होम क्रेडिट इंडिया,** एक अग्रणी कंज्यूमर फाइनेंस कंपनी, ने अपने नए स्वतंत्रता दिवस ब्रांड कैंपेन : खुद पर निर्भर को लॉन्च करने की घोषणा की है, जो खुद के वित्तीय फैसले लेने की आजादी का जश्न मनाता है। यह अभियान इस विश्वास पर आधारित है कि स्वतंत्रता केवल साल में एक बार मनाया जाने वाला सामूहिक माइलस्टोन नहीं है, बल्कि यह लाखों भारतीयों के लिए एक रोजमर्रा की व्यक्तिगत उपलब्धि भी है। यह अभियान वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के हर एक व्यक्तिगत क्षण को उस भारत के रूप में दर्शाता है जो एक समय में एक फैसला लेकर अधिक आत्मनिर्भर बन रहा है।

यह कैंपेन सुलभ और सुविधाजनक वित्तीय साल्यूशन्स के साथ उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए होम क्रेडिट इंडिया की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है, साथ ही ब्रांड के मूल दर्शन रुजीहिट को भी जीवंत करता है।

कैंपेन फिल्म यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और लिंक्डइन पर अब लाइव उपलब्ध है। एक आवाज से लेकर रोजमर्रा की आजादी के कोरस तकयह फिल्म विभिन्न लिंग, उम्र, स्थान और जीवन के पड़ावों का प्रतिनिधित्व करने वाले 10 प्रमुख पात्रों को दर्शाती है। अपना पहला दोपहिया वाहन खरीदने और खुद कॉलेज की फीस भरने से लेकर व्यवसाय शुरू करने, घर का रिनोवेशन करने या कृषि में निवेश करने तक, यह कैंपेन उन कई तरीकों को दिखाता है जिनसे रोजमर्रा के जीवन में वित्तीय स्वतंत्रता नजर आती है।

फिल्म की शुरुआत कानपुर की एक 24 वर्षीय युवती से होती है, जो कैमरे के सामने सीधे अपनी पहली स्कूटर खरीदने की उपलब्धि के बारे में बात करती है। इसके बाद कैमरा पीछे हटता है और जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों, क्षेत्रों और पीढ़ियों के अधिक लोगों को दिखाता है। हर व्यक्ति वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने के अपने अनुभव को साझा करता है, जो रुखुदपरनिर्भर होने के एक अलग अर्थ को दर्शाता है। जैसे-जैसे उनके व्यक्तिगत बयान एक साथ आते हैं, फिल्म व्यक्तिगत स्वतंत्रता के एक सामूहिक कोरस में बदल जाती है, जो व्यक्तिगत उपलब्धियों को एक आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर भारत के जश्न के रूप में बदल देती है।

इस कैंपेन पर बात करते हुए, आशीष तिवारी, चीफ मार्केटिंग एंड पीपल ऑफिसर, होम क्रेडिट इंडिया ने कहा- स्वतंत्रता हमेशा से भारतीय कल्पना में सबसे शक्तिशाली विचारों में से एक रही है। लेकिन जहां हम हर स्वतंत्रता दिवस पर अपनी सामूहिक आजादी का जश्न मनाते हैं, वहीं लाखों भारतीय हर दिन स्वतंत्रता के अपने क्षणों को महसूस कर रहे हैं। चाहे वह अपने पैसों से पहली बार कुछ खरीदना हो, कोई व्यवसाय शुरू करना हो, अपनी शिक्षा की फीस देना हो या अपने परिवार के लिए कोई निर्णय लेना हो, ये क्षण अत्यधिक व्यक्तिगत गर्व से भरे होते हैं। खुद पर निर्भर के साथ, हम इस रोजमर्रा की वित्तीय स्वतंत्रता का जश्न एक सरल, ईमानदार और गहराई से रिलेटेबल तरीके से मनाना चाहते हैं।

# गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 सीरीज : फोल्डेबल तकनीक में बड़ी छलांग



**सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स** ने पिछले महीने 22 जुलाई को अपनी गैलेक्सी जेड सीरीज की 8वीं पीढ़ी के स्मार्टफोन्स पेश किए, जिनमें गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड 8, और गैलेक्सी जेड फ्लिप 8 शामिल हैं। पिछले कई सालों में यूजर्स से मिले फीडबैक और इंजीनियरिंग में किए गए नवाचारों के आधार पर तैयार किए गए ये स्मार्टफोन फोल्डेबल तकनीक में एक महत्वपूर्ण छलांग हैं, जो बाजार में सबसे बेहतरीन फोल्डेबल के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करते हैं।

इन डिवाइसेस के सफल लॉन्च के बाद, सुंगहून, एग्जक्यूटीव वाइस प्रेसिडंट एंड सिनियर एग्जक्यूटीव ऑफ मोबाइल आर एंड डी ऑफिस ने इंजीनियरिंग को लेकर कंपनी के यूजर-केंद्रित दृष्टिकोण के बारे में अपनी राय व्यक्त की।

सुंगहून, ने कहा, शुरुआत से ही, हमने फोल्डेबल डिवाइसेस को एक ऐसे अवसर के रूप में देखा, जिससे लोगों के स्मार्टफोन इस्तेमाल करने के तरीके को नया रूप दिया जा सके। सात पीढ़ियों के सफर में, हमने यह समझा है कि लोग अपने डिवाइसेस को कैसे खोलते हैं, साथ रखते हैं, अनफोल्ड करते हैं और उन पर भरोसा करते हैं।

यूजर्स से मिली इन जानकारियों ने सैमसंग की इंजीनियरिंग प्राथमिकताओं को आकार दिया, बड़ा और अधिक इमर्सिव डिस्प्ले, ड्यूरैबिलिटी से समझौता किए बिना पतली और हल्की डिजाइन, अल्ट्रा-परफर्मेंस, जो फोल्डेबल फर्म फैक्टर के अनूठे फायदों को बरकरार रखती है। उन्होंने समझाया कि फोल्डेबल इनोवेशन के प्रति सैमसंग का ष्टिकोण ष्एक कनेक्टेड सिस्टमष की इंजीनियरिंग पर आधारित है।

सैमसंग ने अपने नवीनतम फोल्डेबल डिवाइसेस को एक कनेक्टेड सिस्टम के रूप में बनाया है, ताकि यूजर्स के लिए कई बड़े और महत्वपूर्ण सुधार दिए जा सकें।

सुंगहून, ने कहा, फोल्डेबल डिवाइसेस के साथ, हर कंपोनेंट एक-दूसरे से जुड़ा होता है। जैसे कि, किसी डिवाइस को अधिक पतला बनाने का मतलब है उसकी डिस्प्ले, हिंज, बैटरी, थर्मल सिस्टम और इंटरनल आर्किटेकचर को एक साथ नए सिरे से डिजाइन करना। यह संपूर्ण इंजीनियरिंग फिलासफी सामग्री और कंपोनेंट डिजाइन से लेकर मैन्युफैक्चरिंग वैलिडेशन और फाइनल प्रोडक्ट एक्सपीरियंस तक फैली हुई है, जिससे इंजीनियरिंग में होने वाली प्रगति उन सुधारों के रूप में सामने आती है जिन्हें लोग हर दिन अनुभव करते हैं।

फ्लेक्स टाइटेनियम तकनीक : अधिक पतली, टिकाऊ डिस्प्ले और कम क्रीज का अनुभव :

सैमसंग ने बताया कि उसकी नई गैलेक्सी जेड सीरीज में फ्लेक्स टाइटेनियम तकनीक पेश की गई है, जो फोल्डेबल डिवाइसेस को अधिक पतला और हल्का बनाती है। एयरोस्पेस जैसे मांग वाले उद्योगों में अपनी मजबूती और विकृति के प्रति प्रतिरोध क्षमता के लिए जाने जाने वाले टाइटेनियम को फोल्डेबल डिस्प्ले में इसकी उपयुक्तता के कारण चुना गया था। सैमसंग की फ्लेक्स टाइटेनियम इंजीनियरिंग दो टाइटेनियम-आधारित घटकों का संयोजन करती है : स्ट्रकचरल सपोर्ट के लिए डिस्प्ले के नीचे एक टाइटेनियम प्लेट, और लचीलेपन व मजबूती के लिए एक सटीक-इंजीनियर लैटिस स्ट्रक्चर। इसके अतिरिक्त डिस्प्ले पैनल के नीचे एक टाइटेनियम -अलॉय फिल्म बार-बार फोल्ड करने के लिए अतिरिक्त मजबूती, लचीलापन और इलास्टिक रिकवरी सुनिश्चित करती है।

फ्लेक्स टाइटेनियम तकनीक में असाधारण रूप से पतली टाइटेनियम -अलॉय फिल्म और सटीक रूप से इंजीनियर टाइटेनियम प्लेट शामिल है।

सुंगहून, ने कहा, इन सभी नवाचारों ने मिलकर डिस्प्ले सपोर्ट स्ट्रक्चर को मजबूत किया है और डिस्प्ले मड्यूल की मोटाई को 10 प्रतिशत तक कम किया है, जिससे बैटरी, थर्मल सिस्टम और कैमरा के लिए अतिरिक्त जगह मिली है। यूजर्स के लिए इसका मतलब है : अधिक फ्लैट और इमर्सिव डिस्प्ले के साथ एक पतला और हल्का डिवाइस, जिसमें स्क्रीन पर दिखने वाली क्रीज भी कम हो जाती है।

लंबे बैटरी बैकअप, तेज चार्जिंग और स्लिम डिजाइन के लिए यूजर्स की उम्मीदों को पूरा करने के लिए सैमसंग ने बैटरी सिस्टम को पूरी तरह बदल दिया है। गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा में 5,000 एमएएच की बैटरी दी गई है, जिसमें ज्यादा एनर्जी डेंसिटी के लिए सिलिकन-कार्बन एनोड का इस्तेमाल किया गया है।

सुंगहून, ने कहा, हमने हर फोल्डेबल मॉडल के हिसाब से चार्जिंग का तरीका तैयार किया है। गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा और गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 में ड्यूल-पाथ चार्जिंग सिस्टम दिया गया है, जो पूरे बैटरी सिस्टम में ज्यादा सही तरीके से बिजली पहुँचाने में मदद करता है।

## प्रवचन

# सांसारिक वस्तुओं को अपना मानना ही बंधन का कारण : जीयर स्वामी

**गुरु, जनक-जननी एवं संबंधियों से मिलते हैं संस्कार**

**जन्म से मृत्यु तक करें धर्म का आचरण**

संसार बंधन का कारण नहीं, बल्कि संसार की वस्तु हमारी है, यही बंधक का कारण है। बाल्यावस्था में विद्या अर्जित करनी चाहिए। जवानी में विवाह कर पत्नी के साथ मर्यादित जीवन जीना चाहिए। वृद्धावस्था में आवागमन से मुक्ति का उपाय करना चाहिए। धर्म का आचरण मनुष्य को जन्म से लेकर मृत्युपर्यन्त करना चाहिए। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

श्री जीयर स्वामी ने श्रीमद् भागवत महापुराण के सातवें स्कन्ध में वर्णित कथा की चर्चा करते हुए कहा कि प्रह्लाद जी अपने पिता हिरण्यकश्यपु को उपदेश दे रहे थे। उनके पिता ने पूछा कि तुम्हारे पास ज्ञान कहाँ से आया प्रह्लाद जी ने कहा कि ज्ञान और संस्कार माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी, पूर्व जन्म के अपने कर्म, संगत और गुरु के सान्निध्य से प्राप्त होते हैं।

स्वामी जी ने कहा कि जब प्रह्लाद माँ कयाधु के गर्भ में थे तो वह नारद जी के आश्रम में थीं। नारद जी के संग एवं सत्संग के कारण गर्भ में ही प्रह्लाद जी ज्ञान और संस्कार की शिक्षा प्राप्त कर लिए थे। प्रह्लाद जी के दादा कश्यप ऋषि का संस्कार भी उनमें था। स्वामी जी ने कहा कि मानव जीवन दुर्लभ है। अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष मानव को उसके कर्म और कर्तव्यनिष्ठा प्राप्त कराते हैं। मोह में नहीं फंसना चाहिए। किसी की सेवा के बदले उससे कुछ प्राप्त करने की कामना ही मोह है। केवल अपनी वस्तुओं से प्रसन्न रहना उचित नहीं। अपने आस-पड़ोस, समाज और देश के संसाधनों की उपलब्धता के प्रति भी प्रसन्न रहना चाहिए।

स्वामी जी ने कहा कि जिसे पकड़ने के बाद हम गिरने से बच जाएं, वह धर्म है। धर्म के अनुरूप आचरण करना चाहिए। जो लोग धर्म के अनुरूप आचरण करते हैं, वे प्रसन्न रहते हैं। धर्मार्थ का काम जीवन भर करना चाहिए, ताकि जीवन और मृत्यु दोनों मंगलमय हो जाए। भगवान की प्राप्ति के दस उपाय हैं। अपनी वाणी द्वारा गलत बातें नहीं बोले। जो लोग ऐसा करते हैं उसे शास्त्र के अनुसार मौन कहा जाता है। ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए, जिससे आध्यात्मिक शक्ति के साथ व्यावहारिक जीवन सुधर जाता है। जीवन ज्ञानमय होना चाहिए, ताकि जीवन के उद्देश्य की जानकारी हो सके।

समय निकाल कर व्रत का अनुष्ठान करते हुए एवं पर्व मनाना चाहिए। स्वाध्याय होना चाहिए। मुक्तिदायक शास्त्रों का अध्ययन और स्वयं का आंकलन स्वाध्याय है। स्वधर्म का पालन करना चाहिए। यानी गृहस्थ को साधु नहीं बनना चाहिए। अपनी वृति के अनुसार सदाचार पूर्वक कार्य करनी चाहिए। शास्त्रों का ज्ञान होना चाहिए और साधु को गृहस्थ की प्रवृत्ति नहीं अपनानी चाहिए। भगवान के नाम का जाप हमेशा करना चाहिए। एकांत सेवन करना चाहिए। कभी-कभी योग-प्राणायाम द्वारा समाधि लगानी चाहिए। सब कुछ के बावजूद इंद्रियों पर नियंत्रण रखना चाहिए।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर गांधी मैदान में फुल ड्रेस रिहर्सल, डीएम ने ली परेड की सलामी

**मोतिहारी (एनएसबी)।** स्वतंत्रता दिवस-2026 के अवसर पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों के तहत गुरुवार को मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में झंडोत्तोलन एवं परेड का फुल ड्रेस पूर्वाभ्यास किया गया। जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव ने परेड की सलामी ली। जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण प्रभात ने संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया।

फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान परेड में शामिल जवानों एवं छात्र-छात्राओं ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। जिला प्रशासन की ओर से स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, पूर्वी चंपारण श्री मुकेश कुमार सिंहा, उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) श्री शैलेंद्र कुमार भारती, एडीएम विभागीय जांच मो़ सिबगतुल्लाह, सहायक समाहर्ता श्री राजष्ण झा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी श्री अरुण कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर मोतिहारी श्री दिलीप कुमार, वरीय उप समाहर्ता श्रीमती प्रेमलता, श्री अमरेश कुमार, सुश्री निधि कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राजन कुमार गिरी, जिला कल्याण पदाधिकारी श्री संतोष कुमार पांडेय सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एमएस कलेज, मोतिहारी के पूर्व प्राचार्य श्री अरुण कुमार ने किया। फुल ड्रेस रिहर्सल कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव ने परेड की सलामी ली।

15 अगस्त को मंत्री श्रवण कुमार करेंगे ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2026 को पूर्वा 9 बजे गांधी मैदान, मोतिहारी में जिला स्तरीय मुख्य समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माननीय मंत्री सह पूर्वी चंपारण जिले के प्रभारी मंत्री श्री श्रवण कुमार राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

जिला स्तरीय समारोह में कुल आठ प्लाटून परेड में भाग लेंगे। इनमें एसएसबी, बीएमपी, होमगार्ड, सैप, डीएपी, एनसीसी सीनियर तथा स्काउट एंड गाइड के बच्चे शामिल होंगे। समारोह को लेकर गांधी मैदान में सुरक्षा, परेड एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं।

## केवीके पिपराकोठी में हरियाली अमावस्या पर पौधरोपण
## एक पेड़ मां के नाम अभियान से पर्यावरण संरक्षण

**पीपराकोठी।** कृषि विज्ञान केंद्र में हरियाली अमावस्या के अवसर पर ष्एक पेड़ मां के नामष अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस दौरान केवीके के कर्मचारियों और आईएआरआई पटना हब के रावे (टॉम) विद्यार्थियों ने मिलकर करीब 75 पौधे लगाए।केवीके पिछले तीन वर्षो से अपने परिसर में लगातार पौधरोपण कर रहा है। अब तक सागवान, आम, लीची, अमरूद, नींबू और लन्गान सहित विभिन्न प्रकार के लगभग 565 पौधे लगाए जा चुके हैं। केवीके प्रमुख ड़ अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि तीन वर्ष पहले लगाए गए अमरूद और



पौध रोपन करते लोग।

नींबू के पौधों में अब फल आने लगे हैं। इन फलों की बिक्री से लगभग 22 हजार रुपये की आय भी हुई है।इस पहल से न केवल हरियाली बढ़ी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को भी बढ़ावा मिला है। पक्षियों की संख्या में वृद्धि से खेतों में कीट नियंत्रण में भी मदद मिल रही है, जिससे रासायनिक कीटनाशकों की आवश्यकता कम हो रही है।कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्हें फलदार पौधों, अंतरवर्ती फसलों, खरपतवारों की पहचान और षि में उनके महत्व की व्यावहारिक जानकारी भी प्रदान की गई।केवीके के वैज्ञानिकों ने इस अवसर पर कहा कि पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों को आर्थिक लाभ भी मिल सकता है। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की।

## पर्यटन मंत्री से गणिनाथ सेवा संस्थान ने की मांग

**चकिया।** श्री महावीर बाबा गणिनाथ सेवा संस्थान ट्रस्ट चकिया के द्वारा बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता को श्री ष्ण जन्मोत्सव व बाबा गणिनाथ जयंती महोत्सव को राज्य सूची में जोड़ने तथा वर्तमान भौगोलिक एवं ऐतिहासिक परिश्य में आवश्यक विकास कार्य सुनिश्चित करने के संदर्भ में आवेदन दिया गया ।चकिया रेलवे स्टेशन के निकट स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले श्री ष्ण जन्मोत्सव एवं बाबा गणिनाथ के जयंती महोत्सव बृहद मेला का रूप लेता है। आगामी 4 सितंबर को ष्ण जन्मोत्सव छठी तथा 11 व 12 सितंबर को बाबा गणिनाथ जयंती कार्यक्रम होना है।वहां पर यात्री निवास हेतु भव्य अतिथि गृह व प्रवचन हल बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, चेम्बर्स अफ कमर्स के सचिव लखींद्र कुमार गुप्ता, विकलांग संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता मौजूद थे।



आवेदन लेते पर्यटन मंत्री।

## 18 अगस्त को पूर्वी चंपारण की 59 पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर

**मोतिहारी (एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले के शेष 21 प्रखंडों की 59 पंचायतों में 18 अगस्त 2026 को पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। आम नागरिकों को अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रखने तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से बिहार सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा रोस्टर के अनुसार इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को आवंटित प्रखंड एवं पंचायतों में सहयोग शिविर को सफल बनाने के लिए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक के पदाधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैंस सहयोग शिविर से संबंधित जानकारी टोल फ्री नंबर 1100 पर सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। वहीं लिवहइपींत्हवअ्पद पोर्टल के माध्यम से अनलाइन परिवाद भी दर्ज कराया जा सकता है। दर्ज परिवादों का 30 दिनों के अंदर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। इन पंचायतों में होगा शिविर रू आदापुर की भेरीहारी, बखरी व कोरैयाय छौड़ादानो की खैरवा व जीतपुरय रामगढ़वा की मुरला व बेलाय रक्सौल की पलनवा जगधर, लौकरिया व परसौना तपसीय चिरैया की पकड़ी कपूर, रूपहारा, रामपुर दक्षिणी, सेमरा, खरतरी पूर्वी व मिश्रौलियाय ढाका की चंदनबारा, जमुआ, मलकौनिया, पचपकड़ी, झिटकही व भंडारय घोड़ासहन की विजयी, समनपुर व लौखानय मधुबन की कौरिया, मधुबन उत्तरी व मधुबन दक्षिणीय पताही पूर्वी व पताही पश्चिमीय बंजरिया की फुलवार उत्तरी व फुलवार दक्षिणीय कोटवा की जागीराहा व भोपतपुर उत्तरीय मोतिहारी की गोढवा व रुलहीय सुगौली की श्रीपुर उत्तरी व श्रीपुर दक्षिणीय चकिया की बरमदिया व बैशहाय कल्याणपुर की राजपुर, शंभूचक, सिसवा पटना, परसौनी वाजिद व कल्याणपुरय केसरिया की बथना, मठिया व पश्चिमी सुंदरापुरय मेहसी की परसौनी देवाजीत, महम्मदपुर मझौलिया व उझीलपुरय अरेराज की नगदाहा व चटिया चिंतामनपुरय हरसिद्धि की हरपुरराय, मुरारपुर व गायघाटय पहाड़पुर की पूर्वी सिसवा व इनरवा भार तथा संग्रामपुर की मधुबनी दक्षिणी व मधुबनी पश्चिमी पंचायत में शिविर आयोजित होगा।आदापुर में डीडीसी ड़ प्रदीप कुमार, छौड़ादानो में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़वा में एसडीओ रक्सौल, चिरैया में अपर समाहर्ता विभागीय जांच मो़ सिबगतुल्लाह तथा घोड़ासहन में डीसीएलआर सिकरहना को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।प्रशासन के अनुसार फेनहारा, पिपराकोठी, तेतरिया, पकड़ीदयाल, बनकटवा और तुरकौलिया प्रखंड की सभी पंचायतों में पहले ही सहयोग शिविर आयोजित किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने 18 अगस्त के शिविर से पूर्व संबंधित पंचायतों में अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने और प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## चोरी के टोटो काटने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**मोतिहारी (एस एन बी)।** मोतिहारी जिले में चोरी की गाड़ियों की खरीद-बिक्री और उन्हें काटकर कबाड़ में बेचने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के कड़े निर्देश पर नगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अवैध गैरेज पर छापेमारी की और इस धंधे में शामिल तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार, नगर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शहर के पाम बेरी होटल के बगल में स्थित एक गैरेज में चोरी के ई-रिक्शा को काटने और उन्हें कबाड़ के भाव बेचने का अवैध धंधा चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने उक्त ठिकाने पर योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से कई चोरी की अटो (टोटो) बरामद की हैं। इसके साथ ही टोटो को काटने वाले उपकरण और कटे हुए पुर्जे भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने मौके से ही गिरोह के तीन सदस्यों को रंगे हाथ धर दबोचा लिया है।वही पुलिस पूरे सिंडिकेट के खुलासे में जुटी है ।नगर थाना पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है। पुलिस का मानना है कि इस गिरोह के तार शहर और आसपास के अन्य इलाकों से भी जुड़े हो सकते हैं। फिलहाल पुलिस टोटो चोरी करने, उन्हें खपाने और कबाड़ में बदलने वाले इस पूरे नेटवर्क और सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# महावीरी झंडा जुलूस पर शांति समिति की बैठक, पीपराकोठी में सौहार्द बनाए रखने की अपील, पुलिस ने दिए निर्देश

**पीपराकोठी (एनएसबी)।** थाना परिसर में आगामी महावीरी झंडा जुलूस के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने की। बैठक में एएसपी सुनील कुमार, प्रमुख रजनीश कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

एएसपी सुनील कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि महावीरी झंडा आस्था और सामाजिक एकता का पर्व है। इसे आपसी भाईचारे और शांति के वातावरण में मनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और सोशल मीडिया पर भड़काऊया आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचने की अपील की।

एएसपी ने चेतावनी दी कि यदि कोई संदिग्ध गतिविधि या कानून-व्यवस्था से जुड़ी सूचना मिले तो तत्काल पुलिस को अवगत कराएं। अफवाह फैलाने वालों एवं माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि जुलूस निर्धारित मार्ग एवं तय समय के अनुसार ही निकाला जाएगा। डीजे, ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं अन्य व्यवस्थाओं में प्रशासन के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने सभी अखाड़ा समितियों, युवाओं और जनप्रतिनिधियों से प्रशासन का सहयोग करने तथा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की।थानाध्यक्ष ने यह भी कहा कि पुलिस पूरी तरह सतर्क है और पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। बैठक में मुखिया उपेंद्र पासवान, हेमंत कुमार, जितेंद्र यादव, रामानंद पासवान, पैक्स अध्यक्ष भाग्यनारायण यादव, पूर्व प्रमुख सुदर्शन राय, पूर्व मुखिया दिवाकर पांडेय, रविंद्र सहनी, बच्चा प्रसाद यादव, उपसरपंच रामेश्वर राय, राजन सिंह पटेल, सुनील सिंह, शेख लालबाबू सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।



शांति समिति की बैठक।

## संक्षिप्त खबरें

### स्पर्शघात से एक महिला की मौत

**पिपरा(एन एस बी)।** थाना क्षेत्र की जमुनिया पंचायत अंतर्गत बलही टोला में घर की सफाई करने के दौरान करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान अजय राय की 30 वर्षीय पत्नी संजू देवी के रूप में हुई है। घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, संजू देवी अपने घर में साफ-सफाई कर रही थी। इसी दौरान घर में मौजूद बिजली का एक कटा हुआ तार अचानक उनकी चपेट में आ गया। तार में करंट प्रवाहित होने के कारण वह बुरी तरह झुलस गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई ।मामले को लेकर थानाध्यक्ष सतीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु मोतिहारी भेज दिया है । वही इस हादसे के बाद से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

### सोनपुर विधान सभा से मां अम्बिका तक तिरंगा यात्रा : नगर अध्यक्ष

**सोनपुर (एनएसबी)** सोनपुर विधानसभा के तिरंगा यात्रा सबलपुर के शहीद ब्रह्मचारी जी के स्मारक से सोनपुर शहीद माहेश्वरी चौक पहुंचा। शहीद महेश्वरी बाबु के स्मारक पर माल्यार्पण कर नयागांव मे शहीद राजेन्द्र सिंह के स्मारक पर माल्यार्पण करते हुए, सैकड़ों बाईक के साथ भारत माता के, एवं वन्देमातरम के जयकारा के साथ माँ अम्बिका के स्थान पर कार्यक्रम का समापन हुआ।विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा की पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी आजादी के अवसर पर 13, 14, 15 अगस्त को घर -घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज पूरे देश में तिरंगा यात्रा भारतिय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता कर हैं। और इस भारत को सबारना है, सजाना है और आने वाले पीढ़ी को राष्ट्र भक्ति से ओत पुरत करना है। इसलिए हम सब लोग यह करते रहे हैं। और इस बार तो हम बिहार सरकार के मुख्यमंत्री श्री सम्राट चोधरी जी को बहुत थैंक्स करना चाहेंगे कि उन्होंने इस तिरंगा यात्रा को सरकार की कार्यक्रम से जुड़ा है। पुरे प्रदेश के अंदर सभी अधिकारी पदाधिकारी भी तिरंगा यात्रा में शामिल हो रहे है। उतना ही नहीं सभी प्रखंड के माध्यम से सभी पंचायत के जन प्रतिनिधियों को घर घर तक तिरंगा पहुचाने का यह जिम्मेवारी सरकार ने दिया है। बहुत धन्यवाद के पात्र वन्देमातरम। इस कार्यक्रम मे जिला उपाध्यक्ष ष्णा राम, जिला मंत्री राजीव सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लू सहित सैकडों राष्ट्र प्रेमी इस तिरंगा यात्रा मे शामिल हुए।

### हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत सोनपुर मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन

**सोनपुर (एन एसबी)** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को सुढ़ करने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 13ऴ08ऴ2026 को मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर, श्री अमित सरन के नेतृत्व में सोनपुर रेल मंडल में तिरंगा यात्राध्प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर उत्साहपूर्वक तिरंगा यात्रा में भाग लिया तथा देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रेलकर्मियों एवं उनके परिजनों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों, कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। 'हर घर तिरंगा' अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, गौरव एवं देशभक्ति की भावना को और प्रबल करना है। इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्रध्वज की गरिमा एवं सम्मान का पूरा ध्यान रखते हुए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों एवं कार्यस्थलों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सोनपुर मंडल की ओर से सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया जा रहा है। तिरंगा यात्रा एवं अभियान के अंतर्गत आयोजित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता,अखंडता,गौरव एवं देशभक्ति का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। ष्हर घर तिरंगा' केवल राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान, जिम्मेदारी और एकजुटता की भावना को अभिव्यक्त करने का अवसर है। आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर अपने घर पर तिरंगा फहराएं और 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाकर राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करें।

## संक्षिप्त खबरें

### तिरंगा यात्रा के आयोजन पर उठे सवाल भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप से गरमाया माहौल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अथमलगोला प्रखंड में आयोजित तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा के स्थानीय नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का मामला सामने आया है। भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष राजीव राजपूत ने यात्रा के आयोजन और खर्च को लेकर सवाल उठाते हुए फंड के उपयोग का हिसाब आरटीआई के माध्यम से मांगने की बात कही है। वहीं, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष मंटू सिंह ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा की सूचना सभी एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम लोगों को भी दी गई थी।राजीव राजपूत का आरोप है कि अथमलगोला प्रखंड में तिरंगा यात्रा के लिए उपलब्ध कराई गई राशि के उपयोग को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। उन्होंने करीब 1ऴ14 लाख रुपये के फंड के खर्च का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की है। उनका कहना है कि कार्यक्रम में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था तक नहीं दिखी, ऐसे में राशि के उपयोग को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एनडीए के आधे से अधिक कार्यकर्ताओं को यात्रा की सूचना नहीं दी गई।राजपूत ने कहा कि पूरे मामले की जानकारी आरटीआई के माध्यम से मांगी जाएगी, ताकि आयोजन के लिए प्राप्त राशि और उसके खर्च का तथ्य सामने आ सके। उन्होंने प्रखंड स्तर पर आयोजन से संबंधित अभिलेख और खर्च का विवरण सार्वजनिक किए जाने की मांग की है।दूसरी ओर, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष मंटू सिंह ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा को लेकर सभी एनडीए कार्यकर्ताओं को सूचना दी गई थी। उन्होंने कहा कि अथमलगोला की आम जनता को भी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। ऐसे में किसी प्रमुख कार्यकर्ता या समर्थक को सूचना नहीं देने का आरोप सही नहीं है। दोनों पक्षों के अलग-अलग दावों के बीच अब आयोजन पर हुए खर्च और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठ रही है। हालांकि, फंड के दुरुपयोग संबंधी आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। यदि आरटीआई के माध्यम से खर्च और आयोजन से संबंधित दस्तावेज मांगे जाते हैं, तो उपलब्ध सरकारी अभिलेखों से ही पूरे मामले की वास्तविक तस्वीर सामने आ सकेगी।तिरंगा यात्रा जैसे राष्ट्रभक्ति से जुड़े आयोजन को लेकर संगठन के भीतर सामने आए मतभेद ने स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चा बढ़ा दी है। अब निगाह इस बात पर है कि संबंधित प्रशासनिक या संगठनात्मक स्तर से खर्च और आयोजन संबंधी उठे सवालों पर क्या स्पष्टीकरण दिया जाता है।

### सरकारी कार्यक्रम में राजनीतिक भागीदारी और खर्च को लेकर शंभू नारायण सिंह ने उठाए सवाल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। 'हर घर तिरंगा' अभियान और तिरंगा यात्रा के आयोजन को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। जदयू नेता शंभू नारायण सिंह ने आरोप लगाया है कि पिछले वर्ष तिरंगा यात्रा को भाजपा के कार्यक्रम के रूप में आयोजित किए जाने के बाद इस वर्ष इसे सरकारी कार्यक्रम का स्वरूप दिया गया है। उन्होंने कार्यक्रम में सरकारी राशि के खर्च और आयोजन की प्रक्रिया को लेकर पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है।शंभू नारायण सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा सरकारी स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा के बावजूद कई स्थानों पर स्थानीय राजनीतिक दलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अन्य संबंधित लोगों को आयोजन की जानकारी या औपचारिक सूचना नहीं दिए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उनके अनुसार, कुछ स्थानों पर भाजपा से जुड़े कार्यकर्ताओं की भागीदारी भी देखी गई है, जिसके बाद कार्यक्रम के खर्च को लेकर आपसी आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति बनी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज किसी दल की पहचान नहीं, बल्कि पूरे देश की अस्मिता और सम्मान का प्रतीक है। इसलिए तिरंगा यात्रा जैसे कार्यक्रम को राजनीतिक विवाद से दूर रखते हुए पूरी पारदर्शिता और सर्वदलीय-सामाजिक सहभागिता के साथ आयोजित किया जाना चाहिए।जदयू नेता ने कार्यक्रम में होने वाले खर्च का सार्वजनिक विवरण उपलब्ध कराने तथा जहां भी वित्तीय अनियमितता की शिकायत हो, वहां निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि सरकारी धन का उपयोग हुआ है तो उसके खर्च का हिसाब भी सार्वजनिक होना चाहिए, ताकि किसी प्रकार के संदेह की गुंजाइश न रहे।हालांकि, इन आरोपों पर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों अथवा भाजपा की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है। तिरंगा यात्रा को लेकर उठे सवालों के बीच अब प्रशासनिक स्तर पर आयोजन, खर्च और सहभागिता से जुड़ी स्थिति स्पष्ट किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है।राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और सरकारी धन की पारदर्शितादोनों को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग ने तिरंगा यात्रा के आयोजन को राजनीतिक बहस के केंद्र में ला दिया है।

### तिरंगा किसी दल का नहीं, देश का है

#### हर घर तिरंगा' और तिरंगा यात्रा का सरकारी स्वरूप बने जनभागीदारी, पारदर्शिता और राष्ट्रभावना का माध्यम

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय ध्वज केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं है। यह देश की स्वतंत्रता, संप्रभुता, लोकतांत्रिक चेतना और करोड़ों भारतीयों की भावनाओं का प्रतीक है। इसलिए जब देश के कोने-कोने में तिरंगा फहरता है, हाथों में तिरंगा लेकर लोग सड़कों पर निकलते हैं और 'हर घर तिरंगा' जैसे अभियान के माध्यम से राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया जाता है, तो उसका उद्देश्य किसी राजनीतिक दल का प्रचार नहीं, बल्कि नागरिकों के भीतर देश के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना होना चाहिए। 'हर घर तिरंगा' अभियान और तिरंगा यात्रा को इस वर्ष सरकारी कार्यक्रम का स्वरूप दिए जाने के साथ इस बात की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है कि आयोजन पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और जनभागीदारी पर आधारित हो। सरकारी कार्यक्रम होने का अर्थ यह होना चाहिए कि इसमें समाज के हर वर्ग को समान अवसर मिले। राजनीतिक दलों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों की सहभागिता राष्ट्रहित की भावना से हो, न कि किसी दल विशेष के प्रभाव या प्रचार के रूप में।तिरंगा यात्रा की सबसे बड़ी ताकत उसकी व्यापक सामाजिक स्वीकार्यता है। इसमें विचारधारा का अंतर गौण और राष्ट्रध्वज का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। यदि किसी सरकारी आयोजन को लेकर यह धारणा बनने लगे कि वह किसी एक राजनीतिक संगठन का कार्यक्रम है, तो इससे कार्यक्रम की मूल भावना कमजोर होती है। इसलिए प्रशासन और आयोजकों के लिए यह जरूरी है कि कार्यक्रम की सूचना और सहभागिता के अवसर यथासंभव व्यापक एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराए जाएं।इसी तरह सरकारी धन के उपयोग का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब किसी कार्यक्रम में सार्वजनिक धन खर्च होता है, तो जनता को यह जानने का अधिकार है कि राशि कहां और किस मद में खर्च हुई। खर्च का स्पष्ट लेखा-जोखा, निर्धारित प्रक्रिया का पालन और आवश्यकता पड़ने पर सार्वजनिक विवरणये केवल प्रशासनिक औपचारिकताएं नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जवाबदेही के आवश्यक हिस्से हैं।यदि कहीं आयोजन के खर्च को लेकर आरोप-प्रत्यारोप सामने आते हैं तो उन्हें राजनीतिक बयानबाजी का विषय बनाने के बजाय तथ्यों के आधार पर देखा जाना चाहिए। आरोप लगना और आरोप सिद्ध होना दो अलग-अलग बातें हैं। इसलिए किसी व्यक्ति, संस्था या राजनीतिक दल पर बिना प्रमाण दोषारोपण करना उचित नहीं होगा। जहां शिकायतें हों, वहां सक्षम प्रशासनिक स्तर पर रिकर्ड, भुगतान, बिल-वाउचर और आयोजन संबंधी दस्तावेजों की जांच कर स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए।राष्ट्रध्वज के सम्मान का सबसे बेहतर तरीका यही है कि उसके नाम पर होने वाला प्रत्येक कार्यक्रम भी सम्मानजनक, अनुशासित और पारदर्शी हो। तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस बात को समझे कि हाथ में उठाया गया ध्वज किसी पार्टी का झंडा नहीं है। उसके सम्मान की जिम्मेदारी हर नागरिक की है। राजनीतिक दलों को भी चाहिए कि वे राष्ट्रध्वज को राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से ऊपर रखें। सत्ता पक्ष हो या विपक्षतिरंगे के सामने सभी समान हैं।सरकारी मशीनरी की भूमिका भी यहां महत्वपूर्ण हो जाती है। प्रशासन को आयोजन की रूपरेखा स्पष्ट करनी चाहिए, जिम्मेदार अधिकारियों और संस्थाओं की भूमिका तय करनी चाहिए तथा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सरकारी संसाधनों का उपयोग निर्धारित नियमों के अनुसार हो। यदि किसी स्थान पर आयोजन को लेकर भ्रम है तो उसे समय रहते दूर किया जाना चाहिए। सूचना के अभाव से पैदा होने वाला विवाद बाद में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का रूप ले सकता है।साथ ही राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की भी जिम्मेदारी कम नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### ‘ग्यारह माह से वेतन नहीं, शिक्षकों में भारी रोष’

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को पिछले ग्यारह माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनमें असंतोष बढ़ता जा रहा है। शिक्षकों की इसी समस्या को उठाते हुए एस एन एस आर के एस महाविद्यालय के अतिथि शिक्षक संघ की अध्यक्षा डॉ. लीना ने सरकार और विश्विद्यालय प्रशासन से जल्द से जल्द लंबित वेतन के भुगतान की मांग की है। उन्होंने कहा है कि राज्य में शिक्षा के विस्तार और नए शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन वर्तमान में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को समय पर वेतन नहीं मिलना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि ग्यारह माह से वेतन लंबित रहने के कारण सैकड़ों अतिथि शिक्षक और उनके परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। नियुक्ति के बाद से ही वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों की दैनिक जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। कई शिक्षकों को बैंक ऋण की किश्त जमा करने में परेशानी हो रही है, बच्चों की पढ़ाई और परिवार के अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। अधिकांश अतिथि शिक्षक अन्य शहरों से आकर अपनी सेवा दे रहे हैं, और किराए के मकान पर रह रहे हैं, लेकिन इतने लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।



### विराटपुर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंजा क्षेत्र।

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा के क्रम में गुरुवार को श्री चंडी उच्च



विद्यालय, चंडी स्थान, विराटपुर के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोहन कुमार सिंह ने किया। तिरंगा यात्रा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। इस दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित आनंद, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दानिश राजा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष वीर अभिमन्यु सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्रध्वज के सम्मान और देश के प्रति कर्तव्य का संदेश दिया।

### 57 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार, नाबालिग निरुद्ध

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सदर थाना पुलिस ने नशामुक्ति अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 57 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि विधि विरुद्ध 14 वर्षीय नाबालिग को विधि निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने दोनों को पटुआहा स्थित हनुमान मंदिर के पास से पकड़ा। बरामद स्मैक को जब्त कर मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।उक्त जानकारी देते हुए प्रभारी एसडीपीओ सह ट्रैफिक डीएसपी ओमप्रकाश ने सदर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि कोशी क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक द्वारा चलाये जा रहे विशेष



नशामुक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देश में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में सदर थाना क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में 12 अगस्त को पटुआहा हनुमान मंदिर के समीप दो संदिग्ध युवकों को पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया। पूछताछ एवं तलाशी के दौरान उनके पास मौजूद पारदर्शी प्लास्टिक के थैले से 57 ग्राम स्मैक बरामद किया गया।पकड़े गये दोनों की पहचान डुमरैल वार्ड नंबर 21 निवासी अर्जुन यादव के पुत्र शिवा यादव तथा पटुआहा वार्ड नंबर 24 निवासी नाबालिग के रूप में की गई है।छापामारी टीम में सदर थाना के थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक अजय कुमार पासवान, टीओपी 2 प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक राघवेन्द्र कुमार, टीओपी-1 प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### आंगनबाड़ी भवन से शराब बरामदगी मामले में भ्रामक पोस्ट पर यूट्यूबर पर प्राथमिकी दर्ज

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विराटपुर गांव में वर्षों से बंद पड़े आंगनबाड़ी केंद्र से अंग्रेजी शराब बरामदगी के मामले में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक एवं भ्रामक पोस्ट करने वाले एक यूट्यूबर के खिलाफ सोनवषार्राज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सांसद प्रतिनिधि के पुत्र ब्रजेश कुमार सिंह उर्फ कारू सिंह द्वारा थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार, बीते 11 अगस्त को विराटपुर गांव स्थित वर्षों से बंद पड़े आंगनबाड़ी केंद्र के भवन से अंग्रेजी शराब बरामद की गई थी। घटना के बाद नवहट्टा निवासी मो. शमशाद द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सांसद प्रतिनिधि रतन कुमार सिंह, आंगनबाड़ी सेविका कुमकुम देवी एवं सीडीपीओ प्रभा रानी के विरुद्ध कथित रूप से भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित किया गया। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से गलत तथ्यों को प्रसारित कर संबंधित लोगों की सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने तथा उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया गया। इसे एक सोची-समझी साजिश बताते हुए मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सोशल मीडिया पर प्रसारित पोस्ट एवं उसके तथ्यों की भी जांच कर रही है।

### मध्य विद्यालय नवटोलिया टेहरा में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** मध्य विद्यालय नवटोलिया टेहरा में गुरुवार को देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना से ओत-प्रोत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने लोगों को राष्ट्रध्वज के सम्मान, देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय परिसर में देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। विद्यालय परिवार ने ह्लहर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगाह्व का संदेश देते हुए सभी से राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। विद्यालय की ओर से कहा गया कि तिरंगा केवल राष्ट्र का ध्वज नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के गौरव, सम्मान, त्याग और बलिदान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से समाज में राष्ट्रप्रेम, एकता और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया। नवटोलिया टेहरा के प्रधानाध्यापक डॉ. मिठू कुमार ने कहा कि देश के विकास में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वच्छ, शिक्षित, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सभी से अपना योगदान देने की अपील की। मौके पर शिक्षक शिव कुमार रजक, शंकर राम, नितेश कुमार, बिनोद कुमार मुर्मू, सत्यनारायण कुमार, रचना कुमारी, मधुमाला कुमारी, पूजा भारती एवं रूबी कुमारी सहित छात्र-छात्राओं में नगमा, अंजली, पुष्पा, सविता, चांदनी, राजा और रोहित समेत विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर ह्लजय हिन्द! जय भारत! वंदे मातरम्!ह्व के नारों के साथ राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संकल्प लिया गया।

# प्रधानाचार्य के नेतृत्व में आरएम कॉलेज सहरसा में आयोजित तिरंगा यात्रा में भारत माता की जयघोष से गूंजा परिसर

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अधीन राजेंद्र मिश्र कॉलेज में तिरंगा यात्रा निकाल कर हर घर तिरंगा का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्य डॉ. गुलरेज रौशन रहमान के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा में भारत माता की जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। प्रधानाचार्य के साथ कॉलेज के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र छात्राएं हाथों में तिरंगा लेकर कॉलेज परिसर से तिवारी चैक तक पदयात्रा की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ.गुलरेज रौशन रहमान ने कहा कि हर घर तिरंगा यात्रा के माध्यम से भारतीय नागरिकों में देशभक्ति की भावना को भरने का काम किया जा रहा है। तिरंगा हमारे संघर्षों, त्याग, बलिदान, उपलब्धि का साक्षी है। देश की तिरंगा के सम्मान में यह यात्रा निकाली जा रही है। हमारे देश की आन बान और शान तिरंगा है जिसे हर भारतीय सम्मान देते हैं। तिरंगा झंडे के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रो.गुलरेज रौशन रहमान ने कहा कि भारत के राष ट्रीय ध्वज की ऊपरी पट्टी में केसरिया रंग है जो देश की शक्ति और साहस को दशार्ता है। बीच में स्थित सफेद पट्टी धर्म चक्र के साथ शांति और सत य का प्रतीक है। निचली हरी पट्टी उर्वरता, वृद्धि और भूमि की पवित्रता को दशार्ती है। वहीं अशोक चक्र धर्म और कानून का प्रतीक है। यह भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के



हर घर तिरंगा का संदेश के साथ आरएम कॉलेज

केंद्र में स्थित है और 24 तीलियों से बना है, जो जीवन की निरंतर गति और 24 गुणों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस अवसर पर डॉ.इंद्रकांत झा ने तिरंगा यात्रा में कहा कि यह समाज के लोगों को तिरंगा के महत्व के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आजाद भारत के सफर से अवगत कराना और राष्ट्रीयता की भावना का संचार करना है। तिरंगा यात्रा के दौरान सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्रों के हाथों में लहराते तिरंगा,वंदे मातरम,भारत माता की जय,झंडा ऊंचा रहे हमारा के नारों से माहौल गुंजायमान होता रहा। डॉ. कविता कुमारी ने कहा कि यह अभियान आज एक जन-आंदोलन बन चुका है, जो राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोता है और देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है। मौके पर डॉ.पूजा, डॉ.शुभ्रा पांडे, डॉ.पिंकी कुमारी, डॉ.कुमारी अपर्णा, डॉ.रामानंद रमण, डॉ.प्रतिभा कपाही, डॉ.संजय कुमार, सुशील कुमार झा, डॉ.लक्ष्मी कुमार कर्ण, डॉ.प्रतिष्ठा कुमारी, डॉ. सुदीप कुमार झा, डॉ. संजय परमार, डॉ.अक्षय कुमार चैधरी, डॉ.लक्ष्मण यादव, डॉ.आलोक कुमार झा, डॉ.कमलाकांत झा, डॉ.सुप्रिया कश्यप, डॉ.हनी सिंहा, डॉ.बिलो राम, नबीउल, सुधाकांत, आलोक कुमार मिश्र, नन्द किशोर झा, सुमित कुमार मिश्र, आशुतोष पांडे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी और छात्र मौजूद थे।

## दिव्यांगजनों के नियोजन सहायातार्थ व व्यावसायिक मार्गदर्शन हेतु एक दिवसीय मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन

**तिरंगा रैली निकाल दिव्यांग जनों ने हर घर तिरंगा फहराने का संकल्प**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी क्षेत्रीय दिव्यांग, विधवा, वृद्ध कल्याण समिति, प्रधान कार्यालय डीबी रोड में बिहार सरकार, युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय के तत्वाधान में दिव्यांगजनों के नियोजन सहायातार्थ एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन हेतु एक दिवसीय मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन निशांत कुमार, उप निदेशक, अमित कुमार, सहायक निदेशक, कोशी प्रमंडल सहरसा, संस्थान के अध्यक्ष सह बोर्ड सदस्य राष्ट्रीय न्यास, भारत सरकार एवं समिति सदस्य सह कार्यक्रम प्रभारी सुनील कुमार ठाकुर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मंच संचालन सुनील कुमार ठाकुर के द्वारा दिया गया तथा कार्यशाला में आए हुए अतिथियों सहित दिव्यांग युवा युवतियों का स्वागत किया गया। अध्यक्ष के द्वारा संस्थान के विगत 39 वर्षो के क्रिया कलापों की जानकारी दी गई। तथा बताया गया कि संस्थान दिव्यांगजनों, के साथ-साथ विधवा, वृद्ध जनों के सर्वागिंण विकास हेतु सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान करती आ रही है। संस्थान के द्वारा दो मुक बधिर दिव्यांगजनों को पेट्रोल पम्प पर नौकरी लगाकर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया गया। साथ ही साथ कटिहार जिला में रेलवे के सहयोग से रेलवे टिकट कॉटने हेतु दो दिव्यांगजनों को नोकरी लगाया गया। अवर प्रादेशिक नियोजन के द्वारा भी दिव्यांगजनों के दशा बदलने के लिए दिशा में बराबर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन कर दिव्यांगजनों के निबंधन एवं स्टडी कीट्स भी उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम में सहायक निदेशक नियोजन कोशी प्रमंडल के द्वारा सम्बोधित करते हुए कहा गया कि माह नवम्बर 2025 से ही एक नये कार्यक्रम युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार मुहैया करवाया जायेगा। सहरसा, सुपौल जिला में प्राईवेट एजेंसी, मॉल, आदि में भी शीघ्र ही शिक्षित दिव्यांगजनों को स्वनियोजन का प्रयास किया जा रहा है। मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा डीडीआरएस योजना के संचालित द्यालय कार्यक्रम में राष्ट्रीय वायोश्री योजना के अन्तर्गत वृद्धजनों को उनके सहयोगी उपकरण एवं एडीप योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों को उनके सहयोगी उपकरण निःशुल्क निशांत कुमार उप निदेशक नियोजन, कोशी प्रमंडल, सहरसा के कर कमलों द्वारा वितरण करवाया गया। संयुक्त कार्यक्रम में संस्थान के कोषाध्यक्ष दिलिप कुमार साह, महासचिव मुकेश कुमार यादव, असारा केन्द्र के प्रभारी उमेश कुमार शर्मा, पुनम देवी, शत्रुध्न साह, विद्यालय के विशेष शिक्षक उपेन्द्र कुमार साह, दयानंद कुमार, शिवराम शर्मा, केयर गिभर अवधेश राम, निर्मला देवी, सुमित्रा देवी, पुनम देवी, टुन्नी कुमारी वार्डेन के अलावे क्षेत्रीय प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता कहरा से रौशन कुमार चैधरी, सत्तरकटैया से शिवशंकर झा, महिषी से रामरतन साह, नवहट्टा से नवरत्न कुमार, सिमरी बतिखरपुर से अनिल कुमार राय, बनमाईटहरी से हीरा कान्त भगत, सलखुआ से मो० समशेर, सोनवषार्राज से शिवनन्दन केशरी, सौरबाजार से तेजनारायण मेहता, पतरघट से छंगुरी महतो ने उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया।

## हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत बरियाही में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा क्षेत्र

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को जन-जन तक पहुँचाने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, गौरव एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ह्लहर घर तिरंगा अभियान के तहत आज पूर्वाह्न 11,30 बजे मोहन साह विद्यालय, बरियाही, प्रखंड-कहरा, जिला-सहरसा से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने किया। तिरंगा यात्रा में पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, नगर निगम, अपर समाहर्ता, एसडीओ, डीईओ सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में भाग लिया तथा आमजनों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। यात्रा के दौरान बरियाही क्षेत्र का वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने तिरंगा यात्रा के प्रति उत्साह एवं सम्मान प्रदर्शित किया। यात्रा में शामिल पदाधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने नागरिकों को ह्लहर घर तिरंगाह्व अभियान से जुड़ने तथा अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि तिरंगा हमारी


तिरंगा यात्रा में डीएम, एसपी, डीडीसी व अन्य

राष्ट्रीय पहचान, गौरव, एकता एवं अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने जिलेवासियों से हर घर तिरंगा अभियान-2026 में बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से जनभागीदारी को व्यापक स्वरूप दिया जा रहा है। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय कर्तव्यों एवं देश की एकता-अखंडता के प्रति जागरूकता की भावना को और मजबूत करना है।

### सड़क हादसे में ई-रिक्शा सवार किसान जयप्रकाश शाहकी मौत

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र के सिलेट में बुधवार को एक सड़क हादसे में ई-रिक्शा सवार किसान जयप्रकाश शाह (51) की मौके पर ही मौत हो गई। वह सिलेट वार्ड 12 के निवासी थे। घटना की सूचना मिलते ही सौर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, जयप्रकाश साह बुधवार शाम करीब पांच बजे अपने भाई मनोज साह के साथ ई-रिक्शा से सब्जी लेकर आ रहे थे। कारू खीरहर से आगे बांस बिट के पास पहुंचने पर सामने से आ रही एक बोलेरो और पिकअप की टक्कर हुई, जिससे ई-रिक्शा भी चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि जयप्रकाश साह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बोलेरो और पिकअप चालक अपने वाहनों के साथ फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सौर बाजार थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है और टक्कर मारने वाले वाहनों तथा उनके चालकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि जयप्रकाश साह पेशे से किसान थे। वे खेती के साथ-साथ सब्जी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वह नियमित रूप से आसपास के बाजारों में सब्जी बेचने जाते थे। उनके 3 बेटे हैं। जयप्रकाश साह की मौत की खबर सुनते ही परिवार में मातम छा गया। गांव और आसपास के इलाके में भी शोक का माहौल है।

## 14 वर्षीय किशोर स्कूल जाने के बाद लापता, परिजनों ने थाने में दिया आवेदन

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में स्कूल जाने के बाद एक 14 वर्षीय किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। काफी खोजबीन के बाद भी किशोर का पता नहीं चलने पर परिजनों ने थाना में लिखित आवेदन देकर उसे खोजने की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन के अनुसार, 12 अगस्त को सुबह करीब 8 बजे किशोर स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। परिजनों ने बताया कि शाम करीब 5 बजे तक घर नहीं पहुंचने पर उसकी खोजबीन शुरू की गई। आसपास के इलाकों, रिश्तेदारों के यहां भी खोजबीन की गई, लेकिन किशोर का कोई सुराग नहीं मिला। काफी खोजबीन के बावजूद किशोर के बारे में किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद उन्होंने थाना पहुंचकर पुलिस से किशोर की तलाश कर उसे सकुशल बरामद करने की मांग की है। परिजनों ने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए बरामदगी की गुहार लगाई है।



## ऑक्सीजन व्यवस्था पर सिविल सर्जन के सामने डिप्टी सुपरिंटेंडेंट व डीपीएम बीच नोक-झोक

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** सदर अस्पताल में मरीजों के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर गुरुवार को अस्पताल के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ. एसके आजाद और प्रभारी डीपीएम सिंपी कुमारी के बीच तीखी बहस हो गई। यह घटना सिविल सर्जन डॉ. राज नारायण प्रसाद के कार्यालय में एक प्रेसवार्ता से ठीक पहले हुई। डीएस डॉ. एसके आजाद ने सिविल सर्जन के सामने प्रभारी डीपीएम से अस्पताल की व्यवस्था को लेकर शिकायत की। उन्होंने ऑक्सीजन सिलेंडर की कमी का मुद्दा उठाते हुए कहा, ष्इतने दिन से हम भी आपको पहचान रहे हैं, कम आवाज में बोलिए... जब मरीज मर जाएगा, तब ऑक्सीजन की व्यवस्था कीजिएगा। रोज सुबह-सुबह यही झंझट है। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों को होने वाली परेशानी का भी जिक्र किया और व्यवस्था में सुधार न होने पर पद छोड़ने की बात कही। इसके जवाब में प्रभारी डीपीएम सिंपी कुमारी ने कहा कि ऑक्सीजन सिलेंडर की मांग होने पर वह


तीखी बहस करते डिप्टी सुपरिंटेंडेंट व डीपीएम

हमेशा उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने डीएस को आश्वासन दिया कि ष्आज से आपको ऑक्सीजन के सिलेंडर की कमी नहीं होगी। दरअसल, डीपीएम विनय रंजन के तबादले के बाद राज्य स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर वरीय अधिकारी को डीपीएम की जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया गया था। राज्य स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी दीपेश कुमार के आदेश पर सदर अस्पताल में मैनेजर के पद पर तैनात सिंपी कुमारी को डीपीएम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। एक ही अधिकारी के पास अस्पताल मैनेजर और डीपीएम, दोनों पदों की जिम्मेदारी होने के कारण उन्हें दोनों कार्यालयों का काम संभालना पड़ रहा है। डीएस का आरोप है कि इस कारण अस्पताल की व्यवस्था पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसका खामियाजा मरीजों और अस्पताल कर्मियों को भुगतना पड़ता है। सिविल सर्जन के सामने दोनों अधिकारियों के बीच काफी देर तक बहस जारी रही। स्थिति को देखते हुए सिविल सर्जन ने हस्तक्षेप किया, डीएस को शांत कराया और उन्हें वहां से जाने के लिए कहा

# युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाने का सशक्त माध्यम है हर घर तिरंगा अभियान : प्रीति शेखर

**खगड़िया (एनएसबी)।** खगड़िया जिला एनडीए परिवार द्वारा जिला मुख्यालय में आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम में भाजपा बिहार प्रदेश महामंत्री ड़ प्रीति शेखर ने सम्मिलित होकर तिरंगे के प्रति सम्मान तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनडीए के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विभिन्न विद्यालयों के बच्चे शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रभक्ति का वातावरण बना रहा और भारत माता की जय के जयघोष से खगड़िया गूंजता रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री ड़ प्रीति शेखर ने कहा कि हर घर तिरंगा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि देश के प्रति नागरिकों के प्रेम, सम्मान और जिम्मेदारी की सामूहिक अभिव्यक्ति है। तिरंगा भारत की राष्ट्रीय अस्मिता, गौरव, एकता और अखंडता का प्रतीक है। देश के प्रत्येक घर पर तिरंगा लहराने से भारत की एकजुट, सशक्त और राष्ट्रभक्त तस्वीर सामने आती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान आज जन-जन के राष्ट्रप्रेम का अभियान बन चुका है। यह


कार्यक्रम में विधायक व अन्य।

अभियान हमारी युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। आज आवश्यकता है कि हम अपने बच्चों और युवाओं को राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों का बोध कराएं और उन्हें देश की सेवा के लिए प्रेरित करें। ड़ प्रीति शेखर ने कहा कि तिरंगे का सम्मान प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव की बात है। तिरंगे की आन, बान और शान को बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बिहारवासियों से आह्वान किया कि आइए, हर घर तिरंगा फहराएं, तिरंगे के सम्मान को सर्वोच्च स्थान दें और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के संकल्प को और मजबूत बनाएं। भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघ भगत ने अपने संबोधन में कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देशवासियों के अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना को और प्रबल करने वाला अभियान है। तिरंगा हमारे लिए केवल तीन रंगों का ध्वज नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता, वीरता, त्याग और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय पर्वो और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना और मजबूत हुई है। खगड़िया भाजपा कार्यकर्ता जिले के प्रत्येक क्षेत्र में इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को तिरंगे के सम्मान के लिए प्रेरित करने का कार्य करेंगे। सदर विधायक सह जदयू नेता बबलू मंडल ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है।

हर भारतीय के मन में राष्ट्रप्रेम और देश के प्रति समर्पण की भावना होनी चाहिए। हर घर तिरंगा अभियान समाज के सभी वर्गो को राष्ट्र की एकता और अखंडता के सूत्र में जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं और बच्चों को देश के स्वतंत्रता संग्राम तथा स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष से परिचित कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में रालोमो अध्यक्ष परमानंद सिंह, लोजपा (आर) जिलाध्यक्ष मनीष कुमार, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज चौधरी, कंचन पटेल, सुनील कुमार, जिला महामंत्री इंदुभूषण कुशवाहा, नीतीश कुमार, नंदू साह , जदयू जिला प्रवक्ता राकेश कुमार शास्त्री, प्रभाकर चौधरी उमेश पटेल, राजेश पंडित, रितेश शर्मा अजय कुमार सहित एनडीए के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कुआं से वृद्ध महिला का शव बरामद

**पसराहा।** थाना क्षेत्र के बड़ी पसराहा पंचायत के वार्ड संख्या-4 में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक कुएं से एक वृद्ध महिला का शव बरामद किया गया। मृतका की पहचान उगेश्वरी देवी उम्र लगभग 80 वर्ष, पति स्व0 भुजंगी सिंह, निवासी बड़ी पसराहा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पसराहा थाना अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। घटना के बाद इलाके में लोगों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि मृतका की बड़े बेटे की पत्नी सीता देवी ने हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया। सुबह से सीता देवी घर से फरार है। हालांकि, इस आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। मृतिका की पोती का कहना है कि दादी रात में आठ बजे खाना खाने के बाद सो गई थी। घटना कब हुई मुझे पता नहीं है। मां सुबह से घर में नहीं है। दो घंटे बाद चलंत एसएफएल खगड़िया की टीम मौके पर पहुंच कर सैंपल इकट्ठा कर साथ ले गई। थाना अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। शव को कुएं से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एसएफएल की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।


शव को देखने के लिये लगी भीड़।

## यक्ष्मा रोगियों के बीच पोशण सहायता किट का वितरण

**खगड़िया।** टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत गुरुवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित कोविड अस्पताल में बिहार विधानसभा गठित टीम द्वारा जिला के दर्जनों यक्ष्मा रोगियों को स्वैच्छिक मित्र बनकर पोषण सहायता किट का वितरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खगड़िया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुल्तानगंज के विधायक ललित मंडल, सिमरीबख्तियारपुर के विधायक संजय कुमार सिंह, परबत्ता विधायक बाबू लाल शौर्य और सिविल सर्जन ड रामेन्द्र कुमार ने पोषण कीट वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पोषण,सहयोग और संवेदना से ही टी0 बी0 मुक्त भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने बताया है निक्षय मित्र के सहयोग से कीट का वितरण किया जा रहा है। समारोह में उपस्थित विधायकों को सिविल सर्जन ड रामेन्द्र कुमार द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर डीपीएम शैलेश चंद्रा, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डा0 सुशांत शौरभ, सीडीओ ड अमोद कुमार, ड मनीष कुमार, ड बलबन कुमार, ड संजीव कुमार अस्पताल प्रबंधक प्रणव कुमार समेत टी बी विभाग के वरीय प्रवेक्षक शेखर कुमार, यक्ष्मा प्रवेक्षक नंद कुमार राम के अलावे डीपीसी शशि प्रकाश भी मौजूद थीं।



-रोगी किट वितरण करते विधायक।

## भाकपा का पदयात्रा आठवें दिन भी रही जारी

**चौथम।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का राष्ट्रीय व्यापी पदयात्रा अभियान का आठवां दिन चौथम अंचल के पिपरा पंचायत अंतर्गत पिपरा, रंगीला भेलौरी ,नयाटोला भेलौरी, महादलित टोला आदि का भ्रमण कर 1 सितंबर रामलीला मैदान दिल्ली रैली में भाग लेने का अपील किया गया। पदयात्रा का नेतृत्व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रभाकर प्रसाद सिंह, अंचल मंत्री अनिल कुमार सिंह, पार्टी के जिला परिषद सदस्य योगेंद्र शर्मा, अंचल परिषद सदस्य अनिल प्रसाद, देवो शर्मा, अनु शर्मा, निलेश कुमार सिंह, चंद्रभूषण सिंह, शाखा सदस्य उपेंद्र मुनि,शंकर मूनी, प्रकाश सदा, कैलाश सदा, नरेश शर्मा, कामरेड बाल किशोर शर्मा, सथिया देवी, कैलाश मूनी, नारायण मुनि, शारदा देवी, रुको देवी , सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए।


पदयात्रा में शामिल नेतागण।

## दलहन फसलों के उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण

**खगड़िया।** जिला मुख्यालय के संयुक्त षि भवन के सभागार में गुरुवार को आत्मा द्वारा दलहन फसलों के उत्पादन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर विधिवत किया गया, जिसमें षि विभाग के अधिकारियों, षि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिकों, प्रखंड एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों के साथ-साथ जिले के सातों प्रखंडों के प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने दलहन फसलों की उन्नत खेती, वैज्ञानिक उत्पादन तकनीकों, प्रभावी रोग एवं कीट प्रबंधन, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन तथा उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के आधुनिक उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों को दलहन की आधुनिक षि तकनीकों से लैस करना, जिले में दलहन के कुल उत्पादन में वृद्धि करना और किसानों की आय को दोगुना करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना था। षि अधिकारियों ने किसानों से इस ज्ञान को अपने खेतों में उतारने की अपील की।


प्रशिक्षण में किसान व अन्य।

# अमर शहीद धन्ना-माधव के शहादत दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**खगड़िया (एनएसबी)।** अगस्त क्रांति के दौरान देश की आजादी के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए 13 अगस्त 1942 को अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद धन्ना-माधव का शहादत दिवस गुरुवार को श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। मानसी जंक्शन के समीप स्थित अमर शहीद धन्ना-माधव के स्मारक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ जिले के सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी मानसी, अंचल अधिकारी मानसी, मानसी के थानाध्यक्ष के साथ भाजपा नेता ई धर्मेंद्र कुमार, युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र सिंह त्यागी, आईआईपी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मनीष कुमार सिंह, सीपीएम नेता विजय कुमार सिंह, उप मुख्य पार्षद पप्पू कुमार सुमन सहित अन्य उपस्थित गणमान्यजनों द्वारा अमर शहीद धन्ना-माधव की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। बीडीओ राजीव कुमार ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले दोनों अमर शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान पूरा स्मारक परिसर देशभक्ति के नारों और श्रद्धा के भाव से गूंजता रहा। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए अंचल अधिकारी मधुवाला कुमारी एवं थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता केवल राजनीतिक परिवर्तन का परिणाम नहीं थी बल्कि इसके पीछे हजारों ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष, त्याग और बलिदान जुड़ा हुआ है। अमर शहीद धन्ना-माधव ने भी अगस्त क्रांति के दौर में अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध आवाज बुलंद करते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका साहस और राष्ट्रप्रेम आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वहीं युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र सिंह त्यागी ने कहा कि नई पीढ़ी को स्वतंत्रता आंदोलन के स्थानीय इतिहास और अपने क्षेत्र के वीर सपूतों के योगदान से परिचित कराना बेहद जरुरी है। इतिहास की किताबों में राष्ट्रीय स्तर के अनेक स्वतंत्रता सेनानियों का उल्लेख मिलता है लेकिन स्थानीय स्तर पर आजादी के लिए संघर्ष करने वाले अनेक वीरों की गाथा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। अमर शहीद धन्ना-माधव की शहादत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात अमर शहीद धन्ना-माधव स्मारक निर्माण समिति की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के साथ-साथ फुटबल और क्रिकेट के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शहीद धन्ना-माधव प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं खेल सामग्री प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समिति के इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए कहा कि शहीदों की स्मृति को केवल माल्यार्पण और श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि उनके नाम पर समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना हीं सच्ची श्रद्धांजलि है। समारोह में भाजपा नेता ई धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षा और खेल दोनों हीं समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के महत्वपूर्ण आधार हैं। समिति के संरक्षक पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार सिंह, सदस्य अध्यक्ष छेदी प्रसाद सिंह, महासचिव सिकंदर आजाद वक्त, सचिव अभय कुमार गुड्डु, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार यशवंत, रुपेश रंजन, धर्मेंद्र पोद्दार, सागर मुकेश, संतोष कुमार ने कहा कि अमर शहीद धन्ना-माधव का बलिदान किसी एक व्यक्ति, समाज या क्षेत्र की धरोहर नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की अमूल्य विरासत है। समारोह में मौजूद सेवानिवृत्त भारतीय सैनिक इंद्रभूषण कुमार, पूर्व सरपंच रामप्रवेश यादव, मुरली प्रसाद, शंकर सिंह, रौशन गुप्ता, विकास कुमार ने शहीद धन्ना-माधव के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि आजादी की रक्षा और देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना हीं स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।


कार्यक्रम में बीडीओ,सीओ व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनडीहा गांव में आग लगने से हजारों की क्षति

**पसराहा।** थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव में बुधवार की मध्य रात्रि अचानक लगी भीषण आग से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। रात के सन्नाटे में अचानक घर से उठती लपटों को देखकर ग्रामीणों में कोहराम मच गया। शोर मचाए जाने पर भारी संख्या में ग्रामीण तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़े, लेकिन आग का विकराल रूप देखकर किसी की भी हिम्मत उसे बुझाने की नहीं पड़ी। इसी दौरान घर में रखा एक गैस सिलेंडर जोरदार धमाके के साथ फट गया और हवा में उड़ते हुए करीब सौ फीट दूर जा गिरा। धमाका इतना भयानक था कि इसकी गूंज से पूरा गांव थर्रा उठा और नींद में सो रहे अन्य ग्रामीण भी घबराकर मौके की तरफ दौड़ पड़े। घटना की सूचना तुरंत पसराहा थाना को दी गई, जिसके बाद मौके पर दमकल की गाड़ी भेजी गई। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि घटनास्थल पर पहुंची दमकल की गाड़ी में तकनीकी खराबी आ गई या वह नाकाफी साबित हुई, जिससे आग बुझाने का काम नहीं हो सका। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत महेशखूंट थाना से दूसरी दमकल की गाड़ी को मंगवाया गया, जिसके जरिए काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया और बची-खुची आग को बुझाया गया। गनीमत यह रही कि इस दर्दनाक और भयावह हादसे में किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, इस आगजनी की घटना में अखिलेश कुमार, दियाल कुमार और दीना सिंह के चार पुत्रों के रसोई घर पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। सूचना मिलने पर पसराहा पंचायत के राजस्व कर्मचारी रामदेव पंडित ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और नुकसान का आकलन किया। राजस्व कर्मचारी ने बताया कि इस अगलगी की घटना में दीना सिंह का एक घर पूरी तरह जल गया है, जिसमें गृहस्वामी को लाखों रुपए की संपत्ति का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को हुए नुकसान का आकलन कर आगे की सहायता प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### सड़क पर गंदा पानी बहने से आमलोगों को परेशानी

**बेलदौर।** नगर पंचायत की लापरवाही के कारण पीडब्ल्यूडी सड़क पर नाले का गंदा पानी बह रहा है। वहीं कुछ ग्रामीणों द्वारा भी नाले का पानी सीधे सड़क पर बहाए जाने से स्थिति और नारकीय हो गई है। आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क पर यूं ही गंदा पानी बहता रहा, तो 15 अगस्त के दिन स्कूली छात्र-छात्राएं प्रभात फेरी कैसे निकालेगी। वही गंदे पानी से होकर गुजरने में बच्चों और आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ेगी। हैरत की बात यह है कि इसी रास्ते से आए दिन कई प्रशासनिक अधिकारियों और बाबुओं के वाहन गुजरती हैं, फिर भी किसी का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि कार्यपालक पदाधिकारी को फोन पर शिकायत करने पर सिर्फ सफाई का आश्वासन मिलता है, लेकिन धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं होती। उधर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। मामले में कार्यपालक पदाधिकारी अमर प्रकाश ने बताया कि जल निकासी की पक्की व्यवस्था न होने से पानी सड़क पर आ रहा है। हालांकि, उन्होंने दावा किया है कि स्वतंत्रता दिवस से पूर्व सड़क की पूरी तरह सफाई करा दी जाएगी।

### ग्रामीण चिकित्सकों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**बेलदौर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीण चिकित्सकों के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड़ मुकेश कुमार ने की। इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुढ़ बनाना तथा डेंगू, फाइलेरिया, कालाजार और टीबी जैसी गंभीर संक्रामक बीमारियों की समय पर पहचान और रोकथाम करना था। कार्यक्रम में वीबीडीएस रघुनायक और पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम अफिसर श्रवण कुमार ने चिकित्सकों को इन बीमारियों के लक्षण, बचाव, जांच और उपचार की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, संदिग्ध मरीजों को समय पर स्वास्थ्य केंद्र भेजने और सही रेफरल प्रक्रिया पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने ग्रामीण इलाकों में बीमारियों के नियंत्रण के लिए ग्रामीण चिकित्सकों की भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर डब्ल्यूएचओ के संजय कुमार, बीसीएम दीपक कुमार, बीईई उमेश कुमार तथा ग्रामीण चिकित्सा सेवा समन्वय समिति के प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार, उपाध्यक्ष अजय कुमार, रणजीत कुमार, सुजीत कुमार, लालबहादुर चौरसिया, पंकज कुमार, जयवर्धन कुमार और मोहम्मद सादिक आलम समेत दर्जनों ग्रामीण चिकित्सक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों को सोलर ड्रायर के उपयोग और फसल संरक्षण की दी गई जानकारी

**चौथम।** पैक्स की कार्यक्षमता बढ़ाने और किसानों को आधुनिक षि तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से चौथम प्रखंड के निरपुर पंचायत स्थित पैक्स गोदाम में क्षमता वर्धन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें चौथम एवं बेलदौर प्रखंड के विभिन्न पैक्सों के अध्यक्षों के साथ क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान डीएससीआरडी, दानापुर के संजीव कुमार श्रीवास्तव ने किसानों को फसलों एवं फलों के बेहतर संरक्षण, उचित समय पर बाजार में बिक्री तथा षि उत्पादों से अधिक मुनाफा कमाने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती फसल तैयार होने के बाद उसके उचित भंडारण और सही समय पर बेहतर कीमत पर बिक्री की होती है। यदि षि उत्पादों को वैज्ञानिक तरीके से सुरक्षित रखा जाए तो किसान तत्काल बिक्री के लिए मजबूर नहीं होंगे और बाजार में बेहतर कीमत मिलने पर अपनी उपज बेचकर अतिरिक्तआय अर्जित कर सकेंगे। उन्होंने विशेष रूप से सोलर ड्रायर तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पैक्स अध्यक्षों और किसानों से अपने-अपने क्षेत्रों में सोलर ड्रायर लगाने की दिशा में पहल करने की अपील की। बताया गया कि सोलर ड्रायर की मदद से फल एवं अन्य षि उत्पादों से नमी को नियंत्रित तरीके से निकालकर उन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ-साथ उनके खराब होने की संभावना भी कम होती है। कार्यशाला में बताया गया कि लीची, केला, आम सहित विभिन्न प्रकार के फलों को सोलर ड्रायर के माध्यम से सुखाकर संरक्षित किया जा सकता है। फलों की उपलब्धता के सीजन में कीमत कम रहने पर किसान उन्हें प्रसंस्त कर सुरक्षित रख सकते हैं और जब बाजार में संबंधित फलों की उपलब्धता कम हो, उस समय उन्हें बेचकर अपेक्षात अधिक मुनाफा प्राप्त कर सकते हैं। इससे किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलने के साथ-साथ षि उत्पादों की बर्बादी को भी कम करने में मदद मिलेगी। उन्होने किसानों को षि उत्पादों के लिए उपलब्ध संभावित बाजारों की जानकारी देते हुए कहा कि केवल उत्पादन बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उत्पाद के संरक्षण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और सही समय पर बाजार तक पहुंच भी किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने पैक्सों को केवल ऋण एवं खाद-बीज उपलब्ध कराने तक सीमित न रहकर किसानों को भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन से जोड़ने की दिशा में भी कार्य करने की आवश्यकता बताई। कार्यशाला में अधिकारियों ने पैक्स अध्यक्षों से किसानों की स्थानीय जरूरतों को समझकर सामूहिक स्तर पर सोलर ड्रायर एवं अन्य उपयोगी षि संसाधनों की व्यवस्था करने पर जोर दिया। इससे छोटे और सीमांत किसानों को भी आधुनिक तकनीक का लाभ मिल सकेगा और वे अपनी उपज को कम कीमत पर बेचने के बजाय उसका बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। मौके पर जिला डीडीएम नाबार्ड पूजा भारती, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव, चौथम कोअपरेटिव शाखा प्रबंधक गौतम कुमार तथा बेलदौर शाखा प्रबंधक राजकिशोर यादव सहित दोनों प्रखंडों के कई पैक्स अध्यक्ष मौजूद रहे। इनमें मनोज शाह, भूपेंद्र यादव, नवीन कुमार, मनोज मंडल, भोला कुमार, जनार्दन सिंह और अशोक कुमार समेत क्षेत्र के अन्य किसान एवं संबंधित लोग शामिल थे।

### परबत्ता में गांव-गांव पदयात्रा कर जनसमस्याओं का लिया जायजा

**परबत्ता।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) राष्ट्रीय परिषद के आह्वान पर आगामी 1 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित राष्ट्रीय आंदोलन को लेकर परबत्ता अंचल परिषद की ओर से गांव-गांव पदयात्रा निकाली गई। 'बदलाव जरूरी है' के नारे के साथ निकली इस पदयात्रा का नेतृत्व भाकपा परबत्ता अंचल परिषद के मंत्री कैलाश पासवान ने किया।पार्टी कार्यालय परबत्ता से निकला पदयात्रा का जत्था प्रखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचा। इस दौरान करना, उदयपुर, सलारपुर, भरसो, केरिया, पुनोर, तेहाय, तेलियाबथान, झंझरा सहित कई गांवों का दौरा कर छोटी-बड़ी सभाएं आयोजित की गईं। सभाओं के माध्यम से आम लोगों की ज्वलंत समस्याओं और मांगों को संग्रहित किया गया, जिन्हें केंद्र सरकार के समक्ष रखने की बात कही गई। भाकपा नेताओं ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय परिषद ने किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान, महिलाएं और बेरोजगार युवाओं समेत आम जनता से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए 1 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित राष्ट्रीय आंदोलन में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की है। पदयात्रा में सुरेंद्र राय, लक्ष्मी मुनी, भोला मुनी, भीम मुनी, कैलासो देवी, सुभाष मुनी, ज्योतिष दास, कैलाश ठाकुर,उपेंद्र दास, मनोज सिंह, सदानंद शर्मा, दीपक कुमार, राजेंद्र दास सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए।


भाकपा नेतागण।

### एमडीएम में फर्जी उपस्थिति को लेकर ग्रामीणों ने किया हंगामा

बेलदौर। प्रखंड क्षेत्र के दिघौन पंचायत अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय मेहता वासा में मध्या भोजन न बनने और छात्रों की फर्जी उपस्थिति को लेकर ग्रामीणों व परिजनों ने जमकर हंगामा किया। आरोप है कि कागजों पर 84 बच्चों की उपस्थिति दर्ज कर एमडीएम का उठाव कर लिया गया, जबकि मौके पर मात्र 20 से 25 बच्चे ही मौजूद थे। बताते चले कि विद्यालय में कुल 106 छात्र नामांकित हैं। छात्र शिवम, शिवानी, सोनाक्षी, सोनू और पंकज ने बताया कि उन्हें भोजन नहीं दिया गया। रसोइया शोभा देवी व लुसी देवी के अनुसार रसोई गैस खत्म थी और प्रधानाध्यापक द्वारा खाना बनाने के लिए मात्र चार सौ ग्राम मसूर दाल दी गई थी। वहीं एचएम नरेंद्र कुमार रमन ने स्वीकार किया कि भोजन नहीं बना था, हालांकि उन्होंने उपस्थिति भेजे जाने की बात मानी। ग्रामीणों और विद्यालय सचिव सुजाता कुमारी का कहना है कि बीते मार्च माह से विद्यालय शिक्षा समिति की कोई बैठक नहीं हुई है, जिससे एमडीएम समेत अन्य योजनाओं की निगरानी ठप पड़ी है। मामले पर एमडीएम पदाधिकारी रोहित राउत ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है, जबकि बीईओ ने फोन नही उठाये। ग्रामीणों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



विद्यालय में ग्रामीण व अन्य।

### चोरों ने दुकान में किया चोरी पुलिस कर रही है मामले की जांच

**बेलदौर।** थाना परिसर से महज सात सौ मीटर की दूरी पर स्थित नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 में चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये की नकदी और मूल्यवान आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित स्वर्गीय गोपाल प्रसाद भगत के पुत्र रत्नेश प्रसाद भगत ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि बीते शनिवार को उनका पुत्र मनीष कुमार एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए पटना स्थित वेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार को रत्नेश प्रसाद अपनी दुकान में अच्छी तरह ताला बंद कर परिजनों के साथ बेटे की देखभाल के लिए पटना चले गए थे। गुरुवार को जब वे पटना से वापस लौटे और दुकान का ताला खोलकर प्रवेश किया तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। चोर दुकान के पिछले हिस्से की चारदीवारी को फांदकर अंदर प्रवेश कर चदरे की टाट को उखाड़कर दुकान में घुसे। साक्ष्य मिटाने की कोशिश अपनी पहचान छुपाने के लिए चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे और उसके उपकरण भी उखाड़कर अपने साथ ले गए। इस संबंध में बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित व्यवसायी की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है और जल्द ही चोरों को चिति कर मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य शिविर लगाया गया

**मकेर।** मकेर बाजार अवस्थित कुमार पोली क्लीनिंक में स्वास्थ्य सम्बन्धित एक शिविर का आयोजन हिमालया वेलनेस कम्पनी के सौजन्य से किया गया जिसमें लिवर फंगस का जाँच के लिए तीस लोगो के रक्त का नमूना रेड क्लिप पैथोलजिस्ट सूरज कुमार ,प्रशांत कुमार के द्वारा लिया गया जिसका रिपोर्ट अगले दिन उपलब्ध करा दिया जाएगा ।कंपनी के प्रतिनिधि राकेश कुमार ने बताया कि समय समय पर जनहित में कार्य किया जाता है । इस मौके पर ड सुचिन्द्र साह निरंजन शर्मा ,सुदीश कुमार सिंह ,अतुल चन्दन ,अतुल श्रीवास्तव ,रंजन श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

### घर की दहलीज तक पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, 1454 लाख से अधिक लोगों की टीबी स्क्रीनिंग

**छपरा।** टीबी के खिलाफ चल रहे अभियान में अब स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पतालों से निकलकर लोगों के घरों और गांवों तक पहुंच रही है। संदिग्ध मरीजों की पहचान और समय पर जांच सुनिश्चित करने के लिए सारण जिले में चलाए गए विशेष टीबी स्क्रीनिंग अभियान के दौरान 24 मार्च से 12 अगस्त 2026 तक 14,54,504 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। अभियान के दौरान जांच में 2434 नए टीबी मरीज सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों की पहचान के साथ-साथ उनकी पुष्टि के लिए एक्स-रे और नैट मशीन से जांच का भी व्यापक इस्तेमाल किया। जिले में चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य टीबी के लक्षण वाले लोगों की जल्द पहचान करना, उनकी जांच कराना और समय पर उपचार शुरू करना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें हाई रिस्क गांवों, स्वास्थ्य केंद्रों और विभिन्न संवेदनशील स्थानों तक पहुंचीं।

बिजली की आँखमिचौली से ग्रामीण परेशान, सांसद से लगाई गुहार मकेर। बिजली विभाग की आँख मिचौली से ग्रामीण आजिज होकर सांसद महोदय से लगायी गुहार ,उक्त मामला मकेर प्रखंड के पीर मकेर पंचायत के माली टोला गांव की है जहाँ पिछले कई दिनों से बिजली संकट गहरा गया है ।बिजली ओवरलोड के कारण गांव में लगा सौ केवी का ट्रांसफार्मर जल गया है ।जिससे गांव के करीब ढाई सौ घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है इस भीषण गर्मी और उमसभरी दिन में रहना मुश्किल हो गया है । इस समस्या का हल बिजली विभाग द्वारा टालमटोल करने से आजिज होकर ग्रामीणों ने सांसद राजीव प्रताप रूढ़ि को एक शिकायती पत्र लिखकर इस समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है ।वार्ड सदस्य मनीष मालाकार ने ग्रामीणों से एक हस्ताक्षर युक्त पत्र प्रेषित किया है जिसमें उन्होंने जिक्र किया है कि दो सौ केवी का ट्रांसफर्मर लगाये जाने पर समस्या का समाधान हो जाएगा ।साथ ही उन्होंने बताया है कि बिजली उपभोक्ताओं की संख्या ज्यादा होने से आय दिन ट्रांसफर जल जाता है ,इसे प्राथमिकता देते हुए अविलम्ब नए ट्रांसफर्मर लगाने की गुहार लगाई है ।

### हर घर तिरंगा ' अभियान के तहत निकली भव्य तिरंगा रैली, 350 से अधिक बच्चों ने लिया हिस्सा

**छपरा।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सेंट जोसेफ एकेडमी, छपरा, दधीचि देहदान समिति एवं बीबीएन के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालय के संचालक, प्रधानाध्यापिका, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित 350 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली नेवाजी टोला स्थित अटल मोहल्ले से शुरू होकर गड़खा ढाला तक पहुंची। हाथों में तिरंगा लेकर निकले बच्चों ने देशभक्ति के नारों से पूरे मार्ग को गुंजायमान कर दिया। बच्चों ने लोगों को 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ने तथा राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना रखने का संदेश दिया। विद्यालय के संचालक अभिषेक सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल देश का झंडा नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है। दधीचि देहदान समिति के सारण जिलाध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने कहा कि तिरंगा यात्रा युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने का प्रभावी माध्यम है। बच्चों की इतनी बड़ी भागीदारी यह दर्शाती है कि नई पीढ़ी देश की एकता और अखंडता के प्रति सजग है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करना शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से बच्चों ने देश के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी का संदेश समाज तक पहुंचाया।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत इरिमी में तिरंगा वितरण, अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रध्वज के सम्मान और राष्ट्रीय एकता का लिया संकल्प

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान इरिमी जमालपुर में गुरुवार को अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान परिसर में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का वातावरण देखने को मिला।इस अवसर पर इरिमी के संकायाध्यक्ष एवं वरिष्ठ आचार्य प्रेम प्रकाश ने संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तिरंगा प्रदान किया। उन्होंने सभी से अपने-अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीरों को स्मरण करने और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को दोहराने का भी दिन है।प्रेम प्रकाश ने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता, गौरव, त्याग और वीरता का प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय उत्सव में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने तथा देशभक्ति की भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने की अपील की।तिरंगा वितरण कार्यक्रम के दौरान इरिमी के अधिकारियों और कर्मचारियों में खासा उत्साह दिखाई दिया। सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए 'हर घर तिरंगा' अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का आयोजन महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा के दिशानिर्देश में किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य राजीव कुमार, आचार्य सुसरण तिरु, सहायक आचार्य सुनील कुमार, व्याख्याता आश्विन विनय बाखला, मुकुन्द बिहारी, राजेंद्र सहित मुख्य अनुदेशक मनोज कुमार सिंह, प्रत्युष आनंद, श्रीसव्यसांची सुमन, संजय कुमार सिन्हा समेत संस्थान के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करते इरिमी के अधिकारी।

## घर में घुसकर मारपीट और जबरदस्ती मामले में दो घायल

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर थाना क्षेत्र के छोटी केशीपुर नालापार में घर में घुसकर मारपीट और जबरदस्ती करने के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मंजुला देवी पति दशरथ शर्मा ने जमालपुर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना में दिए आवेदन के अनुसार 12 अगस्त की रात करीब 11 बजे चार युवक कथित रूप से जबरन उनके घर में घुस आए। आरोप है कि युवकों ने उनकी बेटी और भाभी के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया तथा गाली-गलौज की। शोर सुनकर मंजुला देवी के पति और पुत्र जब युवकों को घर से बाहर निकालने पहुंचे, तो आरोपियों ने डंडे से दोनों के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में दोनों के सिर में गंभीर चोट लगने की बात आवेदन में कही गई है। आवेदन में चार युवकों में से एक की पहचान लक्ष्मणपुर निवासी सन्नी कुमार पासवान, पिता दिलीप पासवान के रूप में बताई गई है। महिला ने आरोप लगाया है कि उक्त युवक द्वारा फोन पर गाली-गलौज करने के साथ मारपीट की धमकी भी दी जा रही है।मंजुला देवी ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।



मारपीट मामले में घायल युवक।

## लोको रनिंग स्टाफ की मांगों को लेकर जमालपुर में धरना

**जमालपुर(मुंगेर)।** अल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के आह्वान पर देश के विभिन्न रेल जोन में ग्रेड पे बढ़ाने समेत कई मांगों को लेकर गुरुवार को धरना-प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में जमालपुर शाखा की ओर से स्टेशन स्थित लबी परिसर में शाखा अध्यक्ष राजीव कुमार के नेतृत्व में धरना दिया गया। इस दौरान रेलकर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लोको रनिंग स्टाफ की लंबे समय से लंबित कैडर रीस्ट्र रिंग का आदेश जारी नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। अध्यक्ष ने कहा कि कैडर रीस्ट्र रिंग में हो रही देरी को अविलंब दूर कर आदेश जारी किया जाना चाहिए, ताकि कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सके।संगठन की ओर से ड्यूटी के घंटे को आठ से नौ घंटे तक सीमित करने, पर्याप्त साप्ताहिक एवं मुख्यालय विश्राम देने, रनिंग अलाउंस में सुधार करने तथा रिक्तपदों को शीघ्र भरने की मांग की गई। इसके अलावा कार्यस्थल पर लोको रनिंग स्टाफ के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।सचिव प्रेम प्रकाश ने कहा कि रनिंग स्टाफ रेल परिचालन की महत्वपूर्ण कड़ी है। उनकी समस्याओं का समय पर समाधान किया जाना जरूरी है। प्रदर्शन के बाद रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष के नाम मांगों से संबंधित ज्ञापन स्थानीय रेल अधिकारी को सौंपा गया।मौके पर संयुक्त सचिव उत्तम कुमार, कोषाध्यक्ष रंजन कुमार, सहायक सचिव संजय कुमार, अभिषेक आनंद, अरुण कुमार, तरुण कुमार, विवेकानंद कुमार, अभिषेक सहित कई सदस्य मौजूद थे।



धरना प्रदर्शन करते एसोसिएशन।

## इसुआपुर में शहीदों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**इसुआपुर।** प्रखंड में गुरुवार को शहीदों के सम्मान में तरैया के भाजपा विधायक सह बिहार विधानसभा याचिका समिति के सभापति जनक सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में दर्जनों चार पहिया व दुपहिया वाहनों के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। यह यात्रा तरैया विधानसभा भाजपा के प्रधान कार्यालय डोईला गांव से चलकर सहवारा बाजार होते हुए इसुआपुर बाजार पहुंचा। जहां धर्मशाला परिसर विशनपुर से बजरंग मोड़ आता नगर तक लगभग एक किलोमीटर की दूरी तक पैदल मार्च किया गया। यात्रा में वीर शहीद अमर रहें, भारत माता की जय जैसे गगन भेदी नारे लगाए जा रहे थे। इसके बाद यह यात्रा शामकौरिया बाजार होते हुए छपिया पंचायत भवन बाजार पर पहुंचा। वहां राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान रास्ते में शांति रमन बालिका प्लस टू विद्यालय सहवारा तथा यूएमएस अचितपुर के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा जगह-जगह पर ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत भी किया। तिरंगा यात्रा में बीडीओ इंजीनियर सत्यम सिंह, थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, भाजपा मंडल अध्यक्ष पश्चिमी सत्यदेव प्रसाद तथा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सोनू राज सोनू, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मिथुन कुशवाहा, पूर्व फौजी एमडी वारिस, बद्री नारायण सिंह, नेताजी नंदकिशोर सिंह, बच्चा सिंह, बलिराम मिश्रा, शारदानंद सोनी, मिथिलेश पांडेय, हरि किशोर सिंह, भोला सिंह समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

### मरीजो को उपलब्ध कराया गया फूड बास्केट

**छपरा।** इंडियन रेड क्रस सोसाइटी सारण ने टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगरा प्रखंड कार्यालय में 16 टी बी मरीजों और जलालपुर प्रखंड कार्यालय में 40 टी बी मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया। इन मरीजों को लगातार छः महीनो तक प्रत्येक माह फूड बास्केट उपलब्ध कराया जाएगा क्योंकि दवा के साथ साथ पौष्टिक आहार का सेवन भी अति आवश्यक है। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रस सोसाइटी सारण के चेयरमैन ड शहजाद आलम, कोषाध्यक्ष ड सुरेश प्रसाद सिंह के अतिरिक्तनगरा में वहां के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड देवेश चंद्र तथा जलालपुर में वहां के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड उमेश रजक उपस्थित रहे।

## भजन कीर्तन के साथ संपन्न हुआ शनिदेव महाराज का जन्म उत्सव कार्यक्रम

**जमालपुर (मुंगेर)।** शनि मंदिर जमालपुर 56 वा जन्मोत्सव कार्यक्रम भक्ति जागरण कार्यक्रम के साथ देर रात्रि संपन्न हुआ। भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथि प्रोफेसर राजीव नयन, सामाजिक कार्यकर्ता रिंकू सिंह सहित पुजारी बाबूलाल ज्योतिषी सहित कई गण्यमान ने किया। देर रात्रि तक चल भक्ति जागरण कार्यक्रम में कलाकार आनंद जी, अजीत जी ने जहां अपने सुरीले स्वर में प्रस्तुत भजन से श्रद्धालुओं को खूब झुमाया। वही झांकी बड़ी शिव दरबार, ण्ण दरबार एवं शनि देव महाराज पर आधारित झांकी की प्रस्तुति कलाकारों ने किया तो देर रात्रि तक श्रोता श्रद्धालु शनि देव भगवान का जय कार्य लगाते देखे गए। इसके पहले शनिदेव भगवान का भव्य पूजन महोत्सव करते हुए श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इधर शनि देव महाराज के जन्मोत्सव को सफल बनाने में शहर एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार प्रकट पुजारी बाबूलाल जोशी ने किया। इधर भक्ति जागरण के कार्यक्रम में उद्घोषक अनिल धर्मकार ने देवताओं को खूब आनंद में किया।



शनि देव भगवान का पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

# पीसीपीओ डॉ. महुआ वर्मा ने परखी कारखाना की कार्यप्रगति, कर्मचारी कल्याण पर दिया जोर

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसी)।** ईस्टर्न रेलवे कोलकाता की प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी (पीसीपीओ) ड महुआ वर्मा गुरुवार को एकदिवसीय दौरे पर जमालपुर रेल कारखाना पहुंचीं। कारखाना पहुंचने पर सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल के नेतृत्व में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं यूनियन नेताओं ने उनका बुके और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। पीसीपीओ ने सबसे पहले कारखाना के महत्वपूर्ण शप बीटीसी एवं पायलट ट्रेनिंग स्कूल का निरीक्षण किया। यहां प्रशिक्षुओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया। इसके बाद उन्होंने कारखाना की प्रगति एवं कार्यों को लेकर सीडब्ल्यूएम के साथ गंभीरता से चर्चा की।कारखाना निरीक्षण के बाद ड महुआ वर्मा रेलवे इंटर कलेज पहुंचीं। उन्होंने विद्यालय एवं कलेज के भवन का जायजा लेते हुए इसे आधुनिक सुविधाओं से विकसित करने की आवश्यकता जताई। साथ ही पठन-पाठन व्यवस्था और विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी शिक्षकों से ली। इस दौरान अधिकारी एवं यूनियन नेताओं के साथ कर्मचारी कल्याण और कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। मेंस कांग्रेस के शाखाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, सचिव ण्ण कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, सिसिलिया टुडू, एससी-एसटी एसोसिएशन के शाखा सचिव सतीश भारती, मेंस यूनियन नेता गोपाल जी, अभिमन्यु पासवान, रंजीत कुमार, देवशंकर सिंह व धर्मेंद्र सहित अन्य ने पीसीपीओ का स्वागत किया। अंत में पीसीपीओ ने पर्सनल ब्रांच का निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। इसके बाद वह कोलकाता के लिए रवाना हो गईं। मौके पर ड अभ्युदय, लेखा अधिकारी चंद्रशेखर, डब्ल्यूपीओ राजीव कुमार, एपीओ अश्वनी कुमार, कल्याण निरीक्षक संजय कुमार तांती, भोला सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद थे।



अधिकारी के साथ कारखाना निरीक्षण करती पीसीपीओ,स्वागत करते यूनियन नेता।

## संक्षिप्त खबरें

### खगड़िया में दस माह से लंबित मानदेय को लेकर ग्रामीण आवास कर्मियों का दो दिवसीय कार्य बहिष्कार

**खगड़िया।** दस माह से लंबित मानदेय के भुगतान सहित विभिन्न मांगों को लेकर राज्य ग्रामीण आवास कर्मी संघ (सगास), बिहार के आह्वान पर ग्रामीण आवास कर्मियों ने 12 एवं 13 अगस्त को दो दिवसीय कार्य बहिष्कार किया। कार्य बहिष्कार में ग्रामीण आवास सहायक, ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक, प्रखंड लेखापाल सहित अन्य कर्मियों के शामिल होने की जानकारी दी गयी है। आंदोलन के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से जुड़े कई कार्य प्रभावित हुए। संघ के प्रदेश प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कर्मियों की मांगों को जायज बताते हुए कहा कि ग्रामीण आवास कर्मियों का कई-कई माह तक मानदेय लंबित रहना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि दस-दस माह तक मानदेय लंबित रहने की स्थिति कर्मियों और उनके परिवारों के लिए अत्यंत पीड़ादायक तथा गंभीर आर्थिक संकट पैदा करने वाली है। सरकार और विभाग को मामले की गंभीरता को समझते हुए लंबित मानदेय का यथाशीघ्र भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए। शास्त्री ने कहा कि ग्रामीण आवास कर्मी सरकार की महत्वपूर्ण आवासीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लाभुकों के सर्वेक्षण से लेकर आवास सत्यापन, जियो-टैगिंग और किस्त निर्गमन की प्रक्रिया तक कर्मियों की जिम्मेदारी रहती है। ऐसे में उनके मानदेय का लंबे समय तक लंबित रहना कार्य के प्रति भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने सरकार से सम्मानजनक मानदेय वृद्धि और सेवा संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान की भी मांग की। संघ के सचिव मधुसूदन कुमार ने बताया कि कर्मियों का लगभग आठ से दस माह का मानदेय लंबित है। लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण कर्मियों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने सरकार एवं विभाग से लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान करने तथा मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि सहित अन्य मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। दो दिवसीय कार्य बहिष्कार के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से संबंधित लाभुकों का सर्वेक्षण, आवास सत्यापन, किस्त निर्गमन की प्रक्रिया एवं जियो-टैगिंग सहित अन्य कार्य प्रभावित होने की बात संघ की ओर से कही गयी है। वहीं लेखापाल आकाश कुमार,नवेश कुमार, पिंटू कुमार, राजीव, पड़ प्रियतम कुमार, चन्दन कुमार, सुनील कुमार पा0, अमरजीत कुमार, सुमित कुमार सिन्हा, पुरूषोत्तम कुमार, रंजीत, सुरेश, धर्मेंद्र,नीधी, पिंकी, स्मिता,रितु गुप्ता,राजू,सुमन, चुन-चुन सिंह, नवीन,मनीष आर्या, संतोष आर्या,अरशद,नीलकमल, राजीव रंजन, नीतीश कुमार दास आदि आवास कर्मियों ने अपने लंबित मानदेय भुगतान करने की मांग को लेकर दो दिवसीय कार्य बहिष्कार किया।

### खगड़िया में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर सोलर रथ रवाना

**पसराहा।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं उर्जा विभाग द्वारा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को परबत्ता प्रखंड के झंझरा ग्रिड परिसर से एक जागरूकता सोलर रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विद्युत आपूर्ति विभाग के कनीय अभियंता देवेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर इस रथ को रवाना किया। यह सोलर रथ झंझरा ग्रिड से जुड़े पसराहा, सोनडीहा, शेर चकला, महदीपुर, बन्देहरा और सातों समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों का सघन भ्रमण कर रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, यह रथ लगभग दो दिनों तक गांवों में घूमकर आम नागरिकों को इस कल्याणकारी योजना की विस्तृत जानकारी देगा। इस दौरान लोगों को घरों की छतों पर सोलर रूफटप सिस्टम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। रथ के माध्यम से नागरिकों को योजना के तहत मिलने वाली भारी सरकारी सब्सिडी, अनलाइन आवेदन प्रक्रिया तथा सौर ऊर्जा के उपयोग से होने वाले दीर्घकालिक लाभों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। विभाग का मुख्य उद्देश्य हर घर तक सौर ऊर्जा पहुंचाना, बिजली के बिलों में भारी बचत करना और उपभोक्ताओं को बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर प्लांट लगवाने पर सरकार की ओर से आकर्षक सब्सिडी का लाभ मिल रहा है, जिससे आम जनता को भरपूर सुविधा और राहत मिल रही है। स्थानीय स्तर पर चलाए जा रहे इस अभियान से ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है।

### 1454 लाख से अधिक लोगों की हुई स्क्रीनिंग

**छपरा ।** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ड रत्नेश्वर प्रसाद ने बताया कि अभियान के तहत जिले में 14,54,504 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग के दौरान संदिग्ध पाए गए लोगों को आगे की जांच के लिए भेजा गया। व्यापक जांच के बाद 2434 लोगों में टीबी की पुष्टि होने की जानकारी दी गई है। अभियान के तहत केवल अस्पतालों में आने वाले मरीजों की जांच तक ही सीमित नहीं रहा गया, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर और कैंप के माध्यम से भी संभावित मरीजों की पहचान की गई।

#### 44,737 लोगों का एक्स-रे, 13,202 की नैट से जांच

टीबी की पहचान को पुख्ता करने के लिए जिले में बड़ी संख्या में लोगों की जांच की गई। अभियान के दौरान 44,737 लोगों की एक्स-रे जांच कराई गई, जबकि 13,202 लोगों की नैट मशीन के माध्यम से टीबी की जांच की गई। नैट जांच के माध्यम से टीबी की पुष्टि करने में मदद मिलती है। संदिग्ध मरीजों को आवश्यक जांच के लिए संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने और उन्हें उपचार से जोड़ने पर भी जोर दिया गया।

#### हाई रिस्क गांवों में कैंप लगाकर तलाशे गए मरीज

टीबी के अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से स्क्रीनिंग अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने हाई रिस्क गांवों में कैंप लगाकर लोगों की जांच की। इसके साथ ही गांवों में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर भी टीबी स्क्रीनिंग की गई। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास रहा कि ऐसे लोगों तक भी जांच की सुविधा पहुंचाई जाए, जो आर्थिक, भौगोलिक या अन्य कारणों से अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते हैं।

#### अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले मरीजों की भी जांच

अभियान के तहत जिला अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी की ओपीडी में आने वाले मरीजों की भी टीबी के लक्षणों के आधार पर जांच की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की रणनीति है कि किसी भी व्यक्ति में लंबे समय तक खांसी, वजन कम होना, लगातार बुखार, रात में पसीना आने जैसी शिकायतें हों तो उसे टीबी की जांच के लिए प्रेरित किया जाए।

#### जेल और बाल सुधार गृह में भी पहुंची टीम

अभियान को केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं रखा गया। मंडल कारा और बाल सुधार गृह में भी विशेष टीबी स्क्रीनिंग कैंप आयोजित कर जांच की गई। ऐसे स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों के एक साथ रहने के कारण संक्रमण के जोखिम को देखते हुए स्क्रीनिंग को महत्वपूर्ण माना जाता है। संवेदनशील और बंद संस्थानों में समय पर जांच कर संभावित मरीजों की पहचान करने से संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने में मदद मिल सकती है।

#### समय पर पहचान ही टीबी उन्मूलन की कुंजी

डीपीसी-टीबी हिमांशु शेखर ने बताया कि टीबी के खिलाफ अभियान में सबसे बड़ी चुनौती मरीजों की समय पर पहचान और उपचार शुरू करना है। देर से पहचान होने पर बीमारी का संक्रमण परिवार और समुदाय के अन्य लोगों तक पहुंचने का खतरा बढ़ जाता है। इसी वजह से स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने स्क्रीनिंग को घर और समुदाय के स्तर तक पहुंचाया है।

#### शुरूआती चरण में जरूरी है टीबी की पहचान

सिविल सर्जन ड राजकुमार चौधरी ने बताया कि टीबी उन्मूलन के लिए सबसे जरूरी है कि मरीज की पहचान बीमारी के शुरुआती चरण में हो जाए। 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत सारण में 13 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। हाई रिस्क गांवों के साथ-साथ अस्पतालों, जेल और बाल सुधार गृह में भी जांच कराई गई। हमारा प्रयास है कि किसी भी संदिग्ध मरीज की जांच में देरी न हो और पुष्टि होने पर उसे तत्काल उपचार से जोड़ा जाए।

#### समुदाय की भागीदारी से मजबूत होगा अभियान

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार टीबी उन्मूलन का लक्ष्य केवल सरकारी प्रयासों से हासिल नहीं किया जा सकता। इसके लिए समुदाय की भागीदारी जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीमों के पहुंचने से लोगों को टीबी के लक्षणों और जांच के महत्व की जानकारी भी मिल रही है।










## संक्षिप्त खबरें

### तिरंगा यात्रा रैली की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में तिरंगा यात्रा रैली की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें तिरंगा यात्रा को सफल, भव्य एवं जनभागीदारीपूर्ण बनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, भोजपुर, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति, भोजपुर के प्रतिनिधि, स्काउट और गाइड, एनएसएस एवं नई भारत के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में अधिकाधिक युवाओं एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा तिरंगा यात्रा को देशभक्ति, एकता और राष्ट्र गौरव के जनआंदोलन के रूप में आयोजित करने पर विशेष जोर दिया गया।

### 13 अपीलीय मामलों की हुई सुनवाई

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम-2015 के अंतर्गत द्वितीय अपील में कुल 13 मामलों की सुनवाई की। इनमें मुख्यतः राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। जिनमें से कुल 6 मामले को निष्पादित किया गया। सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि लंबित मामलों का शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

### तिरंगा यात्रा को लेकर छात्र-छात्राओं के साथ बैठक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आगामी तिरंगा यात्रा को भव्य, सफल एवं जनभागीदारीपूर्ण बनाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा स्काउट और गाइड, एनसीसी एवं एनएसएस के युवाओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में युवाओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने, तिरंगा यात्रा को अनुशासित एवं गरिमापूर्ण बनाने तथा देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र गौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी एवं जिला परियोजना पदाधिकारी ने युवाओं से तिरंगा यात्रा में पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ भाग लेने की अपील की। युवाओं ने तिरंगे के प्रति सम्मान और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना के साथ सभी ने तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक एवं यादगार बनाने का संकल्प लिया।

### डॉ. अमित जायसवाल ने जांच कर परामर्श दिया

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के हरि जी हाता स्थित हार्ट केयर हॉस्पिटल परिसर में गुरुवार को निःशुल्क फाइब्रो स्कैन जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जन भर से अधिक मरीजों का फाइब्रो स्कैन जांच निशुल्क किया गया। मौके पर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार जायसवाल ने बताया कि निशुल्क जांच पिछले तीन वर्षों से की जा रही है। प्रत्येक माह के दूसरे गुरुवार को निःशुल्क फाइब्रो स्कैन जांच की सुविधा दी जाती है। उन्होंने बताया कि इन दिनों नॉन अल्कोहोलिक फैटी लीवर डिजीज के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। इसका प्रमुख कारण निष्क्रिय जीवन शैली, मधुमेह बढ़ना, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रल ट्राई ग्लिसराइड एवं मोटापा है। इस दौरान मरीजों का निःशुल्क जांच कर उन्हें उपचार हेतु परामर्श दिया गया।

### बाइक चोर गिरोह का शातिर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाने की पुलिस बाइक चोर गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की दो बाइक बरामद हुई। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने गुरुवार को प्रेस नोट जारी कर दी। गिरफ्तार चोर सहार थाना क्षेत्र के बजरेया गांव का निवासी कुणाल कुमार है। 12 अगस्त को नवादा थाना क्षेत्र से बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने इसी मामले में बाइक चोर गिरोह के कुणाल को दबोचा है।

### अतिक्रमण मुक्त भोजपुर के तहत चला अभियान

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार जिले में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत आरा सदर अंचल में अतिक्रमण हटाया गया। आरा सदर के अंचल अधिकारी के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों पर से अतिक्रमण हटाते हुए आम नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों एवं सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है। अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमणमुक्त रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिले में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण की स्थिति पर नियमित निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि आम नागरिकों के लिए सुगम आवागमन एवं बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

### आरबी मिश्रा की तूफानी पारी से जीता बीडीबीएल सुपर किंग्स



**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** नगर पंचायत गड़हनी स्थित बीडीबीएल फैक्ट्री देवड़ी परिसर में गुरुवार को रोमांचक क्रिकेट मुकाबला खेला गया। 15-15 ओवर के मैच में बीडीबीएल सुपर किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिहार रॉयल चैलेंजर्स को 7 विकेट से मात दे दी। बिहार रायल चैलेंजर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 95 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीडीबीएल सुपर किंग्स की टीम ने महज 13 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। बीडीबीएल सुपर किंग्स की जीत में आरबी मिश्रा और कृष्ण साहनी की भूमिका अहम रही। मिश्रा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 58 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया। वहीं गेंदबाजी में बेहतर प्रदर्शन के लिए कृष्ण साहनी को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार दिया गया। मुकाबले को सफल बनाने में सीके दुबे, कप्तान आनंद कुमार सिंह, सचिन द्विवेदी और ऋतुराज का अहम योगदान रहा। मैच के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखने के लिए मौजूद दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

### स्वयंसेवकों ने लिया नशामुक्त समाज का संकल्प

**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** जन सहकारी डिग्री महाविद्यालय, बराप में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डॉ. अरविन्द कुमार मिश्र ने की। मंच संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी बिमलेश कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में स्थायी प्राचार्य डॉ. अरविन्द कुमार मिश्र ने मंच पर उपस्थित अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों का अभिवादन करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम पदाधिकारी बिमलेश कुमार मिश्र ने उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वयंसेवकों को अपने आसपास के लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षक प्रतिनिधि सज्जाद हैदर ने कहा कि नशे की आदत कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से भी अधिक व्यक्ति पर प्रभाव डालती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति प्रभावित होता है, जबकि नशे की लत पूरे परिवार और समाज को परेशान करती है। उन्होंने युवाओं से नशे के खिलाफ मजबूती से खड़े होने की अपील की। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, रमाकांत पाठक, रामलखन सिंह, उपेंद्र सिंह, अरविन्द सिंह, मनीष कुमार, लालू, अजीत, चंदन, विवेक, सचिन सहित महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं अध्ययनरत एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया गया।

# राष्ट्रीय ध्वज के साथ एकता-अखंडता का प्रतीक भी है तिरंगा

दैनिक नवसंदेश

**आरा।** 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत आरा सदर प्रखंड अंतर्गत छोटकी सनदिया पंचायत में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। नेतृत्व जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने किया। तिरंगा यात्रा के दौरान छोटे बच्चों एवं स्कूली विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। हाथों में तिरंगा लिए बच्चे पूरे रास्ते जोश और उत्साह के साथ देशभक्ति के नारे लगाते रहे तथा 'वंदे मातरम' के उद्घोष से वातावरण को गुंजायमान करते रहे। यात्रा में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चे, युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग, सभी आयु वर्ग के लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने तिरंगा यात्रा को जनभागीदारी का जीवंत स्वरूप प्रदान किया। पूरे मार्ग में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता, गौरव और स्वतंत्रता का प्रतीक है। उन्होंने जिलेवासियों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने तथा अधिक से अधिक लोगों की जनभागीदारी के साथ 'हर घर तिरंगा अभियान' को सफल बनाने की अपील की। तिरंगा यात्रा में उप विकास आयुक्त, भोजपुर, अपर समाहर्ता, भोजपुर, निदेशक डीआरडीए, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में दिखा राष्ट्रभक्ति का उत्साह और कदमताल, वंदे मातरम का किया जयघोष




### डिग्री कॉलेज में निकाली गई तिरंगा रैली

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** श्री त्रिदंडी देव राजकीय डिग्री महाविद्यालय, गौतम नगर, शाहपुर में बुधवार को 'हर घर तिरंगा 2026' अभियान के तहत तिरंगा रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो गुलाब फलाहारी ने रवाना किया। इसमें शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य ने कहा कि 'हर घर तिरंगा 2026' अभियान नौ से 17 अगस्त तक चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना तथा 'वंदे मातरम्' की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि अभियान के तहत 'सूर्यपथ तिरंगा' जैसी वैश्विक पहल भी शुरू की गई है, जिसमें विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशनों में सूर्योदय के क्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. शेर सिंह, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. अबुल कलाम समेत अन्य प्राध्यापक, कर्मी एवं एनएसएस स्वयंसेवक मौजूद रहे। समापन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के संकल्प के साथ हुआ।

### राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंजा कोईलवर

**जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में आरा सदर प्रखंड अंतर्गत छोटकी सनदिया पंचायत में किया गया भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन**

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा, हर दिल में तिरंगा' अभियान के तहत गुरुवार को प्रखंड में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक ने किया। तिरंगा यात्रा प्रखंड कार्यालय परिसर से शुरू होकर थाना मोड़ होते हुए कपिलदेव चौक तक पहुंची। यात्रा में बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वियन समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के कर्मी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, महात्मा गांधी अमर रहें और अन्य देशभक्ति के नारों से पूरा मार्ग गुंजायमान रहा। इस अवसर पर आजादी के वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उनके बलिदान को नमन किया गया।बीडीओ बीर बहादुर पाठक ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना तथा प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने सभी लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर "हर घर तिरंगा" अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, बीस सूत्री समिति के सदस्य, प्रखंड एवं अंचल के अधिकारी-कर्मी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### विधायक के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा, सैकड़ों लोग हुए शामिल

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर नगर पंचायत में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा शाहपुर हाई स्कूल से शुरू होकर शाहपुर थाना मोड़ होते हुए प्रखंड कार्यालय तक पहुंची। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व स्थानीय विधायक ई राकेश रंजन ने किया। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। इस दौरान पूरा मार्ग वंदे मातरम् और भारत माता की जय के जयघोष से गूंजता रहा। यात्रा के दौरान देशभक्ति का माहौल देखते ही बन रहा था। सड़क के किनारे मौजूद लोग भी यात्रा में शामिल होते गए। कई लोगों ने तिरंगे के साथ देशभक्ति के नारे लगाए। विधायक ई राकेश रंजन ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत करना तथा सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। यात्रा में बीस सूत्री अध्यक्ष अंकित पांडे, हरेराम सिंह, विनय मिश्र, त्रिभुवन सिंह, विंध्याचल जायसवाल, संजय पांडे, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, छोटू शास्त्री, मो रकीब खान, मार्कण्डेय ओझा, पंकज तिवारी, बंटी पांडे समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

# म्यूल खाते से तीन माह में 78 लाख की लेनदेन




**साइबर फ्रॉड में एक पकड़ाया**

**पासबुक व एटीएम कार्ड बरामद**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** म्यूल खाता खुलवाकर अवैध पैसे की जमा-निकासी करने के मामले में भोजपुर की साइबर थाना पुलिस को अहम सफलता हासिल हुई है। इस मामले में साइबर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर फ्रड में शामिल एक अभियुक्त को गिरतार कर लिया, उसके पास से पासबुक एवं एटीएम कार्ड बरामद हुआ। इसकी जानकारी साइबर डीएसपी रौशन कुमार ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि गिरतार अभियुक्त मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मखदुमपुर डुमरा गांव निवासी श्याम नारायण यादव का पुत्र प्रकाश कुमार है। साइबर डीएसपी ने बताया कि 5 अगस्त 2026 को ष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैंया स्थित बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा सूचना दी गई की उनके बैंक के कुछ म्यूल खाते से धोखाधड़ी हो रही है। इसकी सत्यापन के लिए साइबर थाना के पदाधिकारी द्वारा बैंक का भौतिक निरीक्षण किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मखदुमपुर डुमरा गांव में छापेमारी कर आरोपी खाताधारक प्रकाश कुमार को गिरतार कर लिया गया। पूछताछ के क्रम में उसने घटना में संलिप्त स्वीकार की बताया कि उसने अपने म्यूल खाते को कुछ पैसे के लिए बेचा था। छापेमारी टीम में पुअनि नीरज कुमार, सिपाही लव कुमार, सिपाही धनराज कुमार, सिपाही विरेन्द्र कुमार, महिला सिपाही निशा कुमारी, पायल कुमारी व अन्य कर्मी शामिल थे।

# कोर्ट से गवाही देकर निकले ससुर को दामाद व उसके भाई ने पीटा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सिविल कोर्ट से गवाही देकर निकले ससुर की दामाद और उसके भाई ने मिलकर पिटाई कर दी। बेटी एवं अन्य परिजन ने उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया। जख्मी बुजुर्ग जहानाबाद जिले के करौना थाना के सेवनन गांव निवासी पुत्र अंगद सिंह है।

उन्होंने बेटी कंचन सिंह की शादी 22 नवंबर, 2024 को बड़हरा थाने के पैगा निवासी स्व. संत सिंह के पुत्र सुमित सिंह से की थी। शादी के कुछ दिन बीतने के बाद से ही पति एवं ससुराल वालों द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने वाला लगा। इसके बाद अंगद सिंह बेटी कंचन सिंह को ससुराल से वापस अपने घर ले आये। कंचन सिंह ने जहानाबाद के महिला थाने में पति एवं ससुराल के अन्य लोगों के खिलाफ प्रताड़ित करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसके पति सुमित सिंह के द्वारा आरा सिविल कोर्ट के फैमिली कोर्ट में डाइवोर्स फाइल किया गया था। इस केस में गुरुवार को अंगद सिंह अपनी बेटी कंचन सिंह के साथ गवाही देने आए थे। गवाही देने के बाद जब वह कोर्ट से बाहर निकले। तभी दामाद सुमित सिंह एवं उसका भाई पहले कंचन सिंह को थप्पड़ मारा। तब वहां मौजूद लोगों द्वारा इसका विरोध किया गया, तो सुमित सिंह ने अपने भाई के साथ मिलकर अंगद सिंह की पिटाई कर दी।

# शिवजी चौधरी की 28वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** चन्द्रिका बद्री बालिका उच्च विद्यालय, परसियां के संस्थापक स्व शिवजी चौधरी की 28वीं पुण्यतिथि विद्यालय परिसर में श्रद्धा एवं भावुक वातावरण में मनाई गई। पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से छात्राओं के बीच पाठ्य-पुस्तकों के साथ-साथ कलम, पेंसिल, लेखन पुस्तिका एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि श्री चौधरी ने बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यालय की स्थापना कर क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। कार्यक्रम में मुखिया धर्मेन्द्र चौबे, प्रधानाध्यापिका कलावती देवी राजकुमारी, कमलकांत चौधरी, दिनेश कुमार चौधरी, कुमारी चांदनी, मनोरंजन कुमार, गुड्डू कुमार ठाकुर, राजशेखर कुमार, राजेश तिवारी, राजीव रंजन, निर्मल कुमार चौधरी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शिक्षा और रोजगार को आंदोलन का आह्वान

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वीर कुँवर सिंह विवि में आज आइसा, एआईएसए और आरवाइए की ओर से आयोजित छात्र-युवा संसद में बड़ी संख्या में छात्र, युवा, विद्यार्थी और शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में एनटीए भंग करो, एनईपी 2020 वापस लो, एफवाईयूपी वापस लो, 7.5 सीजीपीए की बाध्यता वापस लो, सबको समान डिग्री दो, सरकारी विद्यालयों को बंद और मर्ज करना नहीं चलेगा, बिहार के सरकारी विद्यालयों की बदहाली दूर करो, केंद्रीय विद्यालयों की तर्ज पर विकसित करो, विद्यालयों का भगवाकरण नहीं चलेगा, स्नातकीय महाविद्यालयों की स्वायत्तता खत्म करना नहीं चलेगा, स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी में बेतहाशा फीस वृद्धि नहीं चलेगा, आउटसोर्सिंग पर रोक लगाओ, सबको सम्मानजनक रोजगार दो आदि सवालों को लेकर गंभीर चर्चा हुई।




**शिक्षा, परीक्षा और रोजगार के सवाल पर छात्र-युवा संसद में गंभीर चर्चा**

मुख्य वक्ता आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत कुशवाहा, आइसा के पूर्व महासचिव संदीप सौरभ, आरवाईए के राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन, आइसा के राज्य सचिव दीपांकर मिश्रा, आमीन तथा आइसा के राज्य अध्यक्ष धनंजय कुमार ने छात्र-युवाओं को संबोधित किया। अजीत कुशवाहा ने कहा कि बिहार में शिक्षा और रोजगार का संकट लगातार गहराता जा रहा है। पेपर लीक, परीक्षा में धांधली और सरकारी संस्थानों की बदहाली ने छात्र-युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना दिया है। शिवप्रकाश रंजन ने कहा कि बिहार के विश्वविद्यालयों और कलेजों में फीस वृद्धि, छात्रावास, लैब, पुस्तकालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी गंभीर चिंता का विषय है। दीपांकर मिश्रा ने कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों को बढ़ावा दिया जा रहा है। मौके पर जयशंकर, विकास, निरंजन, विशाल, अनूप अखिलेश, राजदेव, वीरन, राजेश मनीष, मुस्कान नीतू और वर्षा शामिल रहीं।

# आमजन के लिए खुला आरा का ऐतिहासिक वीर कुंवर सिंह पार्क

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुरवासियों के लिए 13 अगस्त का दिन महत्वपूर्ण सौगात लेकर आया। जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न गौरव ने गुरुवार को वीर कुंवर सिंह पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्क के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यो का अवलोकन किया गया तथा इसके बाद पार्क को औपचारिक रूप से आम जनों के लिए खोल दिया गया। वीर कुंवर सिंह पार्क का यह कायाकल्प आरा शहर को ऐसा सार्वजनिक हरित स्थल प्रदान करता है, जहाँ इतिहास, भोजपुरी संस्ति, आधुनिक मनोरंजन और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

आज से आम जनों के लिए खोला गया यह पार्क आने वाले समय में भोजपुरवासियों के लिए स्वास्थ्य, मनोरंजन, प्रति से जुड़ाव एवं सामाजिक संवाद का प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बता दें कि वर्ष 2024 में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा वीर कुंवर सिंह पार्क का हस्तांतरण वन विभाग को किया गया था। इसके पश्चात भोजपुर वन प्रमंडल, आरा द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में लगभग 4.80 करोड़ रुपये की लागत से पार्क का संपूर्ण जीर्णोद्धार एवं अत्याधुनिक सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया।



**पर्यावरण, आधुनिक मनोरंजन और भोजपुरी संस्कृति का नया प्रतीक**

**डीएम सुल्तानिया और डीएफओ प्रद्युम्न गौरव ने किया निरीक्षण**

### प्रवेश शुल्क 10 रुपये प्रति व्यक्ति

पार्क में प्रवेश, सुरक्षा एवं किफायती पास सुविधाः पुराने द्वार के स्थान पर भव्य प्रवेश गेट, गार्ड रुम एवं टिकट काउंटर का निर्माण किया गया है। आम नागरिकों के लिए प्रवेश शुल्क पूर्व की तरह मात्र 10 रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है। सामान्य प्रवेश का समय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। मॉर्निंग वॉकर्स के लिए 500 रुपये वार्षिक पास तथा बुजुर्गो के लिए कम दरों पर त्रैमासिक एवं मासिक पास की सुविधा उपलब्ध है। पासधारकों के लिए प्रातः 5 से साढे 8 बजे तथा शाम 5 से साढे 6 बजे तक प्रवेश की सुविधा रहेगी। पार्क में 50 लोगों की क्षमता वाले अत्याधुनिक योगशाला पवेलियन, 30 से अधिक प्रजातियों के औषधीय पौधों से युक्त हर्बल गार्डन, ओपेन एयर जिम, म्यूजिकल फाउंटेन, बंबू कियोस्क एवं बोटिंग स्टेशन जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। वीर कुंवर सिंह पार्क के तालाब के मध्य स्थित स्मारक का पुर्नद्धार करते हुए मूर्ति के चारों ओर सौंदर्यीकरण, आकर्षक लाइटिंग एवं मुख्य पाथवे का जीर्णोद्धार किया गया है। वही गिरे हुए लकड़ी के लट्ठों को बेंच एवं सेल्फी पइंट के रूप में तथा पुरानी जड़ों को लैंडस्केप सेंटरपीस के रूप में उपयोग किया गया है। पार्क में जनभागीदारी एवं पर्यावरण संदेशों को स्थानीय संस्ति से जोड़ने के लिए भोजपुरी भाषा में आकर्षक सूचना पट्ट लगाए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षित बच्चों से ही राष्ट्र का उत्थान संभव : भास्कर


**अरवल (एनएसबी)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी अरवल से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर अरवल विधानसभा के कई विद्यालयों के समस्याओं से अवगत कराकर शीघ्र समाधान कराने का आग्रह राम विनय शर्मा पूर्व जिला




अध्यक्ष भाजपा एवं भास्कर कुमार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा बिहार ने किया।शिक्षा को और सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण तरीका से बेहतर बनाने का सुझाव दिया। जिला में बहुत सारे उत्क्रमित उच्च विद्यालय भवन एवं भूमि के अभाव में मध्य विद्यालय में ही उच्च विद्यालय का शिक्षण कार्य किया जा रहा है जिससे मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय का पठन पठान प्रभावित हो रहा है। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए बिहार सरकार के द्वारा भवन निर्माण के लिए पर्याप्त राशि शिक्षा विभाग को उपलब्ध भी कर दिया गया है। बच्चे इस देश के भविष्य हैं उनके पढ़ाई लिखाई के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### एमडीएम चावल की पांच बोरियों में 38 किलो की कमी से आपूर्ति व्यवस्था पर उठे सवाल

**कुर्था(एनएसबी)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) के लिए आपूर्ति किए जा रहे चावल में कथित गड़बड़ी का मामला सामने आया है। गुरुवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय दरहेटा में चावल की आपूर्ति के दौरान पांच बोरियों में कुल 38 किलोग्राम चावल कम पाया गया। मामला सामने आते ही विद्यालय परिसर में मौजूद लोगों के बीच



आक्रोश की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन संख्या बीआर 11 एस 6644 से विद्यालय परिसर में एमडीएम का चावल उतारा जा रहा था। इसी दौरान बीस सूत्री सदस्य संजय कुमार मौके पर पहुंचे और चावल का वजन कराने की मांग की। इसको लेकर शुरूआत में आपूर्तिकर्ता और बीस सूत्री सदस्य के बीच काफी बहस हुई। बाद में विद्यालय परिसर में ही चावल की बोरियों का वजन कराया गया। वजन के दौरान 50-50 किलोग्राम की पांच बोरियों में कुल 38 किलोग्राम की कमी सामने आई। यानी पांच बोरियों में निर्धारित मात्रा से काफी कम चावल पाया गया। वजन में कमी सामने आने के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने नाराजगी जताई। स्थिति को देखते हुए वाहन चालक भोला कुमार ने तत्काल 38 किलोग्राम चावल की भरपाई कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। वही बीस सूत्री सदस्य संजय कुमार ने प्रेस बयान जारी कर आरोप लगाया कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में पिछले कई महीनों से एमडीएम चावल की मात्रा में कटौती किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। उन्होंने कहा कि दरहेटा विद्यालय में वजन के दौरान सामने आई कमी ने इन शिकायतों को गंभीर बना दिया है। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जांच के माध्यम से यह स्पष्ट होना चाहिए कि चावल की कमी कहां और किस स्तर पर हो रही है। मामले के सामने आने के बाद एमडीएम चावल की आपूर्ति व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले खाद्यान्न में किसी भी तरह की अनियमितता गंभीर विषय है। यदि चावल की आपूर्ति में लगातार कटौती होती रही तो इसका सीधा असर बच्चों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन और उनके पोषण पर पड़ सकता है। वहीं ग्रामीणों ने भी पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### 1.5 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, देशभक्ति के रंग में रंगा जहानाबाद

**जहानाबाद (एनएसबी)।** हर घर तिरंगा अभियान एवं देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गुरुवार को जहानाबाद में भव्य 1.5



किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से शुरू हुई यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी मैदान पहुंची। विशाल तिरंगे के साथ निकली यात्रा में हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर रहा। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व समाजसेवी विक्रम कुमार ने किया। यात्रा में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधान पार्षद राधा मोहन शर्मा, लोजपा नेत्री डॉ. इंदु कश्यप, समाजसेवी कुंदन कुमार शर्मा, समाजसेवी मृत्युंजय कुमार उर्फ भोला जी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, युवा, विद्यार्थी एवं आम नागरिक शामिल हुए। यात्रा में शामिल लोगों के हाथों में तिरंगा लहरा रहा था। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में युवा तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए।

**विक्रम कुमार बोले—तिरंगा हमारी आन, बान और शान :** यात्रा का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी विक्रम कुमार ने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, त्याग और गौरव का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों के अंदर राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना तथा नई पीढ़ी को देश के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि जब हजारों लोग एक साथ तिरंगा लेकर सड़क पर निकलते हैं तो यह दृश्य देश की एकता और अखंडता का संदेश देता है। जाति, धर्म और दल से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। तिरंगे का सम्मान प्रत्येक भारतीय का गौरव है। विक्रम कुमार ने यात्रा में शामिल सभी लोगों, सामाजिक कार्यकताओं, युवाओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारी भागीदारी ने साबित कर दिया कि जहानाबाद की जनता के दिल में देश के प्रति अपार प्रेम है।

**राधा मोहन शर्मा ने कहा—देश की एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत:** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधान पार्षद राधा मोहन शर्मा ने कहा कि तिरंगा देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। आजादी के अमृत भाव को आगे बढ़ाने और युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना मजबूत करने के लिए ऐसे आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि भारत की ताकत उसकी विविधता में एकता है। तिरंगा हमें देशहित, राष्ट्रसेवा और एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। हजारों लोगों का एक साथ तिरंगा लेकर निकलना जहानाबाद की राष्ट्रभक्ति का शानदार उदाहरण है।

**डॉ. इंदु कश्यप ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में योगदान की अपील की :** लोजपा नेत्री डॉ. इंदु कश्यप ने कहा कि तिरंगा यात्रा जैसे आयोजन युवाओं में देश के प्रति जिम्मेदारी और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। आज की पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि तिरंगा हम सभी को एक सूत्र में बांधता है। देश तभी मजबूत होगा, जब हम आपसी भेदभाव भूलकर एकजुट होकर देश के विकास और सम्मान के लिए काम करेंगे।

**कुंदन कुमार ने कहा—तिरंगा हमारी आन, बान और शान:** समाजसेवी कुंदन कुमार ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने देशवासियों से तिरंगा यात्रा में बढ़-चढ़कर शामिल होने और देशभक्ति की भावना के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील की।

# परीक्षा भवन निर्माण को लेकर डिग्री कॉलेज का डीएम ने किया निरीक्षण



निरीक्षण करते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के प्रस्तावित परीक्षा भवन के निर्माण हेतु भूमि चयन को लेकर जिला पदाधिकारी ने किया राजकीय डिग्री कॉलेज बेलखरा, करपी का निरीक्षण बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा अरवल जिले में प्रस्तावित बजगृह-सह-परीक्षा भवन के निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि के चयन को लेकर जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा राजकीय डिग्री कॉलेज, बेलखरा, करपी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध भूमि, भवन निर्माण की संभावनाओं, परिसर की उपयुक्तता एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रस्तावित बजगृह-सह-परीक्षा भवन का उद्देश्य विभिन्न प्रतियोगी एवं बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित गोपनीय सामग्री के सुरक्षित भंडारण एवं रख-रखाव के साथ-साथ परीक्षाओं के सुचारू एवं व्यवस्थित संबालन के लिए एक स्थायी एवं समर्पित परिसर उपलब्ध कराना है। वर्तमान में विभिन्न परीक्षाओं के आयोजन के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के भवनों का उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न चुनावों के दौरान भी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री के भंडारण तथा अन्य निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं के लिए परिसर का उपयोग किया जाता है। इससे कई अवसरों पर नियमित पठन-पाठन की गतिविधियां प्रभावित होती हैं।

जिला पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कहा कि परीक्षा एव निर्वाचन संबंधी गतिविधियों के लिए अलग और समर्पित परिसर उपलब्ध होने से विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पठन-पाठन का कार्य निर्वाध रूप से सचालित किया जा सकेगा। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने की समस्या कम होगी तथा परीक्षा एवं निर्वाचन कार्यों के संचालन में समय एवं संसाधनों की भी बचत सुनिश्चित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रस्तावित भवन को केवल परीक्षा एवं गोपनीय सामग्री के सुरक्षित रख-रखाव तक सीमित न रखते हुए आवश्यकता के अनुरूप मल्टीपर्पस हॉल के रूप में विकसित किया जा सकता है। जब भवन का उपयोग परीक्षा अथवा अन्य निर्धारित कार्यों के लिए नहीं हो रहा हो, तब संबंधित विद्यालय महाविद्यालय द्वारा इसका उपयोग शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रम एवं अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियों, प्रशिक्षण, कार्यशाला, सेमिनार, जागरूकता कार्यक्रम तथा अन्य सामुदायिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन के लिए किया जा सकेगा। इस प्रकार प्रस्तावित बजगृह-सह-परीक्षा भवन जिले में परीक्षा संचालन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों में पठन-पाठन की निरंतरता बनाए रखने तथा उपलब्ध संसाधनों के बहुउद्देशीय उपयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, डीपीओ (शिक्षा), विशेष कार्य पदाधिकारी श्री ऋषिकेश तिवारी राहित अन्य संबंधित पदाधिकारी, महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मी उपस्थित रहे। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तावित स्थल के संबंध में आवश्यक जानकारी जिला पदाधिकारी को उपलब्ध कराई गई।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सखी वार्ता का हुआ


सखी वार्ता में भाग लेते लोग।

**अरवल (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस सह नोडल पदाधिकारी महिला एवं बाल विकास निगम माला कुमारी की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत एक दिवसीय सखी वार्ता सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिले के सभी बाल विकास परियोजना के प्रखंड समन्वयक एवं महिला पर्यवेक्षिका एवं कर्मी उपस्थित थे। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी महोदया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों के जन्म दर में वृद्धि, लैंगिक अनुपात में सुधार एवं बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने सभी प्रखंड समन्वयक एवं महिला पर्यवेक्षिका को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से लाभुकों का चयन कर प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने का कार्य करें। बैठक में महिला सशक्तिकरण,वन स्टॉप सेंटर,जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ विमेन,बाल विवाह,दहेज प्रथा,महिला उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न, किशोरी पोषण,स्वास्थ्य एवं 181 महिला हेल्पलाइन के प्रचार-प्रसार पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर अरवल सदर सह कुर्था सीडीपीओ प्रतिमा कुमारी,डीपीएम महिला एवं बाल विकास निगम विनय प्रताप, जिला मिशन समन्वयक मिशन शक्ति धीरेन्द्र कुमार, जिला समन्वयक राष्ट्रीय पोषण मिशन सूरज कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## बालिका उच्च विद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब की गतिविधि आयोजित



भाग लेते बच्चे।

**अरवल (एनएसबी)।** +2 बालिका उच्च विद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब की गतिविधि आयोजित +2 बालिका उच्च विद्यालय में बच्चों के बीच उप निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा निर्वाचन साक्षरता क्लब से संबंधित जागरुकता गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भारतीय लोकतंत्र, निर्वाचन प्रक्रिया एवं उनके मतदाता अधिकारों और दायित्वों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है तथा एक जागरूक मतदाता ही अपने मताधिकार का सही एवं प्रभावी उपयोग कर सकता है। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग की भूमिका एवं उसके दायित्वों से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया। साथ ही निर्वाचन सूची की तैयारी एवं उसके अद्यतीकरण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना तथा उसमें आवश्यक संशोधन कराना प्रत्येक पात्र नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में मत्तदाता सूची में निबंधन की प्रक्रिया एवं मत्तदात्ता सेवा से सबंधित विभिन्न पहलुओं पर भी जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाने में उपयोग होने वाली तकनीक तथा ईवीएम / चीवीपैट के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि निर्वाचन के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट का उपयोग मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जाता है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान प्रक्रिया एवं मतगणना से संबंधित विभिन्न चरणों की जानकारी देते हुए उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय एवं जिम्मेदार भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि वे स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी मतदाता जागरूकता के प्रति प्रेरित करें। पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया तथा निर्वाचन साक्षरता क्लब की गतिविधियों को विद्यालय स्तर पर निरंतर प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक दायित्वों एवं निष्पक्ष तथा जागरूक मतदान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास किया गया। निर्वाचन साक्षरता क्लब की ऐसी गतिविधियों से युवाओं को भविष्य के जिम्मेदार एवं जागरूक मतदाता के रूप में तैयार करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अरवल, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अरवल सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं बीएलओ उपस्थित रहे।

## शिक्षा के निजीकरण के खिलाफ छात्रों का हुंकार, 29 अगस्त को गया में जुटेंगे युवा



**जहानाबाद (एनएसबी)।** गया में आगामी 29 अगस्त को आयोजित होने वाले छात्र युवा संसद सम्मेलन की तैयारी को लेकर जहानाबाद में छात्रों और युवाओं की बैठक आयोजित की गई। शहर के एक निजी हॉल में अक्रअ और फअ के संयुक्त बैनर तले आयोजित बैठक में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का नेतृत्व इंकलाबी नौजवान सभा के जिला संयोजक डॉ. धनंजय कुमार एवं अक्रअ के संयोजक नीतीश कुमार ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में छात्र एवं युवा शामिल हुए। वक्ताओं ने शिक्षा के बढ़ते निजीकरण पर चिंता जताते हुए कहा कि इसका सबसे अधिक असर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के छात्रों पर पड़ रहा है। बैठक में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की व्यवस्था में बदलाव, परीक्षा में पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने तथा लगातार बढ़ रही फीस पर नियंत्रण की मांग उठाई गई। छात्र नेताओं ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को भी समान अवसर के साथ सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। वक्ताओं ने कहा कि छात्रों के हितों की अनदेखी और उनके आर्थिक शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिक्षा के अधिकार, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था के लिए छात्र-युवा आंदोलन को मजबूत करने की आवश्यकता है। बैठक में 29 अगस्त को गया में आयोजित होने वाले छात्र युवा संसद सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में छात्रों एवं युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। सम्मेलन की सफलता के लिए जहानाबाद से बड़ी संख्या में छात्रों और युवाओं को शामिल कराने पर जोर दिया गया।

## एसपी के जनता दरबार में समस्याओं की लगी कतार

**मेहंदिया (एनएसबी)।** थाना परिसर मेहंदिया में गुरुवार को आयोजित अरवल एसपी नवजोत सिमी के जनता दरबार में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे पुलिस कप्तान के सामने रखीं। जनता दरबार में एक ओर जहां ग्रामीणों ने क्षेत्र में फैल रहे ह्यसूखी नशाह्न के प्रचलन पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की, वहीं दूसरी ओर मेहंदिया पुल के निर्माण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। इसके अलावा बिजली के 11 हजार वोल्ट के तार से उत्पन्न खतरे, कथित फर्जी मुकदमे तथा सरपंच कार्यालय में चौकीदार की कमी जैसी समस्याओं से भी एसपी को अवगत कराया गया।



लोगों की समस्याएं सुनते एसपी।

जनता दरबार में बोध बिगहा गांव निवासी लक्ष्मण राम ने एसपी नवजोत सिमी से मुलाकात कर अपने ऊपर दर्ज कथित फर्जी केस से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की। वहीं निरंजन-इस्माइलपुर कोयल पंचायत के मुखिया आनंद सिन्हा ने गांव से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार को सुरक्षित तरीके से व्यवस्थित कराने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि आबादी वाले इलाके से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार को लेकर ग्रामीणों में हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और बीते दिन एक शिक्षक के साथ गंभीर घटना भी घट गई। इसी पंचायत के सरपंच ने एसपी के समक्ष सरपंच कार्यालय में चौकीदार की बहाली अथवा प्रतिनियुक्ति का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि

**नशे पर रोक से लेकर 11 हजार वोल्ट तार और मेहंदिया पुल का उठा मुद्दा**

कार्यालय में चौकीदार नहीं रहने के कारण सुरक्षा, नोटिस एवं अन्य कार्यों में परेशानी होती है। जनता दरबार में मौजूद ग्रामीणों ने क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी एसपी को अवगत कराया।

**शिकायतों की जांच कर होगी कार्रवाई : एसपी** एसपी नवजोत सिमी ने लोगों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों को अपनी शिकायतें सीधे पुलिस प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर देना है। फरियादियों से प्राप्त शिकायतों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो, इसके लिए पुलिस अधिकारियों को मामलों की निष्पक्ष जांच करने का निर्देश दिया गया है। एसपी ने लोगों से भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। थाना के कांडों की भी हुई समीक्षा जनता दरबार समाप्त होने के बाद एसपी ने मेहंदिया थाना का निरीक्षण किया और थाना में दर्ज विभिन्न कांडों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित कांडो की स्थिति, अनुसंधान की प्रगति, आरोपियों की गिरफ्तारी तथा मामलों के निष्पादन को लेकर पुलिस पदाधिकारियों से जानकारी ली। एसपी ने अनुसंधान में तेजी लाने और लंबित मामलों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस को विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा।एसपी के जनता दरबार को लेकर थाना परिसर में काफी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। इस अवसर पर मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जदयू नेता राजीव नयन की बहू के निधन से शोक की लहर, चंदन सिंह व ऋतुराज कुमार ने गिनजी पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जनता दल (यू.) के प्रदेश महासचिव राजीव नयन उर्फ राजू सिंह की बहू के असामयिक निधन से पार्टी कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर है। निधन की सूचना मिलने के बाद जदयू के प्रदेश महासचिव सह बिहार राज्य प्रदेश कार्यान्वयन समिति के सदस्य चंदन सिंह तथा घोषी विधायक ऋतुराज कुमार उनके पैतृक गांव गिनजी पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान चंदन सिंह ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि असमय किसी अपने का चले जाना अत्यंत पीड़ादायक होता है। इस दुख की घड़ी में पूरा जदयू परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा



परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि जीवन और मृत्यु प्रकृति का शाश्वत सत्य है, लेकिन कम उम्र में किसी प्रियजन का बिछड़ना परिवार के लिए अत्यंत कष्टकारी होता है। ऐसे कठिन समय में परिवार के साथ खड़ा होना और संवेदना व्यक्त करना उन्हें संबल प्रदान करता है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में जदयू के प्रदेश सचिव सह जहानाबाद जिला कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, अजय कुमार देव, जदयू नेता डॉ. निरंजन अंबेडकर, मुरारी यादव, घोषी नगर अध्यक्ष विनोद केशरी, उपाध्यक्ष मनोज कुशवाहा तथा भाजपा नेता नागेन्द्र मेहता सहित अन्य लोग शामिल रहे। सभी उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

# हाजीपुर में भाजपा कार्यकर्ता सह ठेकेदार रामनरेश राय की हत्या

## दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अपराधियों ने मार्निंग वॉक के समय घर के निकट ही मारी गोलियां

दैनिक नवसंदेश

**हाजीपुर।** हाजीपुर में अहले सुबह भाजपा कार्यकर्ता सह बड़े ठेकेदार रामनरेश राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना सदर थाना क्षेत्र स्थित कुम्हइया पोखरी अवस्थित उनके घर के समीप ही घटी। घटना के समय रामनरेश राय मार्निंग वॉक पर निकले थे। इसी बीच दो बाइक पर सवार 4 अपराधियों ने रास्ते मे ही ठेकेदार पर हमला कर दिया।

सीसीटीवी में साफ साफ देखा जा सकता है कि ठेकेदार रामनरेश राय घर से कुछ दूर आगे ही निकले थे कि बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी। ठेकेदार ने भागने का भी प्रयास किया लेकिन अपराधियों ने पीछा कर 4 गोली मारी। गोली की आवाज सुनकर पहुचे ग्रामीणों द्वारा आनन फानन में घायल ठेकेदार को नीजि नर्सिंग में ले जाया गया जहाँ चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद लोग शव लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए और सड़क जाम कर दिया।

इधर घटना की सूचना मिलते ही एसपी शुभांक मिश्रा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगो को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। एसपी ने एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया। घटना के बाद से लोगो मे आक्रोश है और जल्द अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग कर रहे है।

वहीं एसपी ने दावा किया है कि घटना में शामिल जितने भी अपराधी है उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएग। वही,



घटना की जानकारी लेते डीआईजी।



घटनास्थल पर जांच करते एसपी।

पुलिस उप महानिरीक्षक, तिरहुत क्षेत्र, मुजफ्फरपुर श्री चंदन कुमार कुशवाहा द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा घटनास्थल की बारीकी से जांच करते हुए घटना के संबंध में संबंधित पुलिस पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गई तथा अपराधियों की गिरफ्तारी की कारवाई की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उनके द्वारा मृतक के परिजनों से भी मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी ली गई तथा उन्हें पुलिस द्वारा नियमानुसार त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया।

परिजनों ने घटना के बाद परोसी सहदेव राय, मुकेश राय व उनके परिजनों के साथ जमीनी विवाद बतलाया। इस संबंध में रामनरेश राय द्वारा नामजद अभियुक्त बनाते हुए सदर थाने में कुछ माह पूर्व प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की उदासीनता से आज हत्या हुई।

घटनास्थल पर पहुचे हाजीपुर के विधायक अवधेश सिंह ने पुलिस से कहा कि पुलिस जल्द से जल्द अपराधियो को गिरफ्तार कर घटना का उद्भेदन करे। उन्होंने मृतक को भाजपा कार्यकर्ता बताते हुए व्यक्तिगत क्षति बताया। वही, हत्याकांड को लेकर तरह तरह की चर्चाएं है। समाचार भेजे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नही हुई थी। पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही थी।

## खबरें : एक नजर में

### नशे के दुष्प्रभावों के प्रति युवाओं को जागरूक होना होगा : डीएम

#### ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर बुधवार को नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा-अभियान के तहत संकल्प समारोह का आयोजन

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की राजपूत नगर हाजीपुर स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर बुधवार को नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा-अभियान के तहत संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने की। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के युवा खासकर ड्रग्स और



कार्यक्रम का उद्घाटन करती जिलाधिकारी।

सुई के सेवन की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे एड्स के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह समाज के लिए बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता लाना अब समय की मांग है। नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। जिला प्रशासन इस मुहिम में संस्था के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा।कार्यक्रम के दौरान सेवा केंद्र के भाई-बहनों ने नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित एक नाटक की प्रस्तुति की। जिसे उपस्थित लोगों ने काफी सराहा। सेवा केंद्र की सहायक संचालिका बीक़े आरती ने नशे के दुष्परिणामों से बचने के उपाय बताए। बीक़े रूबी ने कहा कि नशा मुक्त जीवन से बेहतर स्वास्थ्य, मन की शांति और सकारात्मक जीवनशैली मिलती है। उन्होंने राजयोग मेडिटेशन को नशा मुक्ति का प्रभावी माध्यम बताया। बीक़े अर्चना ने कहा कि नशा मुक्त रहने से पारिवारिक संबंध मजबूत होते हैं। सेवा केंद्र की संचालिका बीक़े अंजली ने बताया कि 20 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत 10 करोड़ प्रतिज्ञाएं लेने का लक्ष्य है। संस्था के कार्यकर्ता स्कूल, कलेज और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। अंत में सभी उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर वार्ड पार्षद अरुण कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में साधक और लोग मौजूद थे।

### सावरकर पर प्रश्न पूछना अपराध नहीं, शिक्षक का निलंबन वापस हो : शैक्षिक महासंघ

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने केरल के कासरगोड जिले के कुंबला सब-डिस्ट्रिक्ट में आयोजित सोशल साइंस फ्रीडम क्विज में स्वातंर्त्यवीर विनायक दामोदर सावरकर पर प्रश्न पूछे जाने पर शिक्षक गुरु प्रसाद के निलंबन की कड़ी निंदा की है और निलंबन तत्काल वापस लेने की मांग की है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. नारायण लाल गुप्ता ने कहा कि सावरकर स्वतंत्रता आंदोलन के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक व्यक्तित्व हैं। उनके क्रांतिकारी जीवन और सेलुलर जेल में कारावास का अध्ययन इतिहास का स्वाभाविक हिस्सा है। उनके विचारों से सहमति-असहमति हो सकती है, लेकिन उन पर प्रश्न पूछना अपराध या अनुशासनहीनता नहीं है। महामंत्री प्रो. गीता भट्ट ने कहा कि प्रश्नावली उप जिला शिक्षा अधिकारी के अनुमोदन के बाद भेजी गई थी, ऐसे में केवल प्रश्नकर्ता शिक्षक को दोषी ठहराना अनुचित है। जांच पूरी होने से पहले निलंबन से शिक्षकों में भय और आत्म-सेंसरशिप का माहौल बनेगा। उन्होंने कहा कि गांधी, सुभाष, भगत सिंह, सावरकर सहित सभी राष्ट्रभक्तों के योगदान से स्वतंत्रता आंदोलन की राष्ट्रीय गाथा बनी है। सावरकर के नाम पर हवाई अड्डा और संसद में चित्र होना भी यही दर्शाता है। क्षेत्र प्रमुख डा. पंकज कुमार ने राज्यपाल से शिक्षक को बहाल कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। महासंघ ने शिक्षकों की अकादमिक स्वतंत्रता की रक्षा पर भी बल दिया।

### चौसा में रेल कोरीडोर में भूमि देने पर किसानों की सहमति का प्रशासनिक अफवाह से बढ़ा तनाव : संयुक्त किसान मोर्चा

#### चौसा थर्मल प्रबंधन के रवैए से प्रताड़ित किसान मजदूर एवं बेरोजगार युवाओं में आक्रोश

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बक्सर डीएम का (वीडीएसी) बैठक में प्रभावित परिवारों को नौकरी,(आर-आर),(आर,जी), वार्षिकी,शिक्षा,स्वास्थ्य एवं प्रभावित गांवों के विकास पर किसानों से बात करने के बजाय, रेल कोरिडोर के लिए 65 एकड़ जमीन के लिए जोर देने से प्रभावित लोग आक्रोशित हुए। जबकि उसकी ना तो किसानों को विधिवत सूचना दी गई और ना ही उसके लिए किसानों से अभी तक सहमति ली गई।किसानों का जमीन जबरन हड़पने के लिए प्रशासन द्वारा अखबारों में झूठा बयान की 42 एकड़ भूमि की सहमति प्राप्त हो गई है। यह लोगों को हजम नहीं हो रहा है। जिला प्रशासन के इस झूठे ब्यान से लोगों में भ्रम फैला है। भ्रम फैलाने की सरकारी योजना से आम लोग गुस्से में है।

संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता दिनेश कुमार,अशोक प्रसाद सिंह,अश्विनी चौबे,ब्रजेश राय,शैलेश राय एवं सत्येंद्र सिंह ने जिला प्रशासन से मौजा एवं रैयतवार लिखित सहमति का प्रमाण एक सप्ताह में सार्वजनिक करने की मांग की है अन्यथा बक्सर की जनता से जिला प्रशासन माफी मांगे। उक्त नेताओं ने प्रशासन द्वारा किसानों की जमीन छीनने की लगातार कुत्सित प्रयास की घोर निंदा की।

उन्होंने कहा कि किसानों,मजदूरों एवं नौजवानों में काफी रोष बढ़ता जा रहा है। चौसा थर्मल में प्रभावित परिवारों के बेरोजगार युवाओं को नौकरी में बहाली के बदले चौसा से बाहर के लोगों को बहाल किया जा रहा है। वैकेंसी का प्रकाशन शिमला से,नौकरी शिमला के लोगों को और जमीन चौसा के किसानों का यह बर्दाश्त से बाहर है।इसे स्थानीय लोग कतई स्वीकार नहीं करेंगे।संयुक्त किसान मोर्चा बिहार की स्पष्ट मांग है कि पुर्व में थर्मल में दी गई 1065 एकड़ भूमि से प्रभावित परिवारों के योग्य युवाओं को तत्काल नौकरी दे, आर -आर, वार्षिकी एवं अन्य वादे अविलंब पूरा करें। तभी किसान मजदूर और नौजवान थर्मल के विकास विस्तार में सहयोग करेंगे अन्यथा संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार किसानों,मजदूरों,नौजवानों एवं प्रभावित अन्य लोगों को संगठित कर एक बड़े जंग छेड़ने को मजबूर होंगे।

## महुआ में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़े मरीज

**महुआ (दैनिक नवसंदेश)।** महुआ प्रखंड अंतर्गत मंगरु चौक के निकट गुरुवार को स्वर्गीय ब्यूटी सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास के गांवों से आए 400 से अधिक जरूरतमंद लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें निःशुल्क दवाएं प्रदान की गईं।कार्यक्रम का शुभारंभ राम जानकी एक्यूप्रेशर चिकित्सा केंद्र संचालक डा. प्रमोद कुशवाहा, डा. सत्येन्द्र कुमार,डा. नवल कुमार,डा. सौरभ राज,डा.एम के. रंजन, डा.निशांत कुमार,डा. प्रिंस कुमार,राजीव रंजन,विपिन कुमार आदि ने संयुक्त रूप से स्वर्गीय ब्यूटी सिंह के घ्तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया। साथ ही सभी चिकित्सकों एवं अतिथियों को फूल-मालाओं एवं अंगवस्त्र से



निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर।

सम्मानित भी किया गया। मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य टीम ने मरीजों की बीमारियों की गहन जांच की और उन्हें स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक परामर्श भी दिया।सुप्रसिद्ध एक्यूप्रेशर चिकित्सक डा. प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि एक्यूप्रेशर थेरेपी शरीर के हार्मोन सिस्टम को उत्तेजित करती है।यह शरीर के हर तरह के दर्द में फायदेमंद साबित होती है। अगर आप सिर दर्द, माइग्रेन, जोड़ों के दर्द, जकड़न, घुटनों के दर्द और अर्थराइटिस से पीड़ित है,तो एक्यूप्रेशर चिकित्सा से राहत पा सकते हैं। इतना ही नहीं चिंता, तनाव, पाचन संबंधी या पैरालाइसिस से ग्रसित है तो इस पारंपरिक उपचार की मदद ले सकते हैं। दंत रोग चिकित्सक डा. एम के.रंजन ने बताया कि खाने के बाद दांतों और मसूड़ों की मालिश करने से दांत स्वस्थ रहते हैं। मसूड़ों की मालिश से मसूड़ों के ऊतकों में रक्त का प्रवाह बढ़ता है, जिससे मसूड़ों को ज्यादा पोषक तत्व मिलते हैं इससे मसूड़ों की बीमारियां नहीं होतीं और दांत स्वस्थ रहते हैं।इस मेडिकल कैंप को लेकर आदर्श होमियो हॉल के संचालक मिथिलेश सिंह एवं बिपिन कुमार ने इस सेवा कार्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ष्नर सेवा ही नारायण सेवा है।ष उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेगा शिविर को सफल बनाने में सुमित कुमार ,रौशन कुमार,सत्य प्रकाश, प्रेमचन्द कुमार,सुमिर कुमार, राहुल कुमार, सत्येन्द्र कुमार सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर के समापन पर सभी डक्टरों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का डीएम एवं एसपी ने लिया जायजा

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** स्वतंत्रता दिवस 2026 के सफल एवं गरिमापूर्ण आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक, वैशाली शुभांक मिश्रा द्वारा गुरुवार को अक्षयवट राय स्टेडियम, हाजीपुर में परेड के पूर्वाभ्यास एवं तैयारियों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। इस दौरान सशस्त्र बल, बिहार सैन्य पुलिस, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स तथा स्काउट एवं गाइड दल के प्रतिभागियों द्वारा अनुशासित एवं जोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया। निर्धारित मार्च-पास्ट के क्रम में विभिन्न टुकड़ियों द्वारा जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को गार्ड अफ अनर दिया गया। वाद्य यंत्र दल द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति की धुनों से स्टेडियम परिसर देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत हो



परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण।

गया। जिला पदाधिकारी ने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए अंतिम पूर्वाभ्यास के दौरान कदमताल, अनुशासन, आपसी समन्वय एवं निर्धारित प्रक्रिया का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह जिले की गरिमा एवं राष्ट्रीय गौरव से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। समारोह की तैयारियों में किसी भी स्तर पर कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को साउंड सिस्टम, मंच व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, बैरिकेडिंग, सजावट एवं रंग-रोगन सहित सभी तकनीकी एवं आधारभूत व्यवस्थाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने परेड के दौरान अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी टुकड़ियों को कदमताल, मोड़ एवं सलामी की प्रक्रिया में और अधिक सटीकता एवं समन्वय सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, समारोह के दिन भीड़ नियंत्रण, विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा, आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता एवं यातायात प्रबंधन को लेकर आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने पर बल दिया।

## बिहार विधानसभा के सभाकक्ष में आयोजित प्राक्कलन समिति की बैठक में कांटी विधायक अजीत कुमार हुए उपस्थित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधानसभा प्राक्कलन समिति की बैठक विधानसभा के मीटिंग हल में संपन्न हुआ। इस बैठक में कांटी विधायक व पूर्व मंत्री सह प्राक्कलन समिति के सदस्य ई अजीत कुमार समेत कई सदस्यों शामिल हुए। बैठक में स्वास्थ्य एवं ऊर्जा विभाग के कार्यो का समीक्षा किया गया, वहीं राज्य के प्रगति के लिए बैठक में अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए गए। इस बैठक में बिहार विधानसभा एवं परिषद के एक दर्जन सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण जनहित के मामले को गंभीरता से रखा। सदस्यों के द्वारा उठाए गए मामले पर उपस्थित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया।



बैठक में कांटी विधायक अजीत कुमार हुए उपस्थित।

कांटी विधायक सह प्राक्कलन समिति के सदस्य अजीत कुमार ने कहा कि जनहित, विकास और जवाबदेही के प्रति हमारी प्रतिबद्धता निरंतर जारी है। कांटी विधायक सह प्राक्कलन समिति के सदस्य अजीत कुमार ने कहा कि कांटी विधानसभा क्षेत्र के विकासात्मक, जनहितकारी व जनउपयोगी मामले को शासन व प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष लगातार रखकर उसकी त्वरित कार्यान्वयन व निदान करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जो यह निरंतर प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

## सदर अस्पताल में स्तनपान जागरूक दिवस मनाया गया



जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सक।

**हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)।** हाजीपुर सदर अस्पताल में स्तनपान जागरूक दिवस मनाया गया। जिसमें वैशाली जिले के सिविल सर्जन डा श्यामनंदन प्रसाद सिंह, शिशुरोग विशेषज्ञ डा एस के वर्मा, डा अशोक कुमार , डा अनिल कुमार एवं आई ए पी वैशाली जिला के प्रेसिडेंट डा अरविंद सिंह एवं सदर अस्पताल के शिशुरोग विशेषज्ञ डा दीपक कुमार, डा चंदन कुमार , डा रजा सामी एवं सदर अस्पताल के शिशु विभाग के सिस्टर लोग ने भाग लिया। सभी शिशुरोग विशेषज्ञ एवं सिविल सर्जन ने मां के दूध को अमृत समान बताया । ये भी बताया कि बच्चे को जन्म से लेकर कम से कम 6 महीना तक मां का दूध अवश्य पिलाना चाहिए , जो बच्चा मा का दूध 6 महीना सही ढंग से पी लेता है उस बच्चे को होने बाला जानलेवा बीमारी जैसे - डायरिया, निमोनिया , एवं हृदय रोग जैसे बीमारी होने का खतरा कम औरो के अपेक्षा कम हो जाता है।

## पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता सिवान जिला में आयोजित तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के पर्यटन मंत्री सह सिवान जिले के प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने सिवान जिला में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम की इस भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिये। पर्यटन मंत्री सह सिवान जिले के प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से राष्ट्र प्रथम की भावना को सशक्त करने, देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों के अमर बलिदान को स्मरण करने तथा युवा पीढ़ी में राष्ट्रीय एकता और अखंडता का भाव जागृत करने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि तिरंगे की शान, राष्ट्र का अभिमान है। इस अवसर पर बिहार सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, विधायक करणजीत सिंह , भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, भाजपा नेत्री अनुराधा गुप्ता , धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष रमेश सिंह , सचिव गोपाल पाण्डेय सहित पार्टी के सम्मानित पदाधिकारियों, कर्मठ कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में उपस्थित सभी साथियों की गरिमामयी सहभागिता रही। इधर, पर्यटन मंत्री सह सिवान जिले के प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के सिवान जिले में पहुँचने पर एनडीए गठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जगह - जगह भव्य स्वागत किया।



पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने सिवान जिला में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में सम्मिलित ।

## 20 अगस्त को दस्तावेज सत्यापन कराएं अभ्यर्थी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** विज्ञापन संख्या-90/2025, खेल विभाग, बिहार के अधीन विहार खेल सेवा संवर्ग के अंतर्गत जिला खेल पदाधिकारी/ सहायक निदेशक, खेल/ सहायक निदेशक, युवा/ व्याख्याता, एस् एच् एवं शाशि महाविद्यालय के लिखित (वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित उम्मीदवारों का दस्तावेज सत्यापन दिनांक-18 से 20 जून तक आयोजित किया गया था। आयोग के मुताबिक उक्त दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित सभी उम्मीदवारों का दस्तावेज सत्यापन हेतु एक अंतिम अवसर दिया जाता है। ऐसे उम्मीदवार दिनांक-20 अगस्त को आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। उपर्युक्त तिथि को उपस्थित होने वाले उम्मीदवार को निर्देश दिया जाता है कि -05 जून को आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम में दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देशों का अपने स्तर से अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

## खबरें खास-खास

### भावी प्रत्याशी विवेक शर्मा ने खुसरूपुर व बैकटपुर में किया जनसंपर्क, शिक्षकों का मिला भरपूर समर्थन

**खुसरूपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भावी प्रत्याशी विवेक शर्मा ने अपने सघन जनसंपर्क अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खुसरूपुर एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय, बैकटपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दोनों विद्यालयों के सम्मानित शिक्षकों और कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विवेक शर्मा ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं, शैक्षणिक व्यवस्था और उनकी लंबित मांगों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय है, लेकिन वर्तमान समय में वे कई प्रशासनिक और सेवा संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। विवेक शर्मा ने शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि यदि उन्हें शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलता है, तो वे शिक्षकों के वेतनमान, पदोन्नति, सेवा शर्तो में सुधार और उनके मान-सम्मान की रक्षा के लिए उच्च सदन में पूरी मजबूती से आवाज उठाएंगे। शिक्षकों ने भी इस संवाद के दौरान अपनी अपेक्षाओं को साझा किया और विवेक शर्मा के विचारों एवं प्राथमिकताओं की सराहना की। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भावी प्रत्याशी विवेक शर्मा ।

### बैकुंठनाथ धाम बैकठपुर में ओपी की आधिकारिक घोषणा की गई, अधिकारियों की हुई तैनाती

**खुसरूपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिला प्रशासन और गृह विभाग की समीक्षा के बाद प्रखंड के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक श्रीगौरिशंकर बैकुंठनाथ धाम (बैकठपुर) में नए पुलिस आउट पोस्ट (ओपी) की स्थापना की आधिकारिक घोषणा की गई है। धार्मिक ष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण इस स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और क्षेत्र की सुरक्षा आवश्यकताओं को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। नवनिर्मित बैकठपुर ओपी के सुचारू संचालन के लिए खुसरूपुर थाना में पूर्व से तैनात पुलिस पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार, पुलिस अवर निरीक्षक (पुअनि) शिवजी प्रसाद यादव, सहायक अवर निरीक्षक (सअनि) हीरा लाल एवं सअनि नौशाद आलम को नवगठित ओपी में पदस्थापित कर दिया गया है।

मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ 2 संजीव कुमार ने बताया कि मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस ओपी के सटीक क्षेत्राधिकार का निर्धारण वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार जल्द ही कर दिया जाएगा। बैकठपुर धाम में ओपी बनने से श्रद्धालुओं की सुरक्षा पुख्ता होगी और स्थानीय स्तर पर अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी।

### कानू विकाश संघ की राज्य स्तरीय बैठक संपन्न

**खुसरूपुर (दैनिक नवसंदेश)।** अजय कानू की अध्यक्षता में कानू विकाश संघ की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में संघ ने सरकार से कहा कि बिहार में हमारी जाति आर्थिक सामाजिक और राजनीति रूप से बहुत ही पिछड़ा हुआ है । अजय कानू ने कहा कि जिसकी जितनी संख्या भरी उतनी उनकी हिस्सेदारी की भी बात को रखा ओर चुकी समाज बहुत ही निचले पायदान पर है । इसलिए कानू समाज को सरकार का दर्जा दे क्योंकि समाज की ये दशकों पुरानी मांग है।बैठक का सम्बोधन तनोज कुमार जी एडवोकेट प्रियंका कुमारी विजय कुमार रामजन्म कानू रामटहल बाबू ष्ण जी एवं बिहार राज्य के उद्यमी एवं व्यवसाय आयोग के सदस्य गणेश कानू के साथ ही समाज के अनेक बुद्धिजीवी लोग ने भी किया।





अजय कानू की अध्यक्षता में कानू विकाश संघ की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय बैठक का आयोजन।

### बख्तियारपुर-पटना हाईवे पर सड़क हादसा, कांवड़िया की मौत, एक घायल

**खुसरूपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बख्तियारपुर-पटना हाईवे पर खुसरूपुर और फतुहा थाना क्षेत्र की बॉर्डर लाइन स्थित पंगघत होटल के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक कांवड़िया की मौत हो गई, जबकि एक अन्य कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा कांवड़ियों से भरी बस की एक क्रेन से टक्कर के बाद हुआ। मृतक की पहचान 28 वर्षीय शिवपूजन राय के रूप में हुई है, जो छपरा जिले के ग्यासपुर, तेहटी रसुलपुर का रहने वाला था। वहीं घायल कांवड़िया 60 वर्षीय राजदेव सिंह, छपरा जिले के अमनौर थाना क्षेत्र के कासिमपुर गांव का निवासी बताया गया है। जानकारी के अनुसार, करीब 30 कांवड़ियों का एक समूह बस से बाबा धाम गया था। सभी लोग राजगीर होते हुए अपने गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पंगघत होटल के पास बस की क्रेन से टक्कर हो गई। दुर्घटना में शिवपूजन राय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजदेव सिंह घायल हो गए।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल कांवड़िया को इलाज के लिए पटना भेजा गया। इधर, घटना से आक्रोशित कांवड़िया मंडली के सदस्यों ने बस को हाईवे पर खड़ा कर दिया, जिससे बख्तियारपुर-पटना मार्ग पर यातायात बाधित हो गया।

सूचना मिलते ही खुसरूपुर थानेदार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और करीब दो घंटे बाद हाईवे पर आवागमन सामान्य कराया गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस ने मुजफ्फरपुर में नई शाखा खोलकर बिहार में मौजूदगी बढ़ाई

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एबीएचएफएल) ने बिहार में अपनी मौजूदगी बढ़ाते हुए मुजफ्फरपुर में नई शाखा शुरू की है। यह विस्तार देशभर में अपना शाखा नेटवर्क बढ़ाने की कंपनी की बड़ी योजना का हिस्सा है। मुजफ्फरपुर शाखा शुरू होने के साथ बिहार में एबीएचएफएल की कुल शाखाओं की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। कंपनी के मुताबिक, इस विस्तार से राज्य के तेजी से बढ़ते बाजारों में उसकी पहुंच मजबूत होगी और ग्राहकों के लिए होम लोन समेत अन्य आवास वित्त सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। मुजफ्फरपुर उत्तर बिहार के प्रमुख कारोबारी और आर्थिक केंद्रों में से एक है। यहां कृषि व्यापार के साथ-साथ कारोबारी गतिविधियां और शहरी बुनियादी ढांचा भी तेजी से बढ़ रहा है। शहर की सही लोकेशन और आसपास के जिलों से अच्छी कनेक्टिविटी के चलते घर और फाइनेंस से जुड़ी सेवाओं की मांग भी बढ़ी है। मुजफ्फरपुर में वेतनभोगी लोगों, कारोबारियों, उद्यमियों और स्वरोजगार से जुड़े पेशेवरों का बड़ा ग्राहक वर्ग है। ऐसे में शहर में हाउसिंग फाइनेंस के क्षेत्र में कारोबार की अच्छी संभावनाएं हैं। नई शाखा के जरिए एबीएचएफएल का लक्ष्य ग्राहकों को उनकी जरूरत के मुताबिक हाउसिंग फाइनेंस समाधान आसानी से उपलब्ध कराना और अपना घर खरीदने के उनके सपने को पूरा करने में मदद करना है। एबीएचएफएल अलग-अलग तरह के ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हाउसिंग फाइनेंस से जुड़े कई समाधान देता है। इनमें किफायती गृह ऋण, प्रीमियम गृह ऋण, निर्माण वित्त और संपत्ति के बदले ऋण जैसी सुविधाएं शामिल हैं। कंपनी की सेवाएं वेतनभोगी लोगों, खुद का काम करने वाले पेशेवरों, छोटे व्यापारियों और नई आय वर्ग वाले ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। मजबूत डिजिटल क्षमताओं के साथ एबीएचएफएल ऋण आवेदन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाता है, जिससे ग्राहकों को तेज मंजूरी और बेहतर सेवा अनुभव मिलता है।